आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* वीर सीताराम कंवर बलिदान दिवस

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 267 | उज्जैन, शुक्रवार 09 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

2026 का साहित्य नोबेल कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को

स्टॉकहोम। कनाडा की लेखिका और कवयित्री ऐन कार्सन को 2026 का साहित्य नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने उन्हें ऐसी रचनाओं के लिए सम्मानित किया है, जिनमें उन्होंने पुराने यूनानी-रोमन साहित्य को आज की जिंदगी, प्यार, रिश्तों और दुख से जोड़ा। नोबेल समिति ने कहा कि कार्सन की खासियत यह है कि वह पुरानी कहानियों को सिर्फ दोबारा नहीं लिखतीं, बल्कि उनमें अपनी कल्पना और आज की जिंदगी की भावनाएं जोड़ देती हैं।

पदक विजेताओं से 15 अक्टूबर को मिलेंगे मोदी

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक, यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। आइची-नागोया में आयोजित एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 85 पदक अपने नाम किए। इनमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। एशियन गेम्स 2026 में भारत कुल 85 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

मुझे नोबेल नहीं दिया तो कमेटी की बदनामी होगी: ट्रम्प

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार पर अपनी दावेदारी जताई। 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार, 9 अक्टूबर को होनी है। इससे एक दिन पहले ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यह पुरस्कार मिलना चाहिए। अगर नोबेल समिति उन्हें यह पुरस्कार नहीं देती है, तो इससे नोबेल समिति की बहुत बदनामी होगी। ट्रम्प ने कहा, मैं अपनी तारीफ नहीं कर रहा हूं, सिर्फ तथ्य बता रहा हूं। मैंने 8 युद्ध रुकवाए और दुनिया को तबाह होने से रोका। शायद किसी भी राष्ट्रपति ने इतने युद्ध नहीं सुलझाए।

नाना पाटेकर को मोदी की श्रद्धांजलि



6 फिल्मों- तिरंगा, परिंदा, प्रहार, क्रांतिवीर, खामोशी, अंकुश का जिक्र, इनमें से 2 को नेशनल अवॉर्ड

मुंबई। नाना पाटेकर का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा में कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों ने नाना को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाना पाटेकर को कहा कि वे बेहतरीन कलाकार थे। उन्होंने अलग-अलग किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। मोदी ने अपने बयान में नाना की फिल्मों के नामों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, नाना पाटेकर का जीवन तिरंगे की आन-बान और शान की तरह रहा। वो बंधनों में नहीं रहे, परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। पीएम मोदी ने अपने बयान में नाना पाटेकर की 6 फिल्मों तिरंगा, परिंदा, प्रहार, क्रांतिवीर, खामोशी और अंकुश का जिक्र किया। इनमें परिंदा और क्रांतिवीर के लिए नाना पाटेकर को नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला था। बॉलीवुड, राजनीति, खेल और साहित्य जगत की कई हस्तियों ने भी पाटेकर को श्रद्धांजलि दी है। अक्षय कुमार, विराट कोहली, रवीना टंडन, रजनीकांत, परेश रावल, मनोज बाजपेयी, कंगना रनौत और सुनील शेट्टी समेत कई सितारों ने उनके निधन पर दुख जताया है।

नैनो न्यूज

- **सऊदी :** एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, 3 की मौत, ड्रोन-मिसाइल हमले में 36 घायल, जवाब में यमन के 80 ठिकानों पर सऊदी की एयरस्ट्राइक।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 1,045 अंक गिरकर 71,593 पर बंद: लगातार 9वें हफ्ते गिरावट जारी, कच्चा तेल महंगा होने का असर, मेटल-ऑटो शेयरों में बिकवाली।
- **इटली :** चुनाव जीतने पर एक्स्ट्रा सीटें मिलने पर विवाद, आज संसद में वोटिंग, मेलोनी बोलीं- कानून पास नहीं हुआ तो इस्तीफा दे दूंगी।
- **तेहरान :** ईरान ने अमेरिका को पीछे हटने पर मजबूर किया, हमलों के डर से ब्रिटेन से 12 बमवर्षक हटे, अमेरिकी सैनिक होटलों में रहने को मजबूर।
- **मुंबई :** यूपीआई पर चार्ज अगले साल तक टल सकता है, दावा- फेस्टिव सीजन में यूपीआई पेमेंट फ्री रहेगा, 15 अक्टूबर से लागू होना था 0.4% चार्ज का नियम।

मोहन सरकार में लगातार भ्रष्टाचार

पीडब्ल्यूडी में उच्च पदों की पदस्थापना पर सवाल, नियमों की अनदेखी के आरोप


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग के भवन एवं पथ संभाग में उच्च पदों पर पदस्थापना को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभागीय नियमों के तहत जिन अधिकारियों को उच्च पद का प्रभार दिया जाना चाहिए, उन्हें दरकिनार कर ऐसे अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिनके विरुद्ध विभागीय जांच अथवा लोकायुक्त/ईओडब्ल्यू से संबंधित प्रकरण लंबित होने की बात सामने आई है।

शिकायत के अनुसार कार्यपालन यंत्री पद की योग्यता रखने वाले नियमित अधिकारियों में जतिन चुड़ावत, सूरज झारिया और अरमेंद्र सिंह शामिल हैं। आरोप है कि इन अधिकारियों में से योग्य एवं नियमित अधिकारियों को प्रभारी कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग उज्जैन का प्रभार नहीं दिया गया, जबकि अन्य अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। शिकायतकर्ता ने इस पूरी प्रक्रिया की शासन स्तर पर जांच की मांग की है।

मामले में 17 जुलाई 2025 के उच्च पद का प्रभार दिए जाने संबंधी विभागीय निर्देश का भी हवाला दिया गया है। इन निर्देशों में कहा गया है कि रिक्त पद पर चालू प्रभार देते समय यह देखा जाना चाहिए कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच, लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, सीटी अथवा किसी अन्य सतर्कता संस्था से संबंधित कार्रवाई या गंभीर वित्तीय अनियमितता की जांच लंबित तो नहीं है। शिकायत में आरोप है कि उज्जैन में इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

न्यायालय में दिए जवाब को लेकर भी उठे सवाल- शिकायत में जबलपुर स्थित उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि प्रभारी कार्यपालन यंत्री की पदस्थापना को लेकर न्यायालय ने विभाग के प्रमुख सचिव एवं प्रमुख अभियंता को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शपथपत्र के साथ स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि न्यायालय के समक्ष विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई कि दोषी प्रभारी अधिकारियों को हटा दिया गया है, जबकि बाद की पदस्थापनाओं को लेकर इस दावे पर सवाल उठ रहे हैं।





शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 31 जुलाई 2026 को पदोन्नति के दौरान याचिकाकर्ता से कनिष्ठ कर्मचारियों को लाभ दिया गया तथा बाद में पदोन्नत अधिकारियों में ऐसे अधिकारियों को भी पदस्थ किया गया, जिनके संबंध में शिकायतकर्ता ने आपत्तियां उठाई हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि किया जाना आवश्यक है।

वरिष्ठ अधिकारियों की पदस्थापना पर भी सवाल

- शिकायत में उज्जैन लोक निर्माण विभाग में संभागीय अधीक्षण यंत्री के पद पर पदस्थ गणेश पटेल को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि उनके विरुद्ध विभागीय एवं भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों से संबंधित कई जांच/प्रकरण लंबित हैं। इसके बावजूद उन्हें महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ किए जाने पर सवाल उठाया गया है।
- इसी प्रकार भवन एवं पथ संभाग में कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ अजय यादव को लेकर भी शिकायत में विभागीय जांच तथा लोकायुक्त/ईओडब्ल्यू से संबंधित प्रकरण लंबित होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वास्तव में ऐसी जांच अथवा कार्रवाई लंबित है, तो उच्च पद का प्रभार देने से पहले विभागीय निर्देशों के अनुरूप उनकी पात्रता की जांच क्यों नहीं की गई।

शासन से दस्तावेजों की जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने शासन से मांग की है कि उज्जैन पीडब्ल्यूडी में पिछले कुछ समय में हुई उच्च पदों की पदस्थापनाओं, पदोन्नति, प्रभारी नियुक्तियों तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लंबित विभागीय/लोकायुक्त/ईओडब्ल्यू प्रकरणों की स्थिति की स्वतंत्र जांच कराई जाए।
साथ ही यह भी जांच का विषय बनाने की मांग की गई है कि 17 जुलाई 2025 के विभागीय निर्देशों के बावजूद किन परिस्थितियों में संबंधित अधिकारियों को उच्च पदों का प्रभार दिया गया और पदस्थापना करने वाले अधिकारियों के समक्ष संबंधित जांचों एवं प्रकरणों की जानकारी थी या नहीं।
शिकायतकर्ता ने मुख्य अभियंता कार्यालय में अटैच कार्यपालन यंत्री को उज्जैन संभाग में पदस्थ करने तथा नियमों के अनुसार योग्य नियमित अधिकारियों को प्राथमिकता देने की भी मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि संबंधित विभागीय आदेश, न्यायालयीन रिकॉर्ड, लोकायुक्त/ईओडब्ल्यू के प्रकरण दस्तावेज और पदस्थापना आदेशों से किया जाना आवश्यक है। विभाग एवं संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही आरोपों की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

17 हजार फीट की ऊंचाई पर विमान पर गिरी बिजली

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

पटना से लखनऊ जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट गुरुवार को खराब मौसम के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई. घटना के समय विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। बिजली गिरने के कारण विमान के आगे के हिस्से में नुकसान पहुंचा, लेकिन पायलट ने स्थिति को संभालते हुए फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग कराई। इंडिगो की फ्लाइट 6ए-925 पटना से लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। लखनऊ के आसपास पहुंचने के दौरान मौसम खराब था।

सुपर-डुपर अल नीनो से बाढ़-सूखा और बीमारियों का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया इस समय बेहद ताकतवर अल नीनो का सामना कर रही है। प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समुद्र का तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री ज्यादा हो गया है। मौसम विशेषज्ञ इसे सुपर-डुपर अल नीनो कह रहे हैं। इससे दुनिया के कई हिस्सों में ज्यादा गर्मी, सूखा या भारी बारिश हो सकती है। शिकागो यूनिवर्सिटी के क्लाइमेट इम्पैक्ट लैब के शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस अल नीनो से जून 2026 से फरवरी 2027 के बीच दुनियाभर में करीब 4.51 लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं।

बेंगलुरु में सीजेपी के प्रदर्शन में ध्रुव राठी, प्रकाश राज शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में गुरुवार को कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन हुआ। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके, यूट्यूबर ध्रुव राठी और एक्टर प्रकाश राज एसआईआर रद्द करने और सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। दीपके ने प्रदर्शनकारियों से नरेंद्र मोदी वोट चोर और एसआईआर रद्द करो के नारे लगवाकर अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा- पीएम मोदी ने वोट चोरी करके चुनाव जीता।

तानाशाह सरकार और भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ बड़नगर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

किसानों और जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ दिल्ली में हुए बर्बरतापूर्ण दुर्व्यवहार, लाठीचार्ज और गंभीर रूप से घायल किए जाने की घटना के विरोध में गुरुवार को बड़नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा 'काला दिवस' मनाया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अपने माथे पर काली पट्टी बांधकर केंद्र और राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

विरोध प्रदर्शन के उपरांत पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़नगर विधानसभा क्षेत्र की गंभीर समस्याओं और क्षेत्र को 'सूखाग्रस्त' घोषित कराने की प्रमुख मांग को लेकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि जल्द से जल्द किसानों और आम जनता की इन 13 सूत्रीय ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, डॉ नरेंद्र सिंह राठौर, रामलाल माली, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करण मोरवाल, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, भरत चौधरी, अखलाक शेक, उमाशंकर मेहता, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पटेल, मांगू सिंह राठौर, शरीफ शाह, राधेश्याम यादव, रामेश्वर बैरागी, हीरालाल चौधरी, गोविंद सरवटे, प्रकाश माली, राजकुमार नाहर, नारायण सिंह राठौर, विक्रम जाट, ज्ञापन वाचन अजा विभाग कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र परमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा ने किया, उक्त जानकारी पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने दी।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर के विरोध में विपक्ष ने दिल्ली में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया। राहुल-प्रियंका गांधी और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने पहले कनॉट प्लेस में लंच किया, फिर बसों से राजघाट पहुंचे।

प्रदर्शन को देखते हुए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद उन्हें अंदर जाने दिया। यहां सांसदों ने बापू को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले खड़गे ने कहा था कि वे गांधीजी से



प्रार्थना करेंगे कि सरकार को सद्बुद्धि दे। वह लोगों का वोट देने का अधिकार न छीने। दिल्ली में पिछले दो दिनों से धरने का एक ही पैटर्न दिखा। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे विपक्षी सांसदों को लंच पर बुलाते हैं, सांसद खाना खाते हैं, फिर बसों में बैठकर निकल जाते हैं। फर्क इतना है कि बुधवार को मंजिल जंतर-मंतर थी और गुरुवार को राजघाट।

योजना की 50 लाख दस्तावेज देने के बाद नि:शुल्क रजिस्ट्री में फंसा विक्रयकर्ता का पेंच

स्वामित्व योजना का प्रहार, राजस्व विभाग में रार

तहसीलदार संघ भी पीछे हटा
सरकार ने कई जिलों में पटवारियों को नौकरी से किया बेदखल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सरकार की स्वामित्व योजना में प्रदेश में 50 लाख नि:शुल्क रजिस्ट्री में विक्रयकर्ता का पेंच बराबर फंसा हुआ है। सरकार की योजना के प्रहार से राजस्व विभाग में रार की स्थिति निर्मित हो गई है। तहसीलदार संघ भी इस मामले में अपने आप को अलग कर चुका है। इसके विपरीत सरकार की योजना को अमल में लाने के लिए प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टरों ने पटवारियों को नौकरी से बेदखल कर दिया है। राजस्व विभाग में इस मामले में दिन बीतने के साथ रार बढ़ती जा रही है।

प्रदेश के 50 लाख आवासीय भूखंडों की नि:शुल्क रजिस्ट्री को लेकर शासन-पटवारियों में विवाद गहरा गया है। अभियान के 17 दिन बाद भी पटवारी रजिस्ट्री में विक्रेता बनने को तैयार नहीं है। योजना के अमल के लिए कलेक्टरों को फ्री हैंड मिलने की स्थिति में अब कार्रवाई का दौर शुरू हो चुका है। इसके चलते जिलों में कलेक्टर राजस्व अमले की नींव पर ही वार करने पर आमादा हो गए हैं। क्षेत्रीय स्तर पर रतलाम, देवास में कई पटवारियों को नौकरी से बेदखल कर दिया गया है। उज्जैन में करीब दो दर्जन को नोटिस दिया गया है। इधर पटवारी संघ ने भी इस कार्रवाई के विरोध में सामान्य कामकाज बंद कर कलेक्टरों को निशाने पर लेकर आंदोलन शुरू कर दिए हैं।

पटवारी राजस्व की नींव- राजस्व विभाग का मूल धरातल कोटवार, पटवारी से शुरू होता है। इसके उपर राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर होता है। यूं कहा जाए की एक जिला राजस्व विभाग का एक घर है तो उसका मुखिया कलेक्टर है। ऐसे में स्वामित्व की योजना को लेकर घर में ही फूट के हालात हो गए हैं।

दस्तावेज दिए फिर रजिस्ट्री अनिवार्य क्यों- इधर सामने आ रहा है कि बैंकों में कर्ज के लिए आवासीय स्थिति में संबंधित भूखंड की रजिस्ट्री होना आवश्यक नहीं है। जानकारो के अनुसार इसके लिए जमीन से संबंधित दस्तावेज पर्याप्त होते हैं, जो स्वामित्व योजना में दिए जा चुके है। कोई बैंक इन दस्तावेजों पर कर्ज नहीं देता तो शासन को बैंकों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए थे। न कि रजिस्ट्री के लिए इस प्रक्रिया में पटवारियों को उक्त भूखंडों का विक्रेता बनाया गया, क्योंकि रजिस्ट्री की प्रक्रिया क्रेता व विक्रेता के बीच संपन्न होती है।



68 लाख लोगों को दिए जा चुके हैं दस्तावेज- जिन दस्तावेजों की निः शुल्क रजिस्ट्री की जा रही है, वे दस्तावेज स्वामित्व योजना के तहत 2021 से अब तक 68 लाख लोगों को दिए जा चुके हैं। इनमें नक्शा, खसरा, खतौनी और बही की प्रति शामिल है।

17 अक्टूबर का लक्ष्य है

68 लाख में से 50 लाख दस्तावेजों की रजिस्ट्री करने का लक्ष्य तय है। 17 अक्टूबर तक यह लक्ष्य पूरा करना है, इसलिए रजिस्ट्री के अधिकार तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पंचायत समन्वयक व अन्य को दिए गए। इस प्रक्रिया में पटवारियों को उक्त भूखंडों का विक्रेता बनाया गया, क्योंकि रजिस्ट्री की प्रक्रिया क्रेता व विक्रेता के बीच संपन्न होती है।

पटवारियों ने मना किया तो बेदखली

पटवारियों ने कहा-अक्सर जमीनी मामलों में पारिवारिक या अन्य विवाद सामने आते हैं। 50 लाख प्रकरणों में ऐसे विवाद आना स्वाभाविक है। ऐसे मामलों में पीड़ित पक्ष पटवारी को भी विक्रेता के रूप में पक्षकार बना सकता है, जिससे वे अनावश्यक न्यायालयीन मामलों में उलझेंगे।

ये उठ रहे सवाल

निःशुल्क रजिस्ट्री शुरू करने से पहले राजस्व विभाग ने आगर मालवा, हरवा, बड़वानी, अशोकनगर और रायसेन में पायलट प्रोजेक्ट चलाया था। इसी दौरान पटवारियों की आपत्तियां सामने आ गई थीं। संबंधित हितग्राही के नाम पर भूखंड के जमीनी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए थे तो रजिस्ट्री की जरूरत क्यों थी? लोन लेने के लिए कोई बैंक रजिस्ट्री की प्रति मांग रहे थे या लोन देने से इंकार कर रहे थे तो शासन से सार्वजनिक आदेश जारी क्यों नहीं कराया गया?

तहसीलदार संघ स्वामित्व योजन से विरत हुआ

इस पूरे मामले में तहसीलदार संघ ने मंगलवार को प्रमुख सचिव राजस्व को एक ज्ञापन सौंपकर अपने आप को स्वामित्व योजना से विरत कर लिया है। उन्हें रजिस्ट्री करने के लिए अधिकार दिए गए थे। ऐसे में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तहसीलदार नवीन चंद्र कुंभकार के अनुसार ज्ञापन सौंपकर संघ सदस्यों ने अपने आप को रजिस्ट्री के कार्यों से विरत कर लिया है।

देवास में 3 पटवारी बेदखल

स्वामित्व योजना में शून्य प्रगति और अनुशासनहीनता पर एक्शन लेते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने 3 परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की हैं। शासकीय कार्य में लापरवाही और आदेशों की अवहेलना पर पटवारी नितिन विश्वकर्मा, अजय नागर और विशाल टईया को सेवा से पृथक किया गया है। कलेक्टर द्वारा सोनकच्छ तहसील के हल्का घिचलाय में पदस्थ पटवारी नितिन विश्वकर्मा, देवास ग्रामीण तहसील के हल्का क्रमांक 103 में पदस्थ पटवारी अजय नागर तथा तहसील टोंकखुर्द में पदस्थ पटवारी विशाल टईया को एक माह का अग्रिम वेतन देकर सेवा से पृथक करने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।संबंधित पटवारियों को फरवरी 2024 में तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर पटवारी पद पर पदस्थ किया गया था।

रतलाम में 4 बेदखल

स्वामित्व योजना की प्रगति एवं परिवीक्षा अवधि के समग्र कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर रतलाम ग्रामीण में 4 पटवारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी अजय कटेसरिया ने रतलाम ग्रामीण तहसील में पदस्थ चार परिवीक्षाधीन पटवारियों अंकित गुप्ता, शैलेन्द्र प्रताप राठौड़, सौरभ पुरोहित एवं यशवर्धन शर्मा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय परिवीक्षा अवधि के दौरान उनके कार्य निष्पादन, निर्धारित दायित्वों के निर्वहन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन के समग्र मूल्यांकन के आधार पर लिया गया है।

उज्जैन में 21 को नोटिस

स्वामित्व योजना की प्रगति एवं परिवीक्षा अवधि के समग्र कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर उज्जैन जिले के तराना एवं माकड़ौन तहसील अंतर्गत 21 परीविक्षाधीन पटवारियों को नोटिस दिए गए हैं। तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा ने पटवारियों को नोटिस देकर जवाब मांगे थे। इन पर कार्रवाई की स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

ये बस किसके 'बस' में

अब सरकारी स्तर पर भी बसों के अन्यानेक बस करने वाले हैं। यात्री ही नहीं दिग्गजों को ये समझने में दिक्कत हो रही है कि कौन सी बस किसके 'बस' में है। नगर की संस्था ने भी बस चलाई और ठेके पर भी चलाई और खुद के दम खम पर भी चलाई। जिसका मामला अभी भी द्वंद में है। थोड़ी बहुत नहीं करीब करीब 5 दर्जन से अधिक बसें आई और बाद में वे सड़कों से ऐसे गायब हुई जैसे गधे के सिर से सिंग गायब होते हैं। उनके अवशेष ही कुछ सालों में गायब हो गए। एक समय सरकारी कही जाने वाली बस भी ऐसे ही सड़कों से गायब हो गई थी और बाद में उसके अवशेष भी नहीं रहे। यही हालत नगर की संस्था की ट्रांसपोर्ट कंपनी की रही। हाल यह रहा कि किसी समय में सरकारी 'बस' में संभागीय अधिकारी को नगर की संस्था अपनी कंपनी में जीएम बनाकर लाई थी। मोटे वेतन पर उन्हें लाया गया लेकिन हाल यह रहे कि थैले की कमाई की बजाय बसें ही गवांई के हाल रहे। यानिकी बस पर किसी का बस नहीं चल पाया। एक बार फिर से सरकारी व्यवस्था में बसें सड़कों पर लाई गई हैं। प्रारंभिक कुछ दिनों में जो स्थिति बन रही है और जैसे हालात में बसें सडकों पर आई है उससे साफ होने लगा है कि इन पर किसका बस है यह साफ नहीं है। कभी इन्हें स्मार्ट के 'बस' की बात कही गई। कभी निकायों के 'बस' में देने की। कभी प्राधिकरणों के बस में देने की। ये तो बस को 'बस' में रखने वाले ही साफ कर सकते हैं कि आखिर ये किसके 'बस' में रहेंगी। खुसूर-फुसूर है कि इनका नाम तो सुगम दिया गया है लेकिन अपने प्रारंभिक दौर में ही ये यात्रओं को दुर्गम बना कर यात्रियों को 'बस' बेबस कर रही है। इन बसों के अभी से टायर फट रहे हैं। धर्मनगरी दर्शन के लिए भी 10 बस चलाई गई हैं। वे भी किसके 'बस' में चलेंगी यह साफ नहीं है। जानने वाले जानने के लिए मशक्कत करते रहे लेकिन ये मालूम करना मुश्किल हो रहा था कि आखिर ये किसके 'बस' में हैं।

नैनो न्यूज

- **अग्रसेन जयंती** पर विंटेज कार में सवार होकर निकले महाराजा अग्रसेन, अग्रवाल जेसिस ने निकाली भव्य वाहन रैली, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा
- **डिजिटल बिहेवियरल** टेस्ट से परखी 2223 नवप्रवेशित विद्यार्थियों की क्षमता, पीएम एक्सीलेंस माधव कॉलेज का नवाचार, क्षमता के आधार पर तीन श्रेणियों में बंटेंगे छात्र
- **चल समारोह** के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन, पितरों के मोक्ष के लिए आयोजित सात दिवसीय आयोजन में मिला सद्गुरु मुनिशरण दास का सानिध्य
- **नटसम्राट** नाना पाटेकर को दी श्रद्धांजलि, मिलिंद पन्हाळकर ने याद की बीएसएफ रेवती रेंज की मुलाकात, ऑटोग्राफ लेने की चाह रह गई अधूरी
- **जातिगत जनगणना** में पिछड़ा वर्ग का कॉलम शामिल करने की मांग, कांग्रेस कार्यकर्ता आज निकालेंगे पैदल मार्च सौंपेंगे ज्ञापन
- **स्व. चुन्नी पहलवान** और कमल पहलवान की स्मृति में 10 अक्टूबर को होगी जिला स्तरीय पंजा कुश्ती, चैंपियन ऑफ चैंपियंस को मिलेगा नकद पुरस्कार महिला व पुरुष खिलाड़ी दिखाएंगे ताकत
- **लोकतंत्र की हत्यारी है** भाजपा सरकार, मुख्य चुनाव आयुक्त दें इस्तीफा, दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से दुर्व्यवहार के विरोध में उज्जैन में धरना, प्रधानमंत्री मोदी व ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला

ट्रेंडिंग



देशभर से सैंकड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे, शिप्रा में स्नान कर घाट पर करेंगे पितृकर्म

आज चतुर्दशी पर सिद्धवट और गयाकोठा तीर्थ पर होगा दूध अर्पित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी को लेकर श्री सिद्धवट ओर गयाकोठा तीर्थ पर दूध अर्पित करने के लिए श्रद्धालु की लंबी कतार लगेगी। पूर्वजों की आत्मशांति के लिए लोग तर्पण और श्राद्ध कर्म करेंगे। रामघाट क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भीड़ पूर्वजों के निमित्त तर्पण-पूजन के लिए रहेगी। इस वजह से आज इन सभी जगह पर लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ेगी।

सिद्धवट पर भगवान को दूध अर्पित करने के लिए उमड़ेगी भीड़- आज चतुर्दशी पर सिद्धवट पर दूध अर्पित करने से पितृ प्रसन्न होते हैं। इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु चतुर्दशी पर सिद्धवट पर दूध अर्पित करते हैं। आज चतुर्दशी पर देशभर से सैंकड़ों श्रद्धालु सिद्धवट पहुंचेंगे। सिद्धवट पर भी भगवान सिद्धवट को दूध अर्पित करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लोगों की लाइन रहेगी। सिद्धवट मंदिर के पुजारी पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी पर प्रातः 4 बजे से भगवान



सिद्धवट मंदिर के पट खुलेंगे। सर्वप्रथम सिद्धवट मंदिर की समस्त पुजारी मंडली सुधीर चतुर्वेदी, सुरेंद्र चतुर्वेदी, जितेंद्र पुजारी, ओम प्रकाश चतुर्वेदी, शिवम पुजारी, दिनेश पुजारी, राघवेंद्र चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी द्वारा समस्त भक्तों के पूर्वजों की आत्म शांति व जनकल्याण एवं सृष्टि कल्याण के लिए



भगवान सिद्धवट का पूजन अर्चन करने के पश्चात दूध अर्पित कर भगवान सिद्धवट का दुग्धाभिषेक संपन्न किया जाएगा। पंडित चतुर्वेदी ने बताया कि ऐसे श्रद्धालु जिन्हें अपने पूर्वजों की तिथि ज्ञात न हो वह सर्वपितृ अमावस्या पर अपने पूर्वजों की आत्म शांति हेतु श्राद्ध व तर्पण करेंगे।

आज शिप्रा के घाटों पर होगा पिंडदान व तर्पण

आज श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर शिप्रा नदी के सभी घाट पर श्राद्ध कर्म करने का महत्व है। इसको लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। अधिकांश श्रद्धालु रामघाट क्षेत्र में पहुंचकर शिप्रा में स्नान के पश्चात पूजन-अर्चन करेंगे। चतुर्दशी को अपने पूर्वजों के मोक्ष के लिए पिंडदान व तर्पण किया जाता है। पर्व को देखते हुए सभी घाटों पर पुलिस बल, होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।

अंकपात स्थित गयाकोठा का महत्व बिहार के गया के समान

आज शुक्रवार को श्राद्ध पक्ष चतुर्दशी तिथि होने से धार्मिक नगरी में देशभर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। अंकपात स्थित गयाकोठा का महत्व बिहार के गया के समान माना गया है। यहां पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। सप्त ऋषि मंदिर में दूध अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिनभर लगी रहेगी। इसके साथ ही यहां पर हजारों लोग पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण, श्राद्धकर्म भी करेंगे।

बाहर से चकाचक, अंदर हाल-बेहाल

रेलवे स्टेशन पर ज्यादातर टिकट काउंटर बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तीर्थनगरी धीरे धीरे पर्यटन नगरी मे परिवर्तित हो रही है और बाहर से आने वाले यात्रियों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। किसी जमाने मे छोटा सा रेलवे स्टेशन था उज्जैन और बहुत कम यात्री ही स्टेशन पर नजर आते थे। वक्त ने करवट ली और शहर ने पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली जिससे रेलवे स्टेशन पूरे समय यात्रियों से गुलजार नजर आता है। विडंबना ही कही जा सकती है कि रेलवे को तीर्थनगरी से राजस्व में तो अच्छा इजाफा हो रहा है बावजूद इसके यात्रियों की सुविधाओं में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा।

महाकालेश्वर व अन्य मंदिरों के दर्शन हेतु वर्षभर ही देश विदेश के हजारों और पर्व के दौरान लाखों श्रद्धालु विभिन्न ट्रेनों से उज्जैन पहुंचते हैं और वापस गंतव्य की ओर रवाना होते हैं। इस दौरान स्टेशन के अंदर चंद ही टिकट काउंटर कार्यशील होते हैं बाकी कई काउंटर पर तख्ती लगी मिलती है खिड़की बंद है। आश्चर्य का विषय है कि मुख्य स्टेशन वाली साइड लगभग सात से आठ सामान्य टिकट के काउंटर हैं पर सिर्फ दो या तीन ही चालू रहते हैं। ऐसे मे इन काउंटर पर लंबी कतार लगी होती है और भीड़ के कारण कुछ यात्रियों की प्रतिदिन ट्रेन छूट रही हैं क्योंकि वे टिकट हो नहीं खरीद पा रहे हैं।



फ्रीगंज साइड सिर्फ एक काउंटर


रेल्वे प्लेटफार्म नं आठ की तरफ यानी नए क्षेत्र फ्रीगंज साइड की स्थिति तो और अधिक खराब है। फ्रीगंज और आसपास ढेर सारी कालोनियों का विकास व विस्तार होने से स्टेशन के इस ओर यात्रियों का भारी दबाव होता है पर स्टेशन के अंदर यहां सिर्फ एक ही टिकट काउंटर चालू है। ऐसे में निर्धारित समय पर टिकट न खरीद पाने से प्रतिदिन कई यात्री यात्रा से वंचित हो रहे हैं।

आटोमेटिक पेयजल मशीन भी बंद- रेलवे स्टेशन को सुन्दर रूप तो दिया जा रहा है पर सुविधाओं को देखें तो नतीजा सिफर ही दिखता है। एक नंबर प्लेटफार्म पर यात्रियों को ठंडा पेयजल मुहैया कराने के लिए आटोमेटिक जल वैंडिंग मशीन लगाई गई जो प्रायः बंद ही रहती है। स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्री बड़ी उम्मीदों के साथ स्टेशन पर पानी की चाह में मशीनों की ओर लपकते हैं किन्तु जब वहां बंद की तख्ती देखते हैं तो उम्मीदों पर पानी फिर जाता है।

आटोमेटिक टिकट वैंडिंग मशीन भी खराब- स्टेशन पर जोरशोर से आटोमेटिक टिकट वैंडिंग मशीन लगाई गई थी और इसका प्रचार भी जोरदार ढंग से किया गया था कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान मे रखकर मशीन सेवा उपलब्ध रहेगी जहां निर्धारित टिकट राशि अदा करने पर टिकट आटोमेटिक आ जाएगा किन्तु यथार्थ में ये सुविधा यात्रियों को मिल ही नहीं पा रही है आए दिन मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से ये बंद ही रहती हैं।

कुत्ते व मवेशियों का जमावड़ा - भोलेनाथ की नगरी में पशु हर स्थान पर आमद देते हैं तो रेलवे स्टेशन कैसे छूट सकता है। गौरतलब है कि स्टेशन पर जगह जगह कैमरे भी लगे हैं फिर भी रेल्वे कर्मचारी इन पशुओं को अनदेखा करते रहते हैं और यात्री प्लेटफार्म पर स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। कई बार भोजन को लेकर कुत्ते लडते भी हैं और क्रुद्ध होकर दौड़ते रहते हैं। अधिकारियों को शीघ्र संज्ञान लेकर यात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराना चाहिए ताकि पर्यटक एक अच्छी याद लेकर लौटें।

एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले अफराज खान का अभिनंदन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवा राष्ट्र की शक्ति के पावर हाउस हैं। उनकी प्रतिभा को सही दिशा और लक्ष्य मिले तो वे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन कर सकते हैं। 58वीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के बॉडीबिल्डर अफराज इर्शाद खान ने स्वर्ण पदक जीतकर उज्जैन सहित देश को गौरवान्वित किया। बैंकॉक में तिरंगा फहराने वाले अफराज खान का स्वस्थ संसार जिम में विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल रहे, जबकि अध्यक्षता बॉडीबिल्डिंग संगठन के अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव ने की। इस अवसर पर अफराज खान को आकर्षक मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जगदीश अग्रवाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत के युवाओं में कला, संस्कृति, खेल, पेंटिंग और नृत्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अद्भुत क्षमता है। युवाओं को अपने लक्ष्य का संधान करने के लिए अभिमन्यु और अर्जुन जैसा पराक्रमी बनना होगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन लगातार विभिन्न खेलों में देश का तिरंगा लहराकर पदक प्राप्त कर रहा है, जो शहर के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के सूत्रधार बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास 'स्वामी मुस्कुराके' रहे।

कलेक्टर आज पहुंचेंगे खरसौदकलां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को खरसौदकलां में कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें कलेक्टर रोशन सिंह क्षेत्र की 31 ग्राम पंचायतों से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायतों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर समस्याओं के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली जाएगी।

कार्यक्रम के लिए शांति नगर में नवनिर्मित वाटिका का चयन किया गया है। यहां कलेक्टर की मौजूदगी में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों, जनसमस्याओं और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों से ग्राम पंचायतवार जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। संबंधित ग्राम पंचायतों से जुड़े विभागीय अधिकारी भी अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी के साथ मौजूद रहेंगे। जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने और उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।

माधव कॉलेज में एआई और एआई फिनटेक कोर्स का इंडक्शन कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज, उज्जैन में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ए आई फिनटेक ऑनलाइन कोर्स का दो दिवसीय इंडक्शन प्कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा आईआईटी दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों ने कोर्स के उद्देश्य, पाठ्यक्रम संरचना, ऑनलाइन कक्षाओं के समय, अध्ययन सामग्री,



असाइनमेंट, प्रोजेक्ट और मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि यह कोर्स छात्रों को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डिजिटल पेमेंट, ब्लॉकचेन, फ्रॉड डिटेक्शन, क्रेडिट स्कोरिंग और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में कौशल विकसित करने में मदद करेगा।

दूसरे दिन छात्रों को ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण, लॉगिन, कक्षाओं में सहभागिता, असाइनमेंट जमा करने और परीक्षा से जुड़ी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने एआई और एआई फिनटेक के व्यावहारिक उपयोग, करियर अवसरों और स्टार्टअप संभावनाओं पर विशेषज्ञों से सवाल-जवाब भी किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि आईआईटी दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ यह पहल छात्रों को राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल शिक्षण और उद्योग-उपयोगी कौशल उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल डॉ. संजीव शर्मा, समन्वयक प्रो. म्यूरियल सिंह, प्रो. धीरज सरोठिया, प्रो पलक शर्मा उपस्थित रहे। छात्रों ने कहा कि इंडक्शन प्रोग्राम से उन्हें कोर्स को लेकर स्पष्टता मिली और वे आत्मविश्वास के साथ ऑनलाइन शिक्षण शुरू करेंगे।

आज के युवा काश्तकार नवप्रवर्तन की ओर रूख कर रहे जिसके मिल रहे परिणाम भी सुखद

केंचुआ खाद : उज्जैन जिले के युवा किसान अपना रहे वर्मीकल्चर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पारंपरिक खेती करनेवाले कृषक बहुत मुश्किल से ही किसी नई तकनीक को अपनाते रहे हैं किन्तु विगत कुछ वर्षो में कृषि क्षेत्र की स्थितियों में परिवर्तन देखने को मिला है। आज के युवा काश्तकार नवप्रवर्तन की ओर रूख कर रहे हैं जिसके परिणाम भी सुखद मिल रहे हैं। जिले के बहुत सी किसान शासन द्वारा स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े हुए हैं और समय समय पर आयोजित प्रशिक्षण के शार्ट टर्म कोर्सेस में रूचि भी ले रहे हैं। नवप्रवर्तन की कृषि तकनीक केंचुआ पालन व केंचुआ खाद, प्राकृतिक तरीके से मिट्टी को उपजाऊ बनाने की सफलतम तकनीक सिद्ध हुई है। केंचुए बहुत तेजी से मिट्टी को खोखली करके सुरंग निर्मित करते हैं जिससे पौधे की जड़ तक पानी आसानी से पहुंचता है और पौधे की वृद्धि अच्छे से होती है। दूसरा केंचुआ गोबर व अपशिष्ट पदार्थों को खाते हुए विष्टा छोड़ते हैं जो पोषक तत्वों से भरपूर होती है।

कुछ विशेष केंचुए उपयोगी- केंचुए की बहुत सी प्रजाति होती हैं किन्तु हरेक प्रजाति मिट्टी को उपजाऊ बनाने मे उपयोगी नहीं होती है। वैज्ञानिक अनुसंधान द्वारा कृषिपयोगी कुछ प्रजाति हैं रेड विगलर (ऐसेनिया फेटिडा), इंडियन ब्लूवार्म (पेरिओनिक्स एक्सकेवेटस) व अफ्रीकन नाइटक्रालर (यूड्रिलस यूगनिआ)। वातावरण के तापमान, मिट्टी की नमी और अनुकूलता के आधार पर केंचुए का चयन करके केंचुआ खाद बनाना या वर्मीकल्चर किया जाता है।

गोबर, सब्जी व फल के छिलके में वर्मीकल्चर- केंचुआ खाद एक प्राकृतिक खाद है जिसमे किसी प्रकार के रसायन नहीं होते। लगातार यूरिया व रासायनिक उर्वरक से खेत की मिट्टी कुछ वर्षो में बंजर हो जाती है। ये पीडा भुगतने के बाद अब जिले के युवा किसानों की रूचि वर्मीकल्चर की ओर हुई है जो धीरे धीरे कृषि उत्पादन भी बढा रही है और मिट्टी की उर्वरा- शक्ति का ह्रास भी नहीं हो रहा है।





मालवा में वर्मीकल्चर : अपार संभावनाए

मालवा की जलवायु शुष्क न होने से यहां वर्मीकल्चर की अपार संभावना निहित है। अफ्रीकन नाइट क्रालर केंचुआ 25 डिग्री सेल्सियस में अच्छे से वृद्धि करता है और बहुत मात्रा में विष्टा उत्सर्जित करता है जो पोषक जैविक खाद है। बहुत सारे मवेशी होने से मैंने वर्मीकल्चर शुरू किया और अब केंचुआ खाद विक्रय कर रहा हूं जो मेरी आमदनी बढ़ाने मे सहायक सिद्ध हुआ है।

पूरालाल आंजना, पशुपालक ग्राम गढ़ा।

केंचुआ खाद के लाभ

- उत्तम जैविक खाद
- मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार
- मिट्टी भुरभुरी होने से पौधे की जड़ तक उचित वायु संचार
- मिट्टी की पानी सोखने की क्षमता मे वृद्धि
- सभी पोषक तत्व जैसे नाइट्रेट, फास्फोरस व पोटेशियम मौजूद
- उत्पादकता वृद्धि 25 से 200% तक।
- पौधे की रोगप्रतिरोधक क्षमता मे इजाफा।

पशुपालन या डेरी फार्म में गोबर का उचित समायोजन करके केंचुआ खाद बनाना बहुत लाभकारी है। हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों मे पशुपालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है। गोबर खाद से ज्यादा लाभकारी है वमीकंपोस्ट।

कैसे बनाएं केंचुआ खाद: केंचुआ खाद बनाना काफी आसान है। खेत में ही एक स्थान पर लगभग सवा से डेढ़ फिट गहराई का एक आयताकार गड्ढा बनाया जाता है। इसके आधार को सीमेंट से प्लास्टर कर देते हैं या पॉलीथिन की शीट भी बिछा सकते हैं। इसमे गोबर की परत छः से 9 इंच मोटाई की बिछा देना चाहिए। इसके अंदर कुछ जलीय पौधे जैसे जलकुम्भी आदि भी डाल देना चाहिये ताकि नमी बनी रहे। इसमें सब्जी व फल के छिलके, फूल आदि भी डाल सकते हैं। जिले की जलवायु व आवहवा के अनुकूल सबसे अच्छी प्रजाति अफ्रीकन नाइट क्रालर केंचुआ है जो प्राकृतिक अपशिष्ट का तेजी से विघटन करके उसे पोषक खाद मे परिवर्तित कर देता है। इसकी विशेषता है कि ये थोडे गर्म तापमान को बर्दाश्त कर लेता है। अफ्रीकन नाइट क्रालर की बढ़ोत्तरी भी तेजी से होती है। वर्मीकल्चर हेतु तैयार गड्ढे में केंचुआ लाकर छोड़ देते हैं थोड़े दिनों बाद ही ढेर सारे केंचुए पनप जाते हैं और सुरंग बनाकर भुरभुरी जैविक खाद तैयार कर देते हैं। इसे छानकर खेत में डालना चाहिए। जरूरत से ज्यादा केंचुआ खाद उत्पादित होने पर किसान इसको विक्रय करके भी मुनाफा प्राप्त करता है।

डॉ. एके दीक्षित, निदेशक, कृषि विज्ञान केन्द्र , उज्जैन व आगर।

फूल व सब्जी उत्पादन में डेढ़ गुना इजाफा: वमीकंपोस्ट, मेरे लिए तो लाभ का सौदा साबित हुआ है। रासायनिक उर्वरकों से परेशान होकर विगत वर्ष से जैविक खेती का संकल्प लिया और परिवार के मवेशियों के गोबर से वर्मीकल्चर शुरू किया और सफलता मिली। केंचुआ खाद डालने से फूल के उत्पादन मे डेढ़ गुना और सब्जी उत्पादन मे लगभग दोगुनी बढ़ोत्तरी हुई है। एक बीघा जमीन में लगभग डेढ़ क्विंटल केंचुआ खाद मैने डाली थी।

दिनेश सोलंकी, युवा कृषक, ग्राम रूई।

लाभकारी रहा वर्मीकपोस्ट : ग्राम मे लगभग सभी घरों में पशुपालन होता है और गोबर का निस्तारण कभी कभी समस्या बनता है। वर्मीकल्चर (केंचुआ पालन) बहुत ही लाभदायी काम है। जैविक केंचुआ खाद तैयार होने पर वर्तमान में 400 रू से 500 रू प्रतिकिलो के भाव बिक रही है जो एक लाभ का सौदा है।

कमल पटेल, कृषक, ग्राम चकरावदा।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 09 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

सोयाबीन कटाई के बाद नरवाई नहीं जलायें किसान

इंदौर। इंदौर जिले में सोयाबीन फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। सोयाबीन की कटाई के पश्चात खेतों में बचे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने की प्रवृत्ति से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी की संरचना एवं उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। नरवाई जलाना खेती के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण एवं जन-धन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। जिला प्रशासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की गई है।

प्रबंधन पर सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का समापन

इंदौर। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन इंदौर में इकोक्लब एवं जूलॉजी विभाग द्वारा आयोजित वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का समापन 7 अक्टूबर 2026 को हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में इकोक्लब प्रभारी डॉ. पूजा जैन द्वारा किया गया। सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के समापन अवसर पर डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर रचनात्मक डिजिटल पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुभाष सोनी एवं डॉ. अनिता मुकाती रहे।

पीपीआर टीकाकरण अभियान का व्यापक संचालन

इंदौर। भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पीपीआर रोग के नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए इंदौर संभाग में व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 4 माह एवं उससे अधिक आयु के भेड़ एवं बकरियों का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान पशुपालकों को टीकाकरण के साथ-साथ पशुओं की देखभाल एवं टीकाकरण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। मध्यप्रदेश में इस कार्यक्रम का प्रथम चरण वर्ष 2020 से प्रारंभ किया गया था तथा वर्तमान में पीपीआर टीकाकरण अभियान का तृतीय चरण संचालित किया जा रहा है। पीपीआर भेड़ एवं बकरियों में होने वाला अत्यंत संक्रामक एवं गंभीर विषाणुजनित रोग है, जिसे सामान्यतः भेड़ एवं बकरी प्लेग के नाम से भी जाना जाता है।

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के संबंध में प्रावधान हुए लागू



इंदौर। जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन (आरबीडी) अधिनियम 1969 की धारा 13 में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम 2026 (2026 का संख्या 12) के माध्यम से संशोधन किया गया है। संशोधन संबंधी प्रावधान 6 अगस्त 2026 के भारत के राजपत्र (गैजेट ऑफ इंडिया) में प्रकाशित किया गया था । संशोधित अधिनियम के प्रावधान 1 अक्टूबर, 2026 से लागू हो गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण) शिवम वर्मा ने जिला स्तर पर आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश में सभी रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण) को ?दिशा-निर्देश दिए गए है और निर्देशित किया गया है कि प्रावधान के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13 (3) में संशोधन विलंबित पंजीयन के लिए जारी आदेश के अनुसार किसी ऐसे जन्म या मृत्यु की सूचना जो घटना के एक वर्ष बाद लेकिन दो वर्ष के भीतर रजिस्ट्रार को दी जाती है, उसका रजिस्ट्रेशन केवल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के आदेश पर ही किया जाएगा। किसी ऐसे जन्म या मृत्यु की सूचना, जो घटना के दो वर्ष बाद रजिस्ट्रार को विलंब से दी जाती है, उसका रजिस्ट्रेशन केवल फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश पर ही किया जाएगा। संशोधित अधिनियम के प्रावधान 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो गए हैं।

नैनो न्यूज

- **आगर मालवा:** सोयाबीन खरीदी की तैयारियां तेज, मंडियों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण शुरू; किसानों को उपज बेचने में परेशानी न हो, इसके निर्देश दिए गए।
- **देवास:** पटवारी सेवा समाप्ति के विरोध में प्रदर्शन तेज, बड़ी संख्या में पटवारियों ने रैली निकालकर कार्रवाई पर नाराजगी जताई।
- **शाजापुर:** स्वामित्व योजना को लेकर पटवारियों की नाराजगी बढ़ी, जिले में चार परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवा समाप्ति के बाद आंदोलन का असर दिखा।
- **सुसनेर:** नगर क्षेत्र में त्योहारी खरीदारी बढ़ने से बाजारों में रौनक, दुकानदारों ने ग्राहकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए अतिरिक्त स्टॉक मंगाना शुरू किया।
- **रतलाम:** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दरार के बाद सुरक्षा के लिए दो लेन बंद की गईं, वाहनों को अन्य लेन से निकाला जा रहा है।
- **मंदसौर:** पिपलियामंडी पुलिस ने कार्रवाई में कार से 513 ग्राम एमडी ड्रग और 9 किलो डोडाचूरा बरामद करने का दावा किया।

ब्याज-बट्टे के पैसों को जमीन की रकम बताकर टोपीबाजी का आरोप

पुलिस कार्रवाई का डंडा चलाए तो खुल सकती हैं टोपीबाज शर्मा की कुंडली

मकान की फर्जी रजिस्ट्री कर बैंक से भी 24 लाख का लोन, रजिस्ट्रार कार्यालय ले जाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में मकान हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। फरियादी परिवार का आरोप है कि ब्याज-बट्टे पर दिए गए पैसों का हिसाब-किताब कुछ और था, लेकिन कथित तौर पर उसी रकम को मकान की कीमत बताकर रजिस्ट्री अपने नाम करा ली गई। इतना ही नहीं, आरोप है कि मकान अपने नाम कराने के बाद उसी संपत्ति पर 24 लाख रुपए का होम लोन भी ले लिया गया। अब मकान मालिक परिवार पुलिस के चक्कर काट रहा है और कार्रवाई की आस में डर-डर भटक रहा है।

मामला 85 गंगाधाम कॉलोनी का है। यहां रहने वाले रामस्नेही मौर्य और उनकी पत्नी सपना मौर्य ने पुलिस कमिश्नर और बाणगंगा थाना पुलिस को शिकायत देकर मनोज शर्मा पिता राजवीर शर्मा निवासी लेक पैलेस कॉलोनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

शिकायत के मुताबिक मनोज शर्मा ब्याज पर रुपए चलाने का काम करता है। फरियादियों के परिवार की महिला उषा हार्डिया का मनोज से ब्याज पर रुपए का लेन-देन था। शिकायत में बताया गया है कि मनोज ने उषा हार्डिया को करीब 9.57 लाख रुपए ऑनलाइन दिए थे, जिन्हें उषा ने ब्याज सहित करीब 11.15 लाख रुपए ऑनलाइन वापस कर दिए। इसी तरह परिवार के प्रथम मौर्य द्वारा लिए गए करीब 2.99 लाख रुपए भी ऑनलाइन और नकद माध्यम से चुकाने की बात शिकायत में कही गई है।

बैंक लोन दिलाने का झांसा और रजिस्ट्रार ऑफिस तक ले गया

परिवार के मुताबिक जब उन्हें घरेलू जरूरत के लिए पैसों की आवश्यकता हुई तो उन्होंने मनोज से मकान पर बैंक लोन दिलाने की बात कही। आरोप है कि मनोज ने बैंक में पहचान होने और करीब 20 लाख रुपए तक लोन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद आधार कार्ड, फोटो समेत जरूरी दस्तावेज लिए गए और रामस्नेही को रजिस्ट्रार कार्यालय ले जाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए।

फरियादियों का आरोप है कि उन्हें यह कहकर भरोसे में रखा गया कि 15 दिन में लोन की राशि खाते में आ जाएगी, लेकिन दो महीने गुजरने के बाद भी पैसा नहीं आया। जब परिवार ने जानकारी ली तो कथित तौर पर टालमटोल शुरू हो गई और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब 14 अगस्त 2025 को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस के कर्मचारी फरियादियों के घर पहुंचे। कर्मचारियों ने बताया कि मकान पर करीब 24 लाख रुपए का लोन लिया गया है और किश्तें जमा नहीं हो रही हैं। भुगतान नहीं होने पर मकान जब्त करने की बात सुनकर परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद रजिस्ट्रार कार्यालय से दस्तावेजों की जानकारी निकलवाई गई तो फरियादियों के मुताबिक उन्हें पता चला कि मकान की रजिस्ट्री मनोज शर्मा के नाम हो चुकी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ब्याज-बट्टे पर दिए गए पुराने पैसों को जमीन की रकम के तौर पर दिखाकर मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली गई।

फरियादी बोले- पहले मकान अपने नाम कराया, फिर उसी पर लोन भी उठा लिया

फरियादियों का आरोप है कि जिस रकम का पहले ही ऑनलाइन ब्याज सहित भुगतान हो चुका था, उसी लेन-देन को मकान की खरीद से जोड़कर उनके साथ छल किया गया। आरोप यह भी है कि मकान की रजिस्ट्री अपने नाम कराने के बाद उसी संपत्ति को आधार बनाकर बैंक से 24 लाख रुपए का लोन लिया गया। परिवार का कहना है कि जब उन्होंने मनोज शर्मा से इस संबंध में सवाल किया तो कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज की गई और जान से खत्म कराने की धमकी भी दी गई। शिकायत के बाद फरियादी अब पुलिस से कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

58 साल बाद इस बार नवरात्रि पर गजकेसरी योग

9 दिनों तक रहेगी मंदिरों में भक्तों की भीड़, उज्जैन के मंदिरों में तैयारियां लगभग पूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


शारदीय और उल्लास-उमंग का नवरात्रि पर्व 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। इस बार 58 साल बाद नवरात्रि की शुरूआत पवित्र गजकेसरी योग में हो रही है। शहर के माता मंदिर नवरात्रि के लिए से संवर रहे हैं। शहर के गढ़कालिका माता मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, हामूखेड़ी स्थित बिजासन माता मंदिर, भूखी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, सावन भादवा माता मंदिर, नगर कोट माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में रंग-रोगन कर विद्युत सज्जा की जा रही है। हरसिद्धि मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन सूर्योदय के समय हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग का प्रभाव रहेगा। इसी दौरान गुरु और चंद्रमा की स्थिति से गजकेसरी योग बनेगा। ज्योतिष में गुरु और चंद्रमा के केंद्र संबंध से बनने वाले गजकेसरी योग को शुभ माना जाता है।

58 साल बाद बनने वाला दुर्लभ संयोग

मान्यता के अनुसार इसका संबंध ज्ञान, बुद्धिमत्ता, सम्मान, समृद्धि और बेहतर निर्णय क्षमता से जोड़ा जाता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार नवरात्रि की शुरूआत में नक्षत्र, वार और योग का ऐसा संयोजन लंबे अंतराल के बाद बन रहा है। इसे करीब 58 साल बाद बनने वाला दुर्लभ संयोग बताया गया है। यही वजह है कि इस बार घटस्थापना का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से खास रहेगा। इसके अलावा सामाजिक न्याय परिसर, नईपेठ, गुजराती समाज, कालिदास अकादमी, दशहरा मैदान, कानीपुरा, मोहन नगर सहित अन्य जगहों पर गरबों के आयोजन होंगे।

मां का आगमन हाथी पर और प्रस्थान घोड़े पर

सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग भी रहेंगे



शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। धार्मिक मान्यता में हाथी को सुख, समृद्धि, शांति का प्रतीक माना जाता है, वहीं माता का प्रस्थान घोड़े पर होगा। घोड़े पर गमन को धार्मिक-ज्योतिषीय मान्यताओं में सतर्कता, उथल-पुथल और सामाजिक अस्थिरता से जोड़ा जाता है। शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में कई अन्य शुभ योगों का भी प्रभाव देखने को मिलेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार नवरात्रि के दौरान करीब चार से पांच दिन सर्वार्थसिद्धि योग बन सकता है। इसके अलावा करीब दो दिन अमृतसिद्धि योग का संयोग भी रहेगा। ज्योतिष में सर्वार्थसिद्धि योग को नए और शुभ कार्यों की शुरूआत के लिए अनुकूल माना जाता है।

एक्टर रघुवीर यादव 13 को खंडवा में होंगे सम्मानित; सुदेश भोसले गाएंगे गाने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हरफनमौला कलाकार और खंडवा की पहचान किशोर कुमार की पुण्य स्मृति में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की ओर से इस वर्ष का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रसिद्ध अभिनेता रघुवीर यादव को प्रदान किया जाएगा।

खंडवा के पुलिस ग्राउंड में 12 और 13 अक्टूबर को दो दिनी राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह एवं गीत-संगीत संध्या आयोजित होगी। सम्मान समारोह 13 अक्टूबर को होगा। इसके बाद प्रसिद्ध गायक सुदेश भोसले और साथी कलाकार गीत-संगीत की प्रस्तुति देंगे। संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि किशोर कुमार की स्मृति में हर साल उनकी जन्मस्थली खंडवा में यह आयोजन किया जाता है। इस बार भी दो दिनों तक संगीत और सम्मान का कार्यक्रम होगा। दोनों दिन कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होंगे और इसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 12 अक्टूबर को ये शाम मस्तानी गीत-संगीत संध्या से होगी। इसमें खंडवा के स्थानीय युवा गायक कलाकार किशोर कुमार और फिल्मी संगीत के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में सुनील शर्मा, संध्या ग्रेवाल, अंकुश पटेल, रजत लाड़, रोशनी पहलवान और पूजा पुरा गीत प्रस्तुत करेंगे।

खान-पान मुख्य कारण, हो रही मौतें

युवाओं में बढ़ रहे साइलेंट अटैक के मामले..

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानसून समाप्त हो चुका है। जल्द ही सर्दी शुरू होगी। मौसम बदलने के साथ कई बीमारियां दस्तक देना शुरू कर देती हैं। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए विशेष सावधानी रखना जरूरी है। उज्जैन में हाल ही के वर्षों में कम उम्र के युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक में साइलेंट हार्ट अटैक से मौत के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें कुछ प्रमुख घटनाएं निम्नलिखित हैं।

तीन दिन पहले उज्जैन की श्रीकृष्ण कॉलोनी निवासी एवं सेंट थॉमस स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ? वाले छात्र विधान कुशवाह को स्कूल बस में चढ़ते समय अचानक साइलेंट हार्ट अटैक आ गया।

पलक झपकते ही बेसुध होकर गिरे मासूम को लोगों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इसी प्रकार कांग्रेस नेता माया राजेश त्रिवेदी का भी अचानक हृदय घाट की वजह से निधन हो गया हैं। हाल ही की घटनाओं ने पूरे शहर को गहरे सदमे में डाल दिया है। डॉक्टरों के अनुसार, कम उम्र में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे पढ़ाई का अत्यधिक दबाव, तनाव, देर रात तक जागना और स्ट्रेस हार्मोन्स का बढ़ना प्रमुख कारण हो सकते हैं। अचानक दिल का दौरा आने से युवा वर्ग भी मौत का शिकार बन रहा है। युवा वर्ग फास्ट फूड, मिर्च मसाले, मैदे व तेल से बने खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने लगा है। यह बीमारियों का बड़ा कारण है। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। भोजन में में हरी सब्जियों और फलों को शामिल करें। अधिक से अधिक सलाद खाने की आदत डालें। खराब कोलेस्ट्रोल से दिल का दौरा होने का खतरा अधिक होता है।

मरीज को पहले से कोई लक्षण नहीं दिखाई देते

डॉक्टरों की मानें तो साइलेंट हार्ट अटैक में मरीज को पहले से कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं, इसलिए साइलेंट हार्ट अटैक ज्यादा खतरनाक माना जाता है क्योंकि इसमें मरीज की तत्काल मौत हो जाती है। चूंकि नियमित रूप से योग और वॉक करने से हृदयाघात की संभावना को कम किया जा सकता है। समय-समय पर जांच कराना चाहिए, जिससे कोई दिक्कत होने पर तत्काल इलाज किया जा सके। अपने फैमिली डॉक्टर की सलाह से ही दवाएं लें।

साइबर ठगों का खेलः सोशल मीडिया पर फर्जी टिकट की भरमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होने वाले भारत-वेस्टइंडीज ळ20 मुकाबले का खुमार क्रिकेट प्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए अब साइबर ठग भी मैदान में उतर आए हैं। सोशल मीडिया पर सस्ते टिकट, वीआईपी पास और आखिरी समय में अतिरिक्त टिकट उपलब्ध होने के नाम पर लोगों को फंसाने की तैयारी की जा रही है।

फर्जी टिकटों की तस्वीरें, स्क्रीनशॉट और नकली बुकिंग रसीद भेजकर पहले भरोसा जीत सकते हैं। इसके बाद 20 से 25 प्रतिशत एडवांस या पूरी रकम यूपीआई नंबर और क्यूआर कोड के जरिए जमा कराने का झांसा दिया जा सकता है। पैसा खाते में पहुंचते ही टिकट तो दूर, ठग दोबारा पेमेंट के नाम पर और रकम मांग सकते हैं। पुलिस ने साफ किया है कि अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया के जरिए टिकट खरीदने से बचें। सस्ते टिकट या यूपीआई पास के लालच में किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। बैंक संबंधी जानकारी साझा करने और किसी को मोबाइल की स्क्रीन शेयर करने की गलती बिल्कुल न करें। इंदौर पुलिस ने क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि टिकट केवल अधिकृत माध्यम से ही खरीदें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना दें।

इंदौर में जलसंकट: दिसंबर तक तैयार होंगी 5 नई टंकियां

3 करोड़ लीटर पानी रिजर्व रखने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में इस वर्ष अल्पवर्षा के कारण जलसंकट की स्थिति निर्मित होने लगी है। अधिकांश बोरिंग ठीक से रिचार्ज नहीं हो सके हैं, वहीं नदी, नाले और तालाब भी पूरी तरह पानी से नहीं भर पाए हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि नगर निगम को विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति बनाए रखने के लिए रोजाना लगभग तीन सौ टैंकर दौड़ाने पड़ रहे हैं। दूसरी ओर, नगर निगम द्वारा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग नियमों की अनदेखी करने वाली इमारतों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीलिंग और स्पॉट फाइन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके साथ ही शहर में बन रही पांच नई पानी की टंकियों को इस वर्ष के अंत तक पूरा कर उनमें तीन करोड़ लीटर पानी आरक्षित रखने की योजना बनाई गई है।

गत वर्ष की तुलना में इस बार आधी वर्षा भी नहीं हुई और मानसून विदा हो गया। पिछले ग्रीष्मकाल में शहरवासियों ने भारी जल संकट का सामना किया था और इस बार भी मौसम के प्रभाव से संकट की आहट शुरू हो गई है। इसी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जलप्रदाय विभाग की एक अहम समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी छह महीनों की संभावित पानी की मांग, उपलब्ध जल स्रोतों, टंकियों, बोरिंगों की स्थिति और टैंकरों के संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि गर्मी आने से पहले ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा सकें।

भूजल स्तर गिरने की आशंका और नगर निगम की कार्ययोजना

बैठक के दौरान महापौर ने जानकारी दी कि इस बार दस से पंद्रह प्रतिशत कम वर्षा होने से भूजल रिचार्ज बेहतर तरीके से नहीं हो पाया है। इसके चलते जनवरी और फरवरी के महीनों में भूजल स्तर और नीचे गिरने तथा चुनौती खड़ी होने की संभावना है। निगम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाना रहेगा। इसके लिए जोन और वार्ड स्तर पर आवश्यकता के अनुरूप टैंकरों, टंकियों व अन्य स्रोतों से जलापूर्ति की रणनीति बनाई जा रही है। साथ ही निजी हाइड्रेंट और निजी टैंकरों की सूची भी तैयार की जा रही है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उनका उपयोग शहर के प्रभावित इलाकों में किया जा सके।



दिसंबर तक पूरी होंगी पांच नई टंकियां

पेयजल वितरण को सुचारू बनाने के लिए महापौर ने अधिकारियों को शहर की मुख्य टंकियों की क्षमता की समीक्षा करने के निर्देश दिए। योजना के अनुसार दिसंबर माह तक नौलखा, गोंदवाले, आजाद नगर, डाकिया तथा फल-बाग क्षेत्र की पांच नई टंकियों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इनके शुरू होने से लगभग तीस एमएलडी यानी 3 करोड़ लीटर अतिरिक्त पानी रिजर्व रखा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त फल-बाग क्षेत्र से जुड़ी करीब 12 से 13 अन्य टंकियों के संधारण और उनकी स्थिति सुधारने के कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

एक बैरक और एक वर्कशॉप की मिलेगी सौगात

महिला भैरवगढ़ जेल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भैरवगढ़ सेंट्रल जेल में महिला कैदियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा हैं। सरकार इस पर अब तक लगभग 3 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर चुकी हैं। संभवतः अगले तीन से चार माह में इसकी सौगात महिला कैदियों को मिलेगी।

उल्लेखनीय हैं कि वर्तमान में भैरवगढ़ महिला जेल की क्षमता 40 कैदी की है, जबकि यहाँ जेल में 100 महिला कैदियों को रखा गया है। इसलिए महिला कैदियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया भवन बनाया जा रहा हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 4 करोड़ रुपए कि राशि स्वीकृत की हैं। नए भवन के निर्माण के बाद करीब 40 महिला कैदियों को वहां शिफ्ट किया जाएगा। भवन में आधुनिक लेट-बाथ, मनोरंजन के संसाधन, पालना गृह, एक वर्क शॉप आदि सुविधाएं भी महिला कैदियों को मिलेगी। भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका हैं, केवल फिनिशिंग वर्क बाकी हैं। संभवतः दो से तीन माह के भीतर ये कार्य भी पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही महिला भैरवगढ़ जेल की क्षमता 40 से लगभग 100 हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अभी भैरवगढ़ महिला जेल में सबसे बड़ी समस्या तो जगह की कमी की है। जेल में महिला कैदियों की तादाद क्षमता से ज्यादा है। महिला सुरक्षा कर्मचारियों की कमी है और इन महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएँ भी नगण्य हैं। जेल में साफ-सफाई और स्नानघर जैसी सुविधाओं की भी कमी है। करीब 100 कैदियों के लिए पर्याप्त शौचालय व स्नानघर नहीं है।

न्यूज कालम



धार जिले में अल्प वर्षा के कारण प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए

मनावर। आज मनावर विधानसभा के समस्त कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी व मनावर विधायक डॉ हीरालाल अलावा के निदेर्शानुसार धार जिले में अल्प वर्षा के कारण उत्पन्न सूखे जैसी स्थिति को देखते हुए धार जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने एवं प्रभावित किसानों को आवश्यक राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार महोदय को दिया गया । ज्ञापन का वाचन नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित खटोड द्वारा किया गया । ज्ञापन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश पाटीदार , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उमरबन पर्वत चौहान ,लक्ष्मी जाट, हरीश खंडेलवाल ,अशोक काकरेचा ,राजेश पवार, अरुण गर्ग,राकेश जाट ,सुनील स्टार चौहान,राजपाल सिंह सलुजा, भगवान देवड़ा,जिमि सावनेर, अनिल मकवाना ,रविंद्र पाटीदार, आशीष साद ,दिलीप सिंघार ,महेश कटारे ,ऋषभ कीमती ,निधि जाट ,राहुल वर्मा ,विजय पाटीदार,कैलाश भाटिया, अज्जू पठान ,विपुल पाटीदार, भानु शर्मा, सीताराम सोलंकी ,राज बड़वाया ,रुपेश जोहरी, मुकेश शिवदे ,सुनील इसके, भूपेंद्र सीतापुर, तुषार सोलंकी ,सुकदेव नर्गेश ,डॉ जगदीश दामके, संगराम सोलंकी पुष्पेंद्र सोलंकी गजेंद्र वास्केल आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

शहर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने घेरा नगर निगम, कमिश्नर के आने पर ही सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



शहर की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी, नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह एवं कांग्रेस पार्षद दल के नेतृत्व में कांग्रेसजन दोपहर 1 बजे गांधी भवन में एकत्रित हुए। यहां से पैदल मार्च करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। मार्च में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं कांग्रेस नेताओं के सामने रखीं और नगर निगम के प्रति नाराजगी जताई।

नगर निगम पहुंचने के बाद कांग्रेसजनों ने मुख्य गेट पर धरना दिया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक नगर निगम कमिश्नर स्वयं मौके पर आकर जनता की समस्याएं नहीं सुनतीं और ज्ञापन प्राप्त नहीं करतीं, तब तक ज्ञापन नहीं सौंपा जाएगा।कांग्रेस ने इस आंदोलन को 25 साल से भाजपा का महापौर,फिर भी खंडवा बेहाल" नारे के साथ अयोजित किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि शहर की 252 करोड़ की सीवरेज में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण ,आवारा कुत्तों का मामला, संबल योजना के कामों में परेशानी, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में रिश्वतखोरी एवं नगर निगम में आम लोगो से जुड़ी समस्यायें उठाई है, श्री रघुवंशी ने एसआईआर सर्व को लेकर दावा किया कि खंडवा के करीब ४२ हजार मतदाताओं के नाम डुप्लीकेट एवं शिफ्टिंग के आधार पर हटाए गए हैं, उन्होंने इसे वोट चोरी को जोड़ते हुए चुनावी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाएं।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर ने आरोप लगाया कि जनता से मिलने वाले टैक्स के पैसे की बबार्दी हो रही है। उन्होंने नगर निगम कर्मचारियों की एनपीएस राशि के कथित गबन का मुद्दा उठाते हुए मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

राठौर ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या बनी हुई है। संबल योजना का लाभ लेने और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जैसे कामों के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम में बिना पैसे काम नहीं होने और रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। उन्होंने 252 करोड़ रुपए की सीवरेज लाइन योजना पर भी सवाल उठाए। राठौर ने आरोप लगाया कि योजना में भ्रष्टाचार हुआ है और शहर में कई जगह घटिया निर्माण कराया जा रहा है। कांग्रेस ने इन आरोपों पर नगर निगम प्रशासन से जवाब मांगा और कामकाज में पारदर्शिता की मांग की।इस दौरान ज्ञापन लेने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर निगम कार्यालय पहुंचे, लेकिन कांग्रेसजनों ने उन्हें ज्ञापन सौंपने से इनकार कर दिया। इसके बाद मौके पर नारेबाजी शुरू हो गई। कुछ देर बाद नगर निगम कमिश्नर प्रियंका राजावत स्वयं मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और मौजूद नागरिकों की समस्याएं सुनीं, जिसके बाद कांग्रेस ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।



राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में 534 लोगों की जांच

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया , सीबीएमओ डॉ शंकरलाल खराड़ी के निर्देशन में सिविल हॉस्पिटल की डेंटल ब्रांच द्वारा राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जांच एवं जागरूकता शिविर शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किए गए,।

प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि डा फैजान उस्मानी, डा राज कपूर डांगी, डा मोनिका दिमनीकर, डा परणिका अग्रवाल, डा नजरेगुल शिरीन एवं श्रवण सिंह सहायक की टीम ने महिलाओं,पुरुषों एवं 10 साल से लगाकर 14 साल तक के बच्चों समेत 534 लोगो का ओरल हेल्थ परिक्षण किया, जांच उपचार के बाद दवाईयां वितरित की गई। ,शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढोढर, बरडिया गोयल, बड़ावदा, एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बरडिया गोयल, सीएम राईज स्कूल , एवं डेंटल ब्रांच सिविल हॉस्पिटल में आयोजित किए गए, ।शिविर में ब्रशिंग टेक्नीक का डिमांस्ट्रेशन भी दिया गया,।

मुख एवं दांतों की साफ सफाई सुरक्षा, नियमित दंत परीक्षण, ब्रश करने की सही तकनीक, खान पान, कैविटी से बचाव तथा स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गई।, इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल बरडिया गोयल के 12 बच्चों में फ्लोरोसिस की समस्या मिली,पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से फ्लोरोसिस हो जाता है,।

लक्ष्य तय करें, तनाव छोड़ जीवन को उत्सव की तरह जिएं : मंसारे



सनावद। पढ़ाई का दबाव, भविष्य की चिंता और छोटी-छोटी बातों पर आने वाला गुस्सा विद्यार्थियों के तनाव का कारण बन रहा है। ऐसे में जरूरी है कि नकारात्मक भावनाओं से बाहर निकलकर जीवन को सकारात्मक सोच के साथ जिया जाए। इसी उद्देश्य से राज्य आनंद संस्थान द्वारा गुरुवार को हायर सेकंडरी स्कूल हिरापुर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आनंद सभा सह अल्प विराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें कई बार पढ़ाई और भविष्य को लेकर तनाव महसूस होता है तथा छोटी-छोटी बातों पर क्रोध भी आता है। जिला समन्वयक के.बी. मंसारे ने विद्यार्थियों को संसाधनों और परिस्थितियों को लेकर अनावश्यक तनाव नहीं लेने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि आनंद संस्थान के च्अल्प विरामज कार्यक्रम से जुड़कर जीवन को आनंदमय बनाने की कला सीखी जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आनंदक में पंजीयन कराने के लिए भी प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल पटेल ने आनंद विभाग की गतिविधियों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी और सराहनीय बताया। विद्यार्थियों ने फीडबैक में कहा कि सत्र से उन्हें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और जीवन को बेहतर ढंग से जीने की प्रेरणा मिली।

किसानों को समझाया साइबर ठगी का खेल, कहा-ओटीपी बताया तो खाता हो सकता है खाली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



खेत-खलिहान में मेहनत कर कमाई करने वाले किसान अब साइबर ठगों के निशाने पर भी हैं। इसी को लेकर लायंस क्लब सनावद स्नेह ने सेवा सप्ताह के अंतिम दिन कृषि उपज मंडी में किसानों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

एसबीआई शाखा प्रबंधक पीयूष मिश्रा ने किसानों को सावधान करते हुए कहा कि बैंक खाते की जानकारी, एटीएम-पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करें। अनजान व्यक्ति को मोबाइल न दें और किसी भी संदिग्ध लिंक या एप को डाउनलोड करने से बचें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले फोन कॉल से भी सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल बैंक को सूचना दें और 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

इसके बाद क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अनिता जैन एवं लायन साथियों ने गौशाला पहुंचकर निराश्रित गायों को गुड़ व चारा खिलाकर गौसेवा की। इस दौरान ला. विपिन गुप्ता, ला. अनिल अरझरे, ला. संजय आर्य, ला. मनीष मुछाला और ला. विजय राठौर का सहयोग रहा।

गौरतलब है कि गांधी जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा सेवा सप्ताह के तहत फूड फॉर हंगर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर, गौसेवा, नारी सशक्तिकरण और साइबर जागरूकता सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा डिजिटल युग में साइबर अपराधों से सावधान रहने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में आकांक्षा रावल, प्रियांशु पटेल, प्रिंसी भानुसे, वेदिका पटेल एवं मयूरी पटेल ने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा कीं। वक्ताओं के साथ विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने तथा डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का संदेश दिया।कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान प्रभारी हरिवल्लभ शास्त्री के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विद्या प्रभारी पवन झोनवाल एवं धर्मेंद्र यादव की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। अन्य सहयोगी प्राध्यापकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।महाविद्यालय के संचालक बीएम पाटीदार एवं अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नशामुक्त, सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अभियान प्रभारी, विद्या प्रभारी, सहयोगी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

नेपा चिकित्सालय और ऑडिटोरियम में सुधार कार्य पूर्ण

नेपानगर।मीडिया द्वारा जनहित के मुद्दे उठाए जाने पर नेपा लिमिटेड प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिकित्सालय और ऑडि टोरियम में महत्वपूर्ण सुधार कार्य पूर्ण कराए हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने इन सुझावों को प्राथमिकता देते हुए कार्य कराए। नेपा चिकित्सालय में प्राइवेट वार्डों के नवीनीकरण, सीलिंग, फ्लोरिंग और महिला शौचालय के सुधार कार्य पूरे किए गए। बिजली बाधित होने पर भी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रहें, इसके लिए जनरेटर व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है। वहीं नेपा ऑडिटोरियम में स्टेज, फॉल्स सीलिंग, फ्लोरिंग और टाइल्स संबंधी कार्य संपन्न किए गए हैं। इन कार्यों से कर्मचारियों, उनके परिजनों और क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

ऑल इज वेल हॉस्पिटल का कादरिया स्कूल में 170 विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा बुधवार, 8 अक्टूबर को कादरिया स्कूल में 4563वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 170 से अधिक विद्यार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।शिविर में हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, वजन जांच और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श दिया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता का ध्यान रखने और मौसमी बीमारियों से बचाव की सलाह दी। साथ ही किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए जागरूक किया। हॉस्पिटल संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में संपन्न शिविर में उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग और विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

पैदल मार्च करते खरगोन पहुंचे कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

दो माह से वेतन अटका, 9 अक्टूबर से जलप्रदाय बंद करने की चेतावनी



सनावद। लंबित वेतन और ईपीएफ सहित अन्य मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने गुरुवार को सनावद से खरगोन तक पैदल मार्च किया। खरगोन पहुंचकर कर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की वीसी बैठक के चलते अधीक्षक आई.एस. किराड़े ने ज्ञापन लिया। इसका वाचन विशाल कर्मा ने किया।संघ के अनुसार नियमित कर्मचारियों का करीब दो माह और दैनिक वेतनभोगियों का करीब तीन माह का वेतन लंबित है। ईपीएफ, जीपीएफ और एनपीएस की राशि भी जमा नहीं हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2023 से मांग उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन में जल्द भुगतान की मांग की गई। कलेक्टर की वीसी समाप्त होने के बाद प्रतिनिधिमंडल उनसे प्रत्यक्ष चर्चा के लिए प्रतीक्षारत रहा। कर्मचारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर 9 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन जलप्रदाय बंद आंदोलन की चेतावनी दी है।

राशन का अवैध विक्रय करने पर उचित मूल्य दुकानों के संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मॉ सरस्वती स्व सहायता समूह आमलाली द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बिजासन के समूह अध्यक्ष श्रीमति चिंतामणि बाई पति मुकेश, विक्रेता लक्ष्मी पति अनिल अवास्या, सहायक विक्रेता मुकेश पिता नवलसिंह अवास्या निवासी ग्राम आमलाली के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है ।

वहीं शासकीय उचित मूल्य दुकान गोठान्या के अध्यक्ष/विक्रेता श्रीमति भूरी वार्ड पति पवन सिंघानिया. सहायक विक्रेता पवन पिता राधाकिशन सिंघानिया, निवासी गोठान्या द्वारा दुकान जांच में दुकान से सामग्री गेहूं 4677 किलोग्राम, चावल 991 किलोग्राम एवं शक्कर 15 किलोग्राम का अवैध विक्रय किया जाना पाए जाने से उक्त कृत्य मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लघन पाए जाने से कलेक्टर के आदेश पर शासकीय उचित मूल्य दुकान गोठान्या के अध्यक्ष/विक्रेता श्रीमति भूरी बाई पति पवन सिंघानिया, सहायक विक्रेता पवन पिता राधाकिशन सिंघानिया, निवासी गोठान्या के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है । निवासी ग्राम अंजराडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं प्रभावी पैरोकारी के परिणाम स्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश श्री एल.डी. सोलंकी, न्यायालय बड़वानी द्वारा दिनांक 8 अक्टूबर को आरोपी को आजीवन कारावास एवं 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। फरियादी लयाबाई पति तेरसिंह डुडवे, निवासी रनकुई पिठा फल्या, ग्राम अंजराडा द्वारा थाना पाटी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका ससुर वाहरिया करीब एक माह से उसकी सास रेखाबाई पर चरित्र शंका को लेकर विवाद करता था। घटना दिनांक को सुबह करीब 11.30 बजे रेखाबाई घर के आंगन में खटिया पर बैठी थी, तभी वाहरिया ने चरित्र शंका को लेकर विवाद करते हुए घर में रखी कुल्हाड़ी से रेखाबाई के सिर पर दो-तीन वार कर दिए, जिससे उसके सिर में चोटें आईं और खून निकलने लगा। रुखलीबाई द्वारा आरोपी के हाथ से कुल्हाड़ी छीनने का प्रयास करने पर आरोपी उसे धक्का देकर कुल्हाड़ी लेकर मौके से भाग गया। घायल रेखाबाई को उसके पति तेरसिंह एवं मामा ससुर रघु द्वारा उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बड़वानी ले जाया गया।

निर्वाचन आयुक्त को हटाया जाए-कांग्रेस

नीमच। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार, 8 अक्टूबर को जिला कांग्रेस द्वारा पूरे जिले में च्काला दिवसज्ञ मनाया गया। इसी क्रम में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता तथा विपक्षी नेताओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रदर्शन के दौरान नेताओं एवं सांसदों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर जनता का विश्वास कायम रहना चाहिए।

हर परिस्थिति का मुकाबला करने की प्रेरणा आपसे ली है - अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि हर परिस्थिति का मुकाबला करने की प्रेरणा दिव्यांगजनों से मिलती है। वे हिम्मत, हौसले और आत्म विश्वास की मिसाल हैं। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में उन्होंने 48 चिन्हित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए।

इसी अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत 2025 के तहत सत्यापित 65 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

एडिप योजनांतर्गत आयोजित शिविर में नगर निगम क्षेत्र के 38 और ग्रामीण क्षेत्र के 10 दिव्यांगजन शामिल रहे। उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, रोलेटर, वॉकिंग स्टिक, टीएलएम किट, ब्रेल किट, सीपी व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि ईश्वर ने हर इंसान में कोई न कोई कमी रखी है। दिव्यांगजन मन की आंखों से देखते हैं और हिम्मत से चलते हैं, इसलिए वे अधिक मजबूत हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र दिव्यांग तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 1,124 दिव्यांगों को प्रतिमाह 6.74 लाख, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 3,435 दिव्यांगों को 20.61 लाख, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन में 727 हितग्राहियों को 4.36 लाख और मानसिक बहुविकलांग सहायता योजना में 722 दिव्यांगों को 4.33 लाख रुपये प्रतिमाह सहायता दी जा रही है।

हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पाटी-पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी बड़वानी श्री महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना पाटी पुलिस द्वारा हत्या के गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहरिया पिता सुतार डुडवे, निवासी रनकुई पिठा फल्या, ग्राम अंजराडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं प्रभावी पैरोकारी के परिणाम स्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश श्री एल.डी. सोलंकी, न्यायालय बड़वानी द्वारा दिनांक 8 अक्टूबर को आरोपी को आजीवन कारावास एवं 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। फरियादी लयाबाई पति तेरसिंह डुडवे, निवासी रनकुई पिठा फल्या, ग्राम अंजराडा द्वारा थाना पाटी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका ससुर वाहरिया करीब एक माह से उसकी सास रेखाबाई पर चरित्र शंका को लेकर विवाद करता था। घटना दिनांक को सुबह करीब 11.30 बजे रेखाबाई घर के आंगन में खटिया पर बैठी थी, तभी वाहरिया ने चरित्र शंका को लेकर विवाद करते हुए घर में रखी कुल्हाड़ी से रेखाबाई के सिर पर दो-तीन वार कर दिए, जिससे उसके सिर में चोटें आईं और खून निकलने लगा। रुखलीबाई द्वारा आरोपी के हाथ से कुल्हाड़ी छीनने का प्रयास करने पर आरोपी उसे धक्का देकर कुल्हाड़ी लेकर मौके से भाग गया। घायल रेखाबाई को उसके पति तेरसिंह एवं मामा ससुर रघु द्वारा उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बड़वानी ले जाया गया।

बड़वानी में कृषि क्षेत्र में उद्यम एवं आयात-निर्यात विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बड़वानी । कृषि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एवं उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) के संयुक्त तत्वावधान में शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय बड़वानी में कृषि क्षेत्र में उद्यम एवं आयात-निर्यात विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेडमैप के जिला समन्वयक श्री अरविन्द चौहान ने कार्यशाला आयोजन की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों, युवाओं और उद्यमियों को कृषि से समृद्धि की दिशा में अग्रसर करना तथा वैश्विक बाजार की संभावनाओं से जोड़ना वं प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ एपीडा के श्री प्रशांत बसोड द्वारा कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की असीम संभावनाओं, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) तथा खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को कृषि उपजों के आयात-निर्यात की संपूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजीकरण, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत एपिडा द्वारा अदरक उत्पादक, व्यापारियों एवं एफपीओ के लिए निर्यात गुणवत्ता मानक, अंतर्राष्ट्रीय बाजारों (विशेषकर खाड़ी देशों और यूरोपीय संघ) में उत्पाद निर्यात के लिए पेस्टिसाइड अवशेष का कड़ाई से पालन करना बताया।

गरबा उत्सव को लेकर विहिप की गाइडलाइन, गैर-हिंदु के प्रवेश निषेध

नीमच। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नीमच जिला इकाई ने गरबा आयोजनों की शुचिता, सुरक्षा और परंपरा को बनाए रखने के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। विहिप जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने बताया कि गरबा आयोजकों और जिला प्रशासन को पत्र सौंपकर इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने का आग्रह किया है।

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति
ई-प्रापण निविदा सूचना सं. S/60/2026, दिनांक 06.10.2026

क्र.सं.	निविदा सं.	सामग्री का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
484	23260917A	डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व	524 नग	11-नव-26
485	27267001	पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों पर कार्यरत हास्को (Harsco) निर्मित टीआरटी (TRT) मशीन के लिए दो वर्ष (अर्थात् 2027-28 और 2028-29) की अवधि हेतु दर अनुबंध।	1 सेट	9-नव-26
486	15260501	प्राथमिक सस्पेंशन के लिए उच्च क्षमता वाले थर्मोप्लास्टिक पॉलिएस्टर इलास्टोमेर (HYTREL) ऊपरी वॉशर	4153 नग	9-नव-26
487	22265070	रूफ सीलिंग रबर	898 नग	4-नव-26
488	09263033	एप्लीकेशन मैग्नेट वाल्व	440 नग	3-नव-26
489	24262567	00 या 000 की एनएलजीआई (NLGI) कंसिस्टेंसी के साथ सिंथेटिक बायोडिग्रेडेबल फ्लोएबल स्नेहक।	7595 कि.ग्रा.	2-नव-26
490	09265019	3-फेज मेमू (MEMU) ट्रैक्शन मोटर	2 नग	2-नव-26

विस्तृत सूचना, ईएमडी (EMD), खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें 0678
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.xom/WesternRly

न्यूज -कॉलम

तराना अनुभाग के 3 थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त



उज्जैन। कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ फरार स्थायी और गिरफ्तार वारंटियों की धरपकड़ के लिये पुलिस द्वारा समय-समय पर कॉम्बिंग गश्त की जाती है। बुधवार-गुरूवार रात तराना अनुभाग में 3 थाना क्षेत्र में रात 11.30 बजे से कॉम्बिंग गश्त की शुरूआत की गई। तराना, माकाडोन और कायथा में रातभर पुलिस घूमती रही। इस दौरान तराना पुलिस द्वारा 6 स्थायी और 10 गिरफ्तारी वारंटियों को हिरासत में लिया। कायथा पुलिस द्वारा 3 स्थायी और 2 गिरफ्तारी वारंटी के साथ माकडोन पुलिस ने 8 स्थायी और 4 गिरफ्तार वारंटियों को पकडने में सफलता प्राप्त की। तीनों थाना क्षेत्र के 17 स्थायी और 16 गिरफ्तारी वारंटियों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने के उद्देश्य से कॉम्बिंग गश्त के साथ चेकिंग अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आगे भी जारी रखा जायेगा।

फाइल डाउनलोड करते ही खाते से निकले 77 हजार

उज्जैन। महिदपुर जेलरोड स्थित यशवंत मार्ग पर रहने वाले रविश पिता ध्रुव कुमार यादव के मोबाइल वाट्सएप पर 2 अक्टूबर को एपीके फाइल आई थी। रविश ने फाइल को डाउनलोड कर लिया। कुछ देर बाद खाते से 5 हजार 173 रूपये निकलने का मैसेज मिला। वह कुछ समझ पाता उससे पहले 20 हजार 505 और 5 हजार 267 रूपये और निकलने के मैसेज प्राप्त हो गये। रविश ने मामले की शिकायत राज्य सायबर सेल भोपाल को दर्ज कराई। जहां से जीरों पर मामला जांच के लिये महिदपुर थाना पुलिस को भेजा गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइल खाते से निकले रूपये को लेकर बैंक से जानकारी प्राप्त की पता लगाया जायेगा कि उक्त राशि किसी खाते में और कहा ट्रांसफर हुई है। गौरतलब हो कि ऑनलाइन फ्रॉड के मामले लगातार सामने आ रहे है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बाद भी लोगों के खातों से साइबर ठग राशि उडाने का काम कर रहे है। हर दिन ऑनलाइन फ्रॉड का मामला सामने आ रहा है।

चंद घंटों में बालिका के परिजनों का लगाया पता

उज्जैन। देवासगेट थाना क्षेत्र में 5 साल की बालिका अकेली भटकती हुई कुछ लोगों को दिखाई दी तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बालिका को अपनी सुरक्षा में लिया और उससे पूछताछ के प्रयास शुरू किये, बालिका ठीक से कुछ बता नहीं पा रही थी। पुलिस ने उसके परिजनों का पता लगाने के लिये बस स्टैंड देवासगेट, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन, इंदौर गेट चौराहा, चामुंडा माता चौराहा सहित आसपास के क्षेत्रों में तलाश की गई और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले। इस दौरान पता चला कि बालिका उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुराडिया सांगा की रहने वाली है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क के प्रयास शुरू किये। पिता से चर्चा होने पर जानकारी मिली कि बालिका अपनी दादी जस्सू बाई के साथ उज्जैन कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। संभवत-बिछड़ गई है। पुलिस ने परिजनों को उज्जैन बुलाया और तस्दीक के बाद बालिकों को सुपुर्द किया। देवासगेट थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि बालिका के परिजनों का पता लगाने में 4 से 5 घंटे का समय लगा। पूरे मामले में प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह, आरक्षक तरुण दादोरिया, और महिला आरक्षक रमा मंडलोई का सहयोग रहा।

जेसीबी चालक ने पीछे से बाइक सवार को मारी टक्कर

उज्जैन। इंदौररोड वराय होटल के सामने देर शाम बाइक पर सवार शुभम पिता अशोक उपाध्याय निवासी जय भवानी नगर इंदौर को पीछे से तेजगति में आई बिना नम्बर की जेसीबी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में शुभम घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चालक जेसीबी लेकर निकल गया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने शुभम की शिकायत पर जेसीबी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का एक मामला हनुमान प्रसाद पेट्रोलपंप के सामने हुआ था। जिसमें नागौरी मोहल्ला में रहने वाले मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद सुलैमान की बाइक को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। देवासगेट पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

दिन	258-2	150-6
मेन बाजार	479-0	234-9
कल्याण नाइट	369-8	346-3
मिलन डे	110-2	469-9
मिलन नाइट	347-4	399-1
मधुर डे	369-8	270-9
मधुर नाइट	370-0	360-9
शुभांक	8 1	2

गिरफ्त में ट्रेन के एसएलआर को निशाना बनाने वाली गैंग.....

रेलकर्मी बनकर दिव्यांग कोच में होते थे दाखिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन के लालगेज डिब्बों (एसएलआर) में चोरी की वारदात करने वाली गैंग को आरपीएफ की टीम ने सूरत आरपीएफ और मुंबई मंडल के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है। गैंग के एक सदस्य को उज्जैन लाया गया है। 2 का भुसावल कोर्ट से प्रोटेक्शन रिमांड जारी कराया गया है।

आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बताया कि 19 सितंबर को अहमदाबाद-दरभंगा अंत्योदय एक्सप्रेस के एसएलआर को कटर से काटकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी के पार्सल चोरी होना की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान मुंबई मंडल की एक ट्रेन में भी जी रेडीमेड लेडीज गारमेंट्स के चोरी होने की जानकारी सामने आई। वारदात करने वालों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये और सूरत आरपीएफ क्राइम ब्रांच के साथ मुंबई मंडल की टीम बनाई गई। जिसमें तीनों टीमों को अलग-अलग सफलता मिली। उज्जैन आरपीएफ को बिहार के मुंगेर से मोहम्मद जाहिद को गिरफ्तार किया गया। उसके 2 साथी मोहम्मद विक्की निवासी लक्की सराय और अनिल पटेल निवासी वाराणासी को भुसावल में गिरफ्तार किया गया। उज्जैन आरपीएफ की गिरफ्त में आये मोहम्मद जाहिद को रिमांड पर लिया गया है। वहीं भुसावल कोर्ट से दोनों आरोपियों का प्रोटेक्शन रिमांड जारी कराया गया है। दोनों को भी जल्द उज्जैन लाया जायेगा। आरोपी जाहिद से पूछताछ में सामने आया कि वह पांच साथियों के साथ वारदात करते थे। गैंग का सरगना अनिल पटेल है। उन्होने अहमदाबाद से भुसावल जाने वाली ट्रेन के एसएलआर में 22 सितंबर को भी चोरी की थी। आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के अनुसार गैंग को गिरफ्तार करने में एसआई यशपालसिंह, एएसआई साजिद हुसैन, प्रधान आरक्षक कमलसिंह और राजाराम यादव की भूमिका रही है।



बेटरी वाले कटर से काटते से डिब्बा

एसआई यशपालसिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह रेलवे कर्मचारी बनकर ट्रेनों के दिव्यांग कोच में चढते थे। उनकी ड्रेस कर्मचारियों के जैसी होती थी और फर्जी आई कार्ड भी लगे रहते थे। वह मेंटेनेंस के नाम पर काम शुरू करते थे, जिसके चलते यात्रियों को शंका नहीं होती थी। वह एसएलआर में 2 बाय 2 का बेटरी वाले कटर से सुराग बनाते थे और गैंग का एक सदस्य अंदर जाकर सामान बाहर निकालता था। उसके बाद बीच रास्ते में ट्रेन से उतर जाते थे।

गैंग में अलग-अलग सदस्य शामिल

बताया जा रहा है कि गैंग का सरगना अनिल पटेल पूरी रैकी करता था उसके बाद गैंग में अलग-अलग सदस्यों को लेकर रेलवे कर्मचारी बनकर चढ़ता था। गैंग अंतराष्ट्रीय स्तर पर चोरी को अंजाम देती थी। सरगना की निशानदेही पर वाराणसी के गोदाम से चोरी किए गए 5.60 लाख रुपये से अधिक के रेडीमेड लेडीज गारमेंट्स और एक अन्य चोरी में करीब 1.50 लाख रुपये की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बरामद हुई है। आरोपियों से पूछताछ में कुछ ओर चोरियों को सुराग मिल सकता है।

भान बडोदिया में बाइक सवारों की बस से हुई भिड़ंत

हादसे में 2 की मौत, तीसरे की हालत चिंताजनक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाइक पर सवार 3 ग्रामीणों की गुरूवार सुबह बस से सीधी भिड़त हो गई। हादसा काफी भयावह था, बाइक सवार ओव्हर टेक करने का प्रयास कर रहे थे। तीनों को अस्पताल लाया गया, जहां 2 की मौत होना की जानकारी डॉक्टरों द्वारा दी गई। एक घायल था, जिसे रैफर किया गया, परिजन निजी अस्पताल लेकर गये है।

घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे के लगभग ग्राम देवनखेड़ी और भान बडोदिया के बीच बाइक और बस के बीच भिड़ंत होने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। बाइक पर 3 ग्रामीण बुजुर्ग सवार थे, तीनों को गंभीर चोंट लगी थी, उन्हे तत्काल एम्बुलेंस से उज्जैन शासकीय चरक अस्पताल रवाना किया गया। जहां सामने आया कि 2 की मौत हो चुकी है, एक की हालत गंभीर है। दुर्घटना के परिजन सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे। जहां सामने आया कि मृतकों में मांगीलाल पिता देवीलाल 60 साल, मनोहर पिता सुखराम 60 साल है। घायल शंकर पिता पन्नालाल 55 साल है। तीनों ग्राम बिसनखेड़ी तराना के रहने वाले है। मृतक देवीलाल के दामाद प्रवीण परमार ने बताया कि तीनों बाइक से उज्जैन गेहूं (बीज) खरीदने आ रहे थे। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था, पुलिस के अनुसार बस आंनद ट्रेवल्स की है जिसे जप्त कर चालक की तलाश की जा रही है।



रात 10.30 बजे टकराई बाइक-स्कूटी, 1 की मौत

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल नाका पर रात 10.30 बजे बाइक और स्कूटी के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों पर सवार 2 युवक सड़क पर गिर गये। उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान एक की मौत होना सामने आया। जिसकी पहचान करने पर नाम छोटू पिता हमीद 25 साल निवासी नीलगंगा मल्टी सामने आया है। घायल अज्ञात था, जिसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। चरक अस्पताल स्टॉफ द्वारा मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार ड्युटी कम्पाउंडर की सूचना पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक और घायल के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। पुलिस द्वारा घटनास्थल के पास पेट्रोल पंप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें।

तीन दिन में पांच की हुई मौत

शहर और आसपास के मार्गो पर तीन दिनों से सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। गुरूवार सुबह तराना के 2 ग्रामीणों की मौत के बाद शाम को भैरवगढ़ क्षेत्र में एक युवक की मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार-बुधवार रात बड़नगर मार्ग चंदूखेड़ी में बाइक सवार जाहिद खान निवासी बडनगर की मौत हो गई थी। उसका साथी वसीम खान घायल हुआ था। उससे पहले सोमवार-मंगलवार रात दरगाह मंडी चौराहा पर बापूनगर के रहने वाले दीपक सोनी की दर्दनाक मौत हो सामने आया था और उसका साथी आकाश सूर्यवंशी घायल हुआ था। शनिवार-रविवार रात कायथा में हुई दुर्घटना के दौरान रामेश्वर पिता गोकुल नायक की मौत हो गई थी और पुत्र निकुंज घायल हुआ था।

डंडे का खौफ देख उछलते दिखे गोली चलाने वाले बदमाश

रंजीश को लेकर वाल्मिकी नगर में किये थे हवाई फायर



उज्जैन। रंजीश के चलते गोली चलाकर भागे 2 बदमाशों को पुलिस ने बुधवार-गुरूवार रात गिरफ्तार कर लिया। दोनों को घटना की तस्दीक के लिये घटनास्थल ले जाया गया तो कानून के डंडे का खौफ देख उछलते कूदते दिखाई दिये। पुलिस ने क्षेत्र में उनकी दहशत को कम करने के लिये जुलूस निकाला।

माधवनगर थाना क्षेत्र के वाल्मिकी नगर में खरे परिवार के घर पर मंगलवार-बुधवार रात 2 बदमाशों ने दहशत फैलाते हुये गोलियां चलाई थी। बदमाश खरे परिवार के पुत्र सुजल खरे का धमकाने आये थे। सुजल के पिता सुनील खरे की शिकयत पर गोली चलाने वाले साहिल पिता संतोष निवासी अशोकनगर और सचिन पिता मोहनलाल निवासी गढ़कालिका मार्ग जानकीनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। बदमाशों को गोली चलाते सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। दोनों की सुजल खरे से पुरानी दुश्मनी थी, जिसके चलते दहशत फैलाने के लिये फायर किया था। पुलिस दोनों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बुधवार-गुरूवार रात दोनों को विक्रमनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। दिनभर पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर पिस्टल बरामद की गई है। दोनों को दोपहर बाद घटना की तस्दीक और भागने वाले रास्तों की जानकारी जुटाने के लिये वाल्मिकी नगर ले जाया गया। जहां उनकी दहशत गर्दी कम करने के लिये जुलूस निकाला गया। पुलिस द्वारा जुलूस निकालने के साथ बदमाशों को कानून के डंडे का खौफ दिखाया गया। दोनों बदमाश डंडे के सामने उछलते-कूदते दिखाई दिये। दोनों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। माधवनगर टीआई गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि दोनों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

फांसी लगाकर युवक ने समाप्त की जीवनलीला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मेडिकल का व्यवसाय बंद कर चुके युवक ने गुरूवार दोपहर को फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया है। फांसी लगाने से पहले युवक ने सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें आत्महत्या की वजह नहीं बताई है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि तिरूपति प्लेटिनम कालोनी में रहने वाले राहुल पिता सूरज डोहरिया द्वारा अपने घर में फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक को फंदे से उतारा गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा किसी पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं था बस लिखा था कि मैं जा रहा हूं भैय्या मम्मी पापा का ध्यान रखना। पुलिस ने सुसाइड नोट जप्त कर शव पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया और मर्ग कायम किया। परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि नानाखेड़ा पर मेडिकल चलाता था। कुछ माह पहले मेडिकल बंद कर दिया था और राजस्थान चला गया था। जहां इवेंट मैनेजमेंट का काम करने लगा था। लेकिन वहां से वापस लौट आया था। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का सामने आया है। फांसी लगाने की वजह सुसाइड नोट से स्पष्ट नहीं हो पाई है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के बाद परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

खेत पर बने कुएं से मिला महिला का शव

उज्जैन। शाम को घर नहीं लौटी महिला को परिजन खेत पर तलाश करने पहुंचे तो उसके कुएं में गिरी की जानकारी सामने आई। पुलिस और गांव वालों ने तलाशी अभियान चलाया। करीब एक घंटे बाद उसका शव बाहर निकाला जा सका। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुराडिया गुर्जर में रहने वाली राधा पति देवीसिंह 40 साल खेत पर गई थी। शाम को घर नहीं लौटी तो परिजन उसे देखने पहुंचे। खेत पर बने कुएं के पास उसकी चप्पल दिखाई दी। कुएं में गिरने की शंका होने पर परिजनों ने गांव वालों के साथ तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पहुंच गई थी। करीब एक घंटे बाद राधाबाई को बाहर निकाला गया। परिजनों ने बताया कि राधाबाई 4 बेटी एक बेटे की मां थी। उसकी एक बेटी दिव्यांग है, जो चल-फिर नहीं सकती है। राधाबाई रोज खेत पर भैंस लेकर जाती थी और शाम को वापस लौट आती थी। बुधवार शाम नहीं लौटती तो उसे देखने पहुंचे थे। परिजनों ने आशंका जताई की बिना मुंडेर के कुएं में पैर फिसलने से हादसा हुआ है। घर परिवार के में कोई वाद-विवाद नहीं था। पति मजदूरी करता है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया।

युवकों के पास मिली हजारों की शराब

उज्जैन। कार से अवैध शराब लेकर आने की खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और कार को रोक लिया। कार की डिक्की में देशी शराब की 7 पेटी रखी होना पाई गई। कार सवार 3 युवकों को हिरासत में लिया गया है।

चिमनगंज थाना प्रधान आरक्षक मंगल टैगोर ने बताया कि सूचना मिली थी कि कार से कुछ युवक अवैध शराब लेकर गरोठ ब्रिज से ढांचा भवन आने वाले है। सूचना पर प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, आरक्षक दीपक दीनकर और टीम के साथ गरोठ ब्रिज कार्मल स्कूल की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी की गई। कुछ देर में कार आती दिखाई दी तो उसे रोका गया। उसमें 3 युवक सवार थे। तीनों को हिरासत में लिया गया और तलाशी ली गई तो डिक्की में रखे देशी शराब की 7 पेटी बरामद हो गई। जिसकी कीमत 35 हजार रूपये थी। कार के साथ शराब जप्त की तीनों को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में एक का नाम जितेन्द्र उर्फ जीतू पिता कमल कैथवास निवासी वैकुंडधाम मक्सीरोड, दूसरे का सौरभ पिता राजेश श्रीवास धन्नालाल की चाल और तीसरे का नाम रवि पिता दिनेश बैरागी निवास हीरामिल की चाल सामने आये। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 को जेल भेजकर जितेन्द्र उर्फ जीतू को रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कबूल किया कि शराब देपालपुर से लेकर आये थे। प्रधान आरक्षक टैगोर के अनुसार अवैध शराब से जुडे अन्य साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां ठिकाने लगाने वाले थे।

जंतर-मंतर से पंचमुखी हनुमान सडक निर्माण कार्य....

धीमी गति का काम, ठेकेदार पर 5 लाख रूपए पेनल्टी

नगर निगम आयुक्त ने निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए....

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 के तहत पंचमुखी हनुमान से जंतर-मंतर मार्ग निर्माण के काम में धीमी गति पाए जाने पर गुरूवार को निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नाराजगी जताई। कार्यस्थल पर अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त श्रमिक नहीं लगाए जाने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं।

लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से 930 मीटर लंबे इस मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किए जाने का कार्य प्रचलित है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व के लिए शहर में किए जा रहे प्रत्येक निर्माण कार्य की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में कार्य की गति धीमी रखने अथवा निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं करने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि कार्य की निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्य में अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध पेनल्टी की कार्रवाई की जाएगी।



यहां भी पहुंचे निरीक्षण को-निगम आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा अमृत-2 योजना अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम डी-मार्ट से सिकंदरी एसआर-4 मार्ग का निरीक्षण किया गया। लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से 1.5 किलोमीटर लंबे मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किए जाने का कार्य प्रचलित है। यहां से वे जीवनखेड़ी-सिकंदरी एमआर-21 मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। लगभग 36 करोड रुपए की लागत से 2 किलोमीटर से अधिक लंबे मार्ग को 30 मीटर चौड़ा किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा

मुख्य अभियंता (क्रय)/ मुख्या पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPC-C-BPL-09, दिनांक: 29.09.2026 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 14/12/2026 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **(1) निविदा क्रमांक: CPC-C-BPL-09 कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य में इटारसी-बीना चौथी बड़ी लाइन परियोजना के संबंध में इटारसी (कि.मी. 745.130) से बीना (कि.मी. 982.130) तक चौथी बड़ी लाइन का निर्माण, जिसमें मिट्टी कार्य, सुरंगें, पुल, रोड ओवर ब्रिज (ROB), रोड अंडर ब्रिज (RUB), स्टेशन भवन, ट्रैक कार्य, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्य तथा अन्य संबद्ध विविध कार्य शामिल हैं। निविदा की अनुमानित मूल्य: ₹34406310221.38/- निविदा फॉर्म की कीमत: ₹ 0.00 बयाना राशि: ₹ 688126200/- कार्य समापन अवधि (माह):** 1095 दिन **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 14/12/2026 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा। (हस्ता.)

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (क्रय), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

सम्मान देना आना चाहिए



सम्मान देने का भाव बच्चों में शुरू से डालना चाहिए। इसे ही अंग्रेजी में प्रोटोकॉल कहते हैं - क्या किसकी मर्यादा है। आज मैं देखता हूं- पिताजी खड़े रहते हैं और बेटा बैठ जाता है। बतलाइए, कहीं ऐसा होता है क्या कि पुलिस का बड़ा अधिकारी खड़ा हो और छोटा अधिकारी बैठ जाए। ऐसा तो नहीं होता, ऐसा कोर्ट में भी नहीं होता। सेना में नहीं होता, बड़े संगठन में ऐसा होगा क्या?

बड़ा जब तक खड़ा है, तब तक छोटा भी खड़ा रहेगा। बड़ा यदि बैठा है, तो छोटा भी बैठ सकता है, किंतु पूछकर बैठेगा। आज सम्मान देने का भाव बहुत ही कम हो रहा है, प्रोटोकॉल लोग समझ ही नहीं रहे हैं। अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः। चैतन्य महाप्रभु ने कहा कि यदि किसी को भक?त बनना है, भगवान का भजन करना है, तो मान की इच्छा छोड़े और मान देने की इच्छा से जुड़े। हमें दूसरों को मान देना है। हम चाहते हैं कि सब लोग हमारी जय-जयकार करें। मान देने की परंपरा, मर्यादा निभाने की परंपरा बच्चों को शुरू से ही बतलानी चाहिए। जब पिता जी आएं, तो आप खड़े हो जाओ, उन्हें प्रणाम करो, ये शुरू से सिखाना होगा। प्रणाम बहुत बड़ी साधना है। प्रणाम समाज का बहुत बड़ा जोड़ने वाला द्रव है। सम्मान ही आदमी को चाहिए। भोजन या कपड़ा सारे लोग नहीं मांगते, किंतु सम्मान सबको अच्छा लगता है। आज भी लोग बच्चों से हाथ जुड़वाते हैं, किंतु कई परिवारों में यह बंद हो रहा है। बच्चों को नहीं सिखाते और स्वयं भी नहीं करते हैं।

पूरी दुनिया का मूल मंत्र है प्रणाम। हमें किसी को पिघलाना है, हमें किसी को अपना बनाना है, तो उसे हम प्रणाम करें और सब बातें तो गौण हैं। ये शिक्षा देनी ही चाहिए कि जब तक बड़े खड़े हैं, तब तक छोटों को बैठना नहीं है। यह सिखाना घर के विद्यालय का कार्य है। अभी तो आधुनिक शिक्षा पद्धति में बच्चे बैठे रहते हैं और अध्यापक खड़े रहकर पढ़ाते हैं। बतलाइए, अब क्या शिक्षा होगी? अब कक्षा में हाथ नहीं जोड़ना है, बस अपनी जगह खड़े हो जाइए और फिर बैठ जाइए, बेचारा अध्यापक खड़ा रहेगा। उसे देर तक खड़ा रहना है। ऐसा सेना में होगा क्या? ऐसा तो नहीं होगा। जितनी बार बड़ा अधिकारी सामने आता है, उतनी बार छोटा अधिकारी सैल्यूट मारता है। सभी लोगों को बच्चों को सैनिक बनाना है। जो सेना में प्रोटोकॉल है, केवल वही नहीं, जो संतों में प्रोटोकॉल है, वह भी बताना है। जो मर्यादाएं सेना में हैं, जो मर्यादाएं दूसरे संस्थानों में हैं, उसके साथ ही हमें संतत्व की शिक्षा भी देनी चाहिए। जो हमें आदर देता है, मर्यादा के साथ सारे व्यवहार करता है, वही तो संत है। शुरू से ही शिक्षा हो और शिक्षा की जो विवेचना है, वह ऐसे दी जाए कि प्रत्यक्ष ज्ञान हो जाए। रामजी जब सुबह उठते थे, तब सभी बड़ों, गुरुजनों को प्रणाम करते थे।

सम्पादकीय

हम कर दिखाएंगे

लोकतंत्र में किसी भी राजनेता के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे करना सचमुच विरल है। दुनिया की दिग्गज हस्तियों में शुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये 25 साल सदैव चर्चा और विमर्श का विषय रहेंगे। उनके बारे में यह पहले ही कहा गया था कि वह मात्र शासन करने नहीं, बल्कि राष्ट्र बदलने आए हैं। बहुत कुछ बदल गया, और अब 25वां वर्ष पूरा करते हुए भी वह बहुत कुछ करने के उत्साह से भरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को फिर से सामने रखते हुए एक आह्वान किया है- वी विल डु इट, अर्थात हम इसे करेंगे। वी विल डु इट में विकसित भारत, देश में ओलंपिक का आयोजन और अंतरिक्ष में कदम रखने का लक्ष्य प्रमुखता से शामिल है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में जनसेवा के अपने सफर का विस्तार से हवाला देते हुए स्वीकार किया है कि उनके आलोचकों और राजनीतिक विरोधियों ने ही उन्हें लोकतंत्र की ताकत सिखाई है। उन्होंने ही उन्हें आत्म-निरीक्षण करना सिखाया है।

प्रधानमंत्री ने जन-शक्ति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने जीवन में आए अनेक महत्वपूर्ण पड़ावों का उल्लेख किया है। देश की तेज आर्थिक तरक्की का वर्णन करते हुए उन्होंने विरोधियों पर भी निशाना साधा। देश के संघर्ष को याद करते हुए उन्होंने भविष्य की एक रूपरेखा सामने रखी है। स्वाभाविक ही, देश के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चुनावी लाभ के लिए समाज को जाति और समुदाय के आधार पर बांटने की प्रवृत्ति है, जिस पर प्रधानमंत्री ने उचित प्रहार किया है। खेतों में पानी की कमी होती है, तो कोई एक जाति ही प्रभावित नहीं होती है। जब बिजली नहीं होती है, तो केवल एक समुदाय के घर अंधेरा नहीं छाता है। सचमुच, अगर समस्या सबकी है, तो समाधान भी सबके लिए होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह धारणा हमारे संविधान से प्रेरित है और तमाम राजनीतिक पार्टियों को इसी के अनुरूप चलना चाहिए। राजनेताओं के लिए जनता ही भगवान होनी चाहिए। जनता के कष्ट को समझना और समाधान ही नेताओं का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री के नाम अनेक उपलब्धियां हैं, पर उन्होंने माना है कि सीखने की लगन उनके जीवन का अंग है और वह खुद को अब भी विद्यार्थी मानते हैं।

सामूहिक निर्णय की जवाबदारी

फॉर्म 6 में बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त के बाद राजनीतिक मायने ?



सौरभ वार्ष्णेया
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र में नागरिक के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मताधिकार का आधार हैं। इसलिए मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का बदलाव, संशोधन या नई प्रक्रिया केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कानून, पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता जुड़ी होती है। ऐसे में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दौरान मतदाता पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है।

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि उसने फॉर्म-6 में इस प्रकार के किसी बदलाव को मंजूरी नहीं दी थी। अदालत ने यह जानने की इच्छा जताई है कि आखिर यह बदलाव किसके स्तर पर हुआ और इसके पीछे निर्णय लेने की पूरी प्रक्रिया क्या थी। सीजेआई सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि यदि कोई गैर-कानूनी काम हुआ है तो उसके परिणाम भुगतने होंगे, मामले की गंभीरता को स्पष्ट करती है। यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि किसी वैधानिक प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले फॉर्म में बदलाव किया गया, तो वह किस अधिकार के तहत किया गया? क्या यह निर्णय चुनाव आयोग के स्तर पर सामूहिक रूप से लिया गया? क्या सभी चुनाव आयुक्तों की सहमति इसमें थी? क्या इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया? और सबसे महत्वपूर्ण क्या इस बदलाव की जानकारी सार्वजनिक रूप से दी गई थी?

लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की ताकत केवल उसके अधिकारों में नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता और सार्वजनिक विश्वास में होती है। चुनाव आयोग पर किसी एक राजनीतिक दल या सरकार का प्रभाव होने का संदेह भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए आयोग के प्रत्येक निर्णय में प्रक्रिया की पारदर्शिता उतनी ही आवश्यक है, जितना उसका अंतिम परिणाम। फॉर्म 6 का मामला इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि यह नए मतदाताओं के पंजीकरण से संबंधित है। यदि इस प्रक्रिया में कोई अतिरिक्त घोषणा, दस्तावेज या शर्त जोड़ी जाती है, तो उसका सीधा प्रभाव नागरिक के मतदाता बनने के अधिकार पर पड़ सकता है। किसी पात्र नागरिक को केवल प्रक्रिया की जटिलता के कारण मताधिकार से वंचित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं माना जा सकता। एसआईआर को लेकर पहले से ही राजनीतिक विवाद चल रहा है। विपक्षी दल इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि बड़ी संख्या में मतदाता इससे प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग का तर्क अपनी जगह है। ऐसे माहौल में यदि फॉर्म 6 जैसे बुनियादी दस्तावेज में बदलाव को लेकर भी अस्पष्टता पैदा होती है, तो स्वाभाविक रूप से संदेह और बढ़ता है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू उठाया है निर्णय लेने की संस्थागत प्रक्रिया। अदालत यह जानना चाहती है कि एसआईआर से संबंधित निर्णय केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लिए या फिर चुनाव आयोग ने उन्हें बहुमत अथवा सर्वसम्मति से मंजूरी दी। यह प्रश्न केवल वर्तमान विवाद तक सीमित नहीं है। यह चुनाव आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रणाली और संवैधानिक जवाबदेही से भी जुड़ा हुआ है। चुनाव आयोग कोई व्यक्तिगत संस्था नहीं है। यह एक संवैधानिक संस्था है और उसके निर्णय संस्थागत होने चाहिए। यदि किसी मामले में सर्वसम्मति नहीं बनती, तो कानून के अनुसार निर्णय लेने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। यदि कोई महत्वपूर्ण निर्णय केवल एक व्यक्ति के स्तर पर लिया गया हो और बाकी सदस्यों की भूमिका नगण्य कर दी गई हो, तो स्वाभाविक रूप से संस्थागत संतुलन पर प्रश्न उठेंगे।

हालांकि, इस पूरे मामले में जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालना भी उचित नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मुख्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने संबंधी अंतरिम आदेश देने से इनकार किया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल अखबार की रिपोर्ट के आधार पर कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। यह न्यायिक संयम लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। अदालत ने चुनाव आयोग से रिकॉर्ड मांगा है। यही रिकॉर्ड अब इस विवाद की वास्तविक तस्वीर सामने लाएगा। यदि रिकॉर्ड यह साबित करता है कि सभी निर्णय नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लिए गए थे, तो विवाद का एक बड़ा हिस्सा स्वतः समाप्त हो जाएगा। लेकिन यदि रिकॉर्ड से यह सामने आता है कि किसी महत्वपूर्ण निर्णय को आवश्यक संस्थागत सहमति के बिना लागू किया गया, तो फिर सवाल केवल फॉर्म 6 तक सीमित नहीं रहेगा।

यह मामला चुनाव आयोग की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा भी बन सकता है। देश की जनता यह जानना चाहेगी कि मतदाता सूची से जुड़े इतने महत्वपूर्ण फैसले किस प्रक्रिया के तहत लिए गए। आखिर चुनाव आयोग की शक्ति का आधार कानून है या प्रशासनिक विवेक? और यदि कोई बदलाव किया गया तो उसकी वैधानिक स्वीकृति कहां है? आज आवश्यकता इस बात की है कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े हर विवाद का समाधान राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि दस्तावेजों, कानून और पारदर्शी प्रक्रिया के आधार पर हो। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, किसी को भी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें एक गलत नाम का शामिल होना जितनी बड़ी समस्या है, उतना ही गंभीर किसी पात्र मतदाता का नाम छूट जाना भी है। इसलिए मतदाता सूची के शुद्धीकरण के नाम पर यदि प्रक्रिया अपनाई जा रही है, तो उसकी हर कड़ी स्पष्ट, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल केवल एक सवाल उठाया है कि फॉर्म 6 में बदलाव आखिर किसने किया? लेकिन इस सवाल के पीछे लोकतंत्र का इससे भी बड़ा प्रश्न छिपा है कि क्या चुनावी प्रक्रिया में लिए जाने वाले प्रत्येक निर्णय का संस्थागत और वैधानिक हिसाब जनता के सामने होना चाहिए? इसका उत्तर निश्चित रूप से हां है।क्योंकि चुनाव केवल वोट डालने का दिन नहीं है। चुनाव उस पूरी प्रक्रिया का नाम है जिसमें मतदाता सूची से लेकर मतदान केंद्र और मतगणना तक हर कदम पर नागरिक का विश्वास कायम रहना चाहिए। यदि इस विश्वास में दरार आती है तो उसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक तंत्र को होता है।

फर्जी मोहब्बत, असली बिल

मुखर्जी नगर के एक अंधेरे कमरे में लक्ष्मीकांत भारत का संविधान चाट रहा था, लेकिन अंदर से उसकी अंतरात्मा कह रही थी कि जीवन में फंडामेंटल राइट्स से ज्यादा जरूरी मैच का राइट स्वाइप होना है। वो यूपीएससी एस्पिरेंट था। एस्पिरेंट यानी वो जीव, जो दिन में नीति आयोग की रिपोर्ट पढ़ता है और रात को तकिए पर मुँह रखकर सोचता है कि काश कोई पूछ ले, बाबू ने खाना खाया?

उस दिन जब टिंडर पर उसकी स्क्रीन जगमगाई और लिखा आया कि इट्स अ मैच, तो लक्ष्मीकांत के पेट में वैसे ही तितलियाँ उड़ीं, जैसे प्रीलिम्स का कट ऑफ पार होने पर उड़ती हैं।

प्रोफाइल का नाम था काव्या। बायो में लिखा था, जस्ट एन ओल्ड सोल लुकिंग फॉर जेन्युइन वाइब्स, नो हुकअप्स, ओनली कॉफी एंड डीप टॉक्स। तस्वीरें ऐसी थीं मानो पिंट्रेस्ट से सीधे उतर आई हों। लक्ष्मीकांत ने पहला मैसेज भेजा, हेलो, नाइस डीपी। काव्या ने जवाब दिया, थैंक्स! यू सीम सो इंटलेक्चुअल यार!

बस! लड़के का दिल पिघलकर छोले भटूरे के मक्खन की तरह बह गया। तीन दिन चैट चली। बातचीत में काव्या ने खुद को थोड़ा मिस्टीरियस रखा। वो आधी रात को अचानक रिप्लाई करती, समटाइम्स, आई फील सो अलोन... और लक्ष्मीकांत अपने चार रजिस्टर किनारे रखकर उसे इमोशनल सपोर्ट देने में जुट जाता।

चौथे दिन काव्या का मैसेज आया, कल मेरा बर्थडे है। कोई बड़ा प्लान नहीं है... वुड यू लाइक टू मीट मी? जस्ट अ चिल वाइब?

लक्ष्मीकांत ने तुरंत अपनी अलमारी से वह सफेद शर्ट निकाली जो उसने मॉक इंटरव्यू के लिए रखी थी। परफ्यूम छिड़का, और मन ही मन सोचा कि भगवान ने अंततः यूपीएससी से पहले उसकी किस्मत का रिजल्ट निकाल दिया है। काव्या ने जगह तय की थी। ईस्ट दिल्ली की किसी तंग गली के भीतर दबा हुआ एक कैफे, कैफे शैडो।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 अक्टूबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल -10:30 से 12:00 तक
तिथि- चतुर्दशी20:46 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र- उत्राफाल्गुनी 21:39 उपरांत हस्त
योग- ब्रह्म 24:40 उपरांत ऐन्द्र
करण - भद्रा
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 27तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में नए सौदे मिलने से लाभ होगा।
वृषभ- प्रेम जीवन में एक-दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ेगा। धन की स्थिति सुधरेगी, निवेश कर सकते हैं।
मिथुन- स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा, स्फूर्ति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगे।
कर्क- व्यापार में विवेक से फैसले लें, मुनाफा होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।
सिंह- करियर में अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापार में बड़ा मुनाफा होने के योग हैं।
कन्या-प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में दिन बेहद शुभ है।
तुला- कार्यस्थल पर प्रभाव बढ़ेगा, नए अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, प्रसन्न रहें।
वृश्चिक-व्यापार में साझेदारी से बड़ा फायदा होगा। प्रेम जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। वित्तीय पक्ष काफी मजबूत रहेगा।
धनु- नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में प्रगति होगी, योजनाएं फलेंगी। मानसिक शांति बनी रहेगी।
मकर- संतान की ओर से खुशी मिलेगी। आय में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। उत्साह बना रहेगी।
कुंभ- वाणी और व्यवहार से लाभ होगा। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे।
मीन- परिवार में मांगलिक आयोजन की संभावना। बचत के प्रयास सफल रहेंगे। मानसिक शांति बनी रहेगी।

संजा पर्व चौदहवां दिन

आज से किलाकोट में अंकन शुरू

संजा पर्व के चौदहवें दिन तेरस से किला कोट बनाया जाएगा। संजा के ब्याह की तैयारियां शुरू हो जाएगी। सखियां व्यस्त हो जाएंगी क्योंकि किला कोट को बहुत बड़े चौपड़ पर बनाया जाता है। दो से चार सखियां मिलकर ही बना पाती है। गोबर से बने कोट से लेकर अंदर बनाए गए



माण्डनों पर रंगीन पन्नियां लगाई जाएगी। संजा की सखिया चुलबुली अदा के साथ संजा के ब्याह के ऐसे गीत गाएंगी जो चिढ़ानेवाले भी होंगे। इसके माध्यम से कुंवारी कन्याएं भिज्ञ हो जाती है कि विवाह में किसप्रकार से तैयारियां होती है और कितने लोगों, वर्गो का सहयोग प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से होता है।

किलाकोट से तात्पर्य

किलाकोट संजा की लोक कला का एक समग्र चित्रण होता है। इसमें लड़कियां अपनी कलात्मक उर्जा , क्षमता ओर दक्षता का प्रदर्शन करती है। बड़ी खुबसुरती के साथ माण्डनों को माण्डा जाता है। किलाकोट में अंकन का काम अमावस्या तक सतत चलता है। आम तौर पर बुजुर्ग महिलाएं 6 बाय 6 फिट के चस्मे पर, दिवार पर अंकन करवाती है। ताकि प्रत्येक माण्डना आसानी से बन जाए और उभरकर आए। किलाकोट की दिवार को एकल या दोहरी बनाया जाता है। किलाकोट के नीचे एक द्वार खुला रखा जाता है, जिस पर सीढ़ि बनाई जाती है। इसे निसरनी भी कहते हैं। वहीं ढोली बनाया जाता है। गोबर से बने ढोली के पेट पर भुट्टे का टुकड़ा लगाया जाता है, ताकि वह ढोल जैसा दिखे। इधर सफाईवाली रानीजी के हाथ में झाड़ू दी जाती है। इधर दायीं ओर चांद व बायीं ओर सूरज बनाया जाता है। बीच में संजा के लिए एक खटोला याने पलंग बनाया जाता है। किलाकोट में हाथी, घोड़ा, म्याना, पालकी की जगह छोड़ी जाती है। पालकी चौदस को बनाई जाती है। एक कोने में जहां केल और खजूर के पैड़ बनाए जाते हैं वहीं दूसरे कोने पर जाड़ी जसोदा व पतली पेमा बनाई जाती है। पूर्णिमा से बारस तक जितने भी माण्डने बनाए जा चुके हैं, उन्हे भी बनाया जाता है।

संजा की सखियां गीत गाती है-

तमारा सासरिया से हाथी भी आया,
घोड़ा भी आया, म्याना भी आया।
तम जाओ सासरिया संजा बई
हूं नी जउं सासरिया दाउजी।।
घोड़ा पाछे बंधवई दो
हाथी ठाणे बैठई दो
म्याना मेले उतरई दो
पालकी छज्जा उतरई दो।
तम जाओ सासरिया संजा बई
हूं नी जउं सासरिया दाउजी।।
पाटी पाड़ोगा, फूलवा ओढ़ोगा
गज मोतियां से मांग भरवाओगा।
तम जाओ सासरिया संजा बई
हूं नी जउं सासरिया दाउजी।।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

सर्वोच्च न्यायालय की महंगी दवाओं पर तीखी प्रतिक्रिया

सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया है। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा है। 2700 रुपए की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपए अंकित होने पर इसे न्यायामूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो दिन-दहाड़े डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में कत्लेआम यानी सामूहिक-संहार तक कहने में संकोच नहीं किया। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया कि इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है ? यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेबारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

यह विडंबना तब है, जब भारत सरकार एक दवा, एक मूल्य और एक गुणवत्ता नीति से जुड़ा कानून फरवरी 2025 में पूरे देष में लागू कर चुकी है। इस नियम के तहत खेरीज, थोक दवा विक्रेताओं और ई-फार्मेसी को दवाओं की मूल्य-सूची को सार्वजनिक रूप से दिखाना अनिवार्य है, ताकि रोगियों को तय दामों पर ही उचित गुणवत्ता की मानक दवाएं मिल सकें। परंतु शीर्ष न्यायालय की इस तीखी प्रतिक्रिया से साफ है कि दवा विक्रेताओं और सरकारी दवा खरीद से जुड़े अधिकारियों ने इस कानून को बट्टे खाते में डाल दिया है। कार्पोरेट अस्पताल अब सेवा नहीं उद्योग बन गए हैं। यहां तक की ये अस्पताल के भीतर स्थित मेडिकल स्टोर से ही रोगी को दवा खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। यदि कोई रोगी बाहर से दवा लाने को कहता है तो उपचार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने की बात (एक तरह की धमकी) कहते हैं। जबकि इनमें से ज्यादातर अस्पताल आयुष्मान भारत और अन्य सरकारी लाभदायी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत भी उपचार करते हैं। यानी दवा उत्पादकों और अस्पतालों की मनमानी कानून अस्तित्व में आने के बाद भी बनी हुई है। क्योंकि फार्मा कंपनियां अपनी दवाओं के मूल्य का निर्धारण किस आधार पर करती हैं, यह भी एक बड़ा सवाल है? साफ है, जब दवाएं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आती हैं, तो फिर एमआरपी के छद्म-आधारित मूल्य व्यवस्था कैसे और क्यों बनी हुई है ? जबकि सबका स्वास्थ्य रहना नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औशधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं और दवाओं की कीमत कई सैंकड़ा गुना तक अधिक रख देती हैं। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। ये महंगे दवा उत्पाद सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार के बूते खपाए जाते हैं।

इसके पहले नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने भी देषी-विदेशी दवा कंपनियों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

एक महीने में हनुमान से जुड़े तीन प्रसंग, क्या संदेश दे रही है आस्था?

पिछले कुछ समय में हनुमानजी से जुड़े तीन अलग-अलग प्रसंगों ने देशभर में लोगों का ध्यान खींचा है। उज्जैन में खड़े हनुमानजी की प्रतिमा को लेकर यह चर्चा हुई कि वह अपने स्थान से नहीं हटी। इसके बाद हनुमानजी और नीम करौली बाबा की भक्ति से प्रेरित फिल्म हनुमान अंश ने शुरूआती धीमी शुरूआत के बावजूद अप्रत्याशित सफलता हासिल की। और फिर विमान में संकट के बीच घायल कैप्टन स्मित मच्छार ने बताया कि वे कठिन क्षणों में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे और उसी से उन्हें साहस मिला।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

तीनों घटनाओं की प्रकृति अलग है। पहली घटना आस्था और तकनीकी प्रश्नों के बीच खड़ी है, दूसरी मनोरंजन जगत में भक्ति की स्वीकार्यता से जुड़ी है और तीसरी संकट की घड़ी में मनुष्य के आत्मबल की कहानी है। फिर भी इन तीनों को एक साथ देखने पर एक सवाल स्वाभाविक रूप से मन में आता है–क्या हनुमानजी कोई संदेश दे रहे हैं?

आस्था रखने वाला व्यक्ति इसका उत्तर अपने तरीके से देगा। उसके लिए यह संयोग मात्र नहीं, बल्कि ईश्वर की ओर से मिलने वाला संकेत हो सकता है। दूसरी ओर वैज्ञानिक दृष्टि कहती है कि किसी प्रतिमा का न हट पाना उसके निर्माण, आधार या जमीन से जुड़े तकनीकी कारणों से भी हो सकता है। उज्जैन प्रशासन ने भी प्रतिमा को लेकर किसी जल्दबाजी के बजाय विशेषज्ञों की तकनीकी और वैज्ञानिक जांच की बात कही है।

लेकिन धर्म और आस्था का अर्थ हर घटना को चमत्कार घोषित करना नहीं है। धर्म हमें घटनाओं के पीछे छिपे संदेश को समझने की दृष्टि भी देता है।

हनुमान अंश की सफलता इसका एक उदाहरण है। फिल्म ने बहुत मामूली शुरूआत की, लेकिन धीरे-धीरे लोगों की चर्चा और पसंद के कारण दर्शक बढ़ते गए। एक समय ऐसा आया जब यह फिल्म करोड़ों की कमाई तक पहुंच गई। इसे केवल चमत्कार कहना शायद उचित नहीं होगा। इसमें विषय, दर्शकों की रुचि और लोगों के बीच बनी चर्चा की भी भूमिका रही। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि भक्ति और आध्यात्मिक विषय आज भी लोगों के मन को छूते हैं।

सबसे भावपूर्ण प्रसंग कैप्टन स्मित मच्छर का है। विमान में संकट के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि वे हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। उनके अनुसार हनुमानजी ने उन्हें साहस दिया। इसी मानसिक शक्ति और अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ता ने उन्हें संकट से लड़ने का संबल दिया। यहीं हनुमानजी के चरित्र का सबसे बड़ा संदेश सामने आता है–संकट से भागना नहीं, संकट के सामने खड़े रहना।

हनुमानजी केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं। वे सेवा, समर्पण, विनम्रता, बुद्धि, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के भी प्रतीक हैं। रामकाज में अपनी पूरी शक्ति लगाने के बाद भी उन्होंने कभी उसका श्रेय स्वयं नहीं लिया। यही कारण है कि हनुमान भक्ति केवल मंदिर में दीप जलाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। आज जब जीवन में तनाव, भय, असफलता और अनिश्चितता बढ़ रही है, तब हनुमान चालीसा का पाठ मन को स्थिर करने का माध्यम बन सकता है। लेकिन पाठ के साथ उसके भाव को जीवन में उतारना भी जरूरी है। शायद इन तीन घटनाओं को जोड़कर पूछे गए सवाल का उत्तर यही है–हनुमानजी हमें चमत्कार खोजने से ज्यादा अपने भीतर की शक्ति पहचानने का संदेश दे रहे हैं।

प्रतिमा हमें आस्था और धैर्य की याद दिलाती है। हनुमान अंश हमें बताता है कि भक्ति का भाव आज भी लोगों के मन तक पहुंच सकता है। और कैप्टन स्मित की घटना बताती है कि संकट की घड़ी में विश्वास मनुष्य को भीतर से मजबूत कर सकता है। आस्था में प्रश्न पूछना गलत नहीं, लेकिन हर प्रश्न का उत्तर चमत्कार में तलाशना भी जरूरी नहीं। कभी-कभी ईश्वर का संदेश किसी अलौकिक घटना से नहीं, बल्कि किसी मनुष्य के साहस, सेवा और कर्म से मिलता है। हनुमानजी शायद यही कह रहे हैं–शक्ति मांगने से पहले अपने भीतर की शक्ति जगाओ, संकट से घबराने के बजाय उसका सामना करो और जो सामर्थ्य मिला है, उसे केवल अपने लिए नहीं, दूसरों की रक्षा और सेवा के लिए लगाओ।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,49,000 रवा- 1,48,700 चांदी-टंच- 2,23,500 पाट- 2,22,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



नहरों के माध्यम से चीलर बांध का पानी देने की मांग, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

शाजापुर। अल्पवर्षा के कारण सिंचाई के लिए पानी की किल्लत से परेशान किसानों ने ज्ञापन सौंपकर चीलर बांध का पानी नहरों के माध्यम से दिए जाने की मांग की है। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार राकेश चौहान को ज्ञापन सौंपकर चीलर बांध से नहरों में पानी छोड़ने और नर्मदा परियोजना के तहत नर्मदा का पानी बांध में लाने की मांग की। किसानों का कहना है कि चीलर बांध में 15 फीट पानी है, जिसे नहरों के जरिए खेतों तक पहुंचाया जाए। इससे मौजूदा फसलों की सिंचाई हो सकेगी। उनका कहना है कि शहर के लिए 7 फीट पानी काफी है, बाकी सिंचाई के लिए छोड़ा जाए। साथ ही नर्मदा परियोजना से नर्मदा का पानी चीलर बांध में शीघ्र ही छोड़ा जाए।

कृष्णा नगर में 56 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध मौत

शुजालपुर। मंडी थाना क्षेत्र की कृष्णा नगर कॉलोनी में बुधवार को 56 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक विक्रम सिंह भिलाला बस स्टैंड शुजालपुर मंडी स्थित एक ढाबे पर लंबे समय से काम करता था और कृष्णा नगर में अकेले रहता था। ढाबा संचालक के अनुसार विक्रम सिंह रोजाना की तरह बुधवार दोपहर करीब 12 बजे घर गया था। वह सामान्यतः ढाई से तीन बजे के बीच ढाबे पर लौट आता था, तीन बजे तक नहीं पहुंचने पर उसे मोबाइल लगाया, लेकिन फ ोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद एक कर्मचारी को घर भेजा गया। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। आसपास के लोगों की मौजूदगी में गेट खोलकर देखा तो विक्रम सिंह अंदर मृत अवस्था में पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मौत हृदयाघात से होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का सिविल अस्पताल में परीक्षण कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की स्थिति स्पष्ट होगी।


राहुल बने जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर

शुजालपुर। कांग्रेस पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल अशोक परमार को कांग्रेस ने जवाहर बाल मंच में नई जिम्मेदारी सौंपी है। वे राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के साथ अब राजस्थान और छत्तीसगढ़ के प्रभारी भी होंगे। इससे पहले वे बिहार के प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। परमार पिछले दो वर्षों से जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

हिरणों के रेस्क्यू के लिए भारत पहुंचा दक्षिण अफ्रीका का दल

आज से 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, इस बार 2000 कृष्णमृगों के रेस्क्यू का लक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जिले में बढ़ती कृष्णमृगों की संख्या और किसानों की फ सलों को हो रहे नुकसान के बीच वन विभाग एक बार फि र बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू करने जा रहा है। कृष्णमृगों के रेस्क्यू के लिए दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम बुधवार को मुंबई पहुंच गई। गुरुवार को इंदौर पहुंचने के बाद टीम के आज शुजालपुर आने की संभावना है। दल का स्वागत शुजालपुर जटाशंकर के समीप किया जाएगा। इसके बाद 9 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान चलेगा।

वन विभाग के अनुविभाग अधिकारी शाजापुर फ तेह सिंह निनामा ने बताया कि प्रदेश के वन अधिकारियों के मार्गदर्शन में अभियान संचालित किया जाएगा। वन मंडल अधिकारी उत्पादन देवास प्रभुरंजन रेड्डी एवं वन मंडल अधिकारी सामान्य देवास एवं प्रभारी डीएफ ओ शाजापुर अमित सिंह चौहान के नेतृत्व में चलने वाले इस अभियान में मैदानी स्तर पर वन विभाग के 120 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों का भी सहयोग अभियान में लिया जाएगा। इस वर्ष वन विभाग ने करीब 2000 कृष्णमृगों के रेस्क्यू का लक्ष्य रखा है। इसके लिए दक्षिण अफ्रीका में प्रचलित बोमा पद्धति का उपयोग किया जाएगा।

रेस्क्यू अभियान के लिए शुजालपुर में स्कॉलर्स एकेडमी के खेल मैदान में हेलिपैड तैयार किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर कालापीपल और पोलायकलां में पहले से बने हेलिपैड का भी उपयोग किया जाएगा। वन विभाग ने बोमा लगाए जाने के संभावित स्थान भी चिन्हित कर लिए हैं। दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ दल के साथ बैठक के बाद इन स्थानों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

पिछले वर्ष 21 दिन में रेस्क्यू किए थे 913 वन्यजीव

गत वर्ष दक्षिण अफ्र ीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस टीम और वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर एवं बोमा पद्धति से कृष्णमृगों के रेस्क्यू का पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था। यह अभियान 15 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025 तक 21 दिन चला था। इस दौरान जिले से कुल 913 वन्यजीवों को रेस्क्यू किया गया, जिनमें 846 कृष्णमृग और 67 नीलगाय शामिल थीं।



ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शाजापुर। अंधगति से दौड़ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रू‍प से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बेरछा मार्ग पर आला उमरोद जोड़ के पास बुधवार सुबह ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार मोहित सौराष्ट्रीय की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका साथी शिवम गंभीर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मोहित सौराष्ट्रीय और शिवम बुधवार सुबह अपने गांव लाहौरी लौट रहे थे। इसी दौरान आला उमरोद जोड़ के पास उनकी बाइक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हाईवे से लेकर शहर के अंदरूनी हिस्सों में भी ट्रैक्टर अंधगति से दौड़ते नजर आते हैं। पुराने फिल्मी गीत धुनकते हुए चालक तेज रफ्तार से बिना नंबर वाले ट्रैक्टर ट्राली को हवा से बाते कराते हुए लोगों की जान पर मुसीबत बने हुए हैं, लेकिन इन खेती के वाहनों की रफ्तार में नकेल नही कसी जा रही है जो हादसों का सबब बन रहा है।

घर के आंगन में खेल रही 6 साल की मासूम पर जानलेवा हमला, गांव में फैली दहशत

शाजापुर। सुरक्षित माने जाने वाले घर के आंगन भी अब मासूमों के लिए महफूज नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि जिले के ग्राम बिरगोद से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां घर के बाहर खेल रही एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची पर अचानक एक सियार ने हमला कर दिया। बच्ची की चीखें सुनकर दौड़े परिजनों ने किसी तरह सियार को भगाकर उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम बिरगोद निवासी कमल कराड़ा की 6 साल की बेटी दिव्यांशी अपने घर के बाहर आंगन में खेल रही थी। उसी दौरान घात लगाए बैठे एक सियार ने अचानक बच्ची पर झपट्टा मार दिया। सियार ने मासूम के नाक और गले को अपना निशाना बनाया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक हुए इस हमले से बच्ची चीखने-चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर दौड़े और सियार को खदेड़कर बच्ची को लहूलुहान हालत में आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में तुरंत बच्ची का इलाज शुरू किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, प्राथमिक उपचार के बाद फिलहाल दिव्यांशी की स्थिति सामान्य और स्थिर है।



ट्रेन की चपेट में आने से चार गाय की मौत, रेलवे स्टेशन के समीप हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



रेलवे ट्रैक पर मवेशियों के पहुंचने और ट्रेन की चपेट में आने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बुधवार को शुजालपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक बार फिर ऐसा हादसा हुआ। भोपाल से जयपुर की ओर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के सामने अचानक तीन से चार गायें आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से इन मवेशियों की मौत हो गई, इनमें से एक गाय का शव इंजन में फं स गया, इसके चलते ट्रेन करीब आधे घंटे तक मौके पर खड़ी रही।

मिली जानकारी के अनुसार शाम लगभग 6.05 बजे भोपाल से जयपुर की ओर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस कालापीपल की ओर से शुजालपुर आ रही थी। रेलवे स्टेशन से पहले गार्डन के पीछे अचानक कुछ गायें ट्रैक पर आ गईं। ट्रेन पायलेट ने दूर से ही हॉर्न बजाकर मवेशियों को हटाने का प्रयास किया और ट्रेन की गति भी कम की, लेकिन गायें ट्रैक से नहीं हट सकीं।

ट्रेन में सवार एक यात्री के अनुसार टक्कर के बाद एक गाय इंजन के हिस्से में बुरी तरह फं स गई। इसके चलते ट्रेन को रोकना पड़ा। चालक और अन्य ने काफी मशक्कत के बाद इंजन में फं से मवेशी को हटाया, जिसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो सकी।

यह पहली घटना नहीं है, उज्जैन-भोपाल रेलखंड पर शुजालपुर के समीप कमल्या फ ाटक के समीप शनिवार को 6 गायों के ट्रेन की चपेट में आने की घटना सामने आई थी। हादसे में सभी गायों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

जिम्मेदारी तय करने की जरूरत

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं में केवल रेलवे ट्रैक की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि मवेशियों की निगरानी और पशुपालकों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। खुले में छोड़े गए मवेशी कब सड़क से रेलवे ट्रैक तक पहुंच जाते हैं, इसका पता नहीं चलता। एक ओर इससे बेजुबान पशुओं की जान जा रही है, वहीं दूसरी ओर ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होता है।

तीन पटवारियों की सेवा समाप्ति के विरोध में आंदोलन, छुट्टी का ऐलान

अवन्तिका ▸▸ देवास



बुधवार को 2000 पटवारियों ने 8.5 घंटे प्रदर्शन किया। यह सेवा समाप्ति, निलंबन व अन्य कार्रवाई के विरोध में था। बुधवार को दोपहर से रात 10.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन चला। पटवारी नारेबाजी करते हुए परिसर में डटे रहे।

कलेक्टर के नहीं पहुंचने पर गेट पर धरना दिया गया, भजन-कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ। रात 10.30 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। रैली स्वस्तिक गार्डन से कलेक्टर कार्यालय पहुंची।

9 अक्टूबर तक सामूहिक छुट्टी

मुख्य विरोध देवास के तीन परिवीक्षाधीन पटवारियों को नौकरी से निकालने व अन्य जिलों में हुई कार्रवाई को लेकर है। संघ अध्यक्ष मोहन राठौर ने बताया, जिले के 350 से अधिक पटवारी 9 अक्टूबर तक सामूहिक छुट्टी पर रहेंगे। इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन समेत राजस्व काम ठप होंगे। ऑनलाइन राजस्व कामों से भी पटवारी दूर रहेंगे। गुरुवार को भोपाल में राज्य स्तर की बैठक होगी, जहां आगे के आंदोलन पर चर्चा होगी।

अभाविप का तेजस्विनी युवती सम्मेलन

छात्राओं ने लिया सुरक्षा, स्वाभिमान और राष्ट्र निर्माण का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाजापुर जिला इकाई द्वारा नगर में तेजस्विनी युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित सम्मेलन में 16 से 30 वर्ष की सैकड़ों युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं की वर्तमान स्थिति, लव जिहाद, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों जैसे ज्वलंत विषयों पर वक्ताओं ने बेबाक विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष शर्मा, मुख्य वक्ता अमिता माथुर एवं सविता चौहान मौजूद रहीं। शुरूआत में अभाविप जिला छात्रा प्रमुख चेतना वैष्णव ने सम्मेलन की रूपरेखा व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने युवतियों को भारतीय संस्कृति और महान वीरांगनाओं के गौरवशाली इतिहास व उनके त्याग से अवगत कराया। उन्होंने युवतियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़कर समाज में जागरूकता फैलाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रव्यापी अभियानों की दी जानकारी

सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दामिनी बिरथरे ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास व सुरक्षा के लिए परिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी दी।

किसान की संदिग्ध मौत

खेत में मिले बेसुध, डॉक्टरों ने जताई करंट लगने की आशंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

जिले के खेरिया बड़ौद गांव में गुरुवार को 42 साल के अर्जुन सिंह सोंधिया की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वे अपने खेत पर बेसुध मिले थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जरूरी कार्रवाई शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री में रखा गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शुरूआती जांच में डॉक्टरों ने करंट लगने से मौत की आशंका जताई है। हालांकि, मौत की असली वजह अभी साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को हिरासत में लेने के विरोध में शाजापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार रात प्रदर्शन किया। रात करीब 9 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता बस स्टैंड पर इकट्ठा हुए और धरने पर बैठकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। पुतला जलाने के बाद नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग बुझाई।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकसूची (मार्कशीट) में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम केदार परिहार गलत अंकित है मेरे पिता का सही नाम केदार नाथ परिहार है। जो मेरे अन्य सभी शासकीय एवं आवश्यक दस्तावेजों में भी दर्ज है।

दिव्यांश परिहार पिता केदार नाथ परिहार
62, कमल कालोनी उज्जैन (म.प्र) 456006

NAME CHANGE

IT IS HEREBY INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT MY FATHER'S NAME IS WRONGLY MENTIONED AS KEDAR PARIHAR IN MY CLASS 10TH MARKSHEET THE CORRECT NAME IS KEDAR NATH. PARIHAR WHICH IS ALSO MENTIONED IN All MY OTHER GOVERNMENT AND IMPORTANT DOCUMENTS.

DIVYANSH PARIHAR
SIO KEDAR NATH PARIHAR
62, KAMAL COLONY UJJAIN (MP) 456006

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अर्जुन पिता काशीराम निवासी ग्राम गुनईखालसा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 209/1/1 रकबा 0.5500 हेक्टर, सर्वे नंबर 165/3 रकबा 0.6500 हेक्टर, सर्वे नंबर 220/1 रकबा 0.4800 हेक्टर व सर्वे नंबर 178/2 रकबा 0.2400 हेक्टर, सर्वे नंबर 291/2 रकबा 1.0100 हेक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 3.0300 हेक्टर स्थित ग्राम गुनईखालसा तहसील व जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय व्यवहार वाद विचाराधीन है जिसका प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए-133/2026 रजिस्ट्रेशन नंबर आर.सी.एस. ए-31-2026, सीएनआर नंबर एमपी 1301-000599-2026 है। उक्त भूमि को विक्रय आदि नही किये जाने के संबंध में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश मेरे पक्षकार के हक में दिया गया है कि, जब तक प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को विक्रय नहीं किया जा सकता है परन्तु मेरे पक्षकार की बुआ राजूबाई पति गंगाराम निवासी ग्राम रलायती तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को अपनी बताकर विक्रय करने के प्रयास में है जबकि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का आधिपत्य चला आ रहा है। इस कारण कोई भी व्यक्ति यदि राजूबाई द्वारा उक्त भूमि को किसी व्यक्ति, संस्था के हित में विक्रय किया जाता है और मेरा पक्षकार यदि क्रय करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करता है तो उसकी समस्त जवाबदारी क्रय करने वाले व्यक्ति व राजूबाई की रहेगी, सूचित हो । दिनांक 08-10-2026 उज्जैन

बी.एल. वर्मा (एडवोकेट)
मोहन नगर, आगर रोड़, उज्जैन
मोबाईल नंबर 9826333855

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामीगण 1. रघुवीर सिंह यादव पिता चुन्नीलाल यादव 2. जयश्री यादव पति रघुवीर सिंह यादव निवासीगण 32 संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक केंद्र योजना में सेक्टर सी का भूखंड क्रमांक C-25/7 श्रेणी H.I.G उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 216.00 वर्गमीटर है को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का अनुबंध किया है जिसके उत्तर/पूर्व दिशा में भूखंड/ भवन क्रमांक C-25/8 दक्षिण/पश्चिम दिशा में भूखंड/भवन क्रमांक C-25/6 पश्चिम/उत्तर दिशा में भूखंड / भवन क्रमांक C25/15 एवं C-25/14 पूर्व/दक्षिण दिशा में पार्किंग एवं 30 मीटर चौड़ी सड़क है। उक्त संपत्ति हेतु बयाना राशी का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा किया गया है। उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति/संस्था / बैंक /शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / बोझा/हक/ हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 8-10-2026

हितेश थानी अधिवक्ता
कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड (न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन
मो. 8817888422

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लाखन पिता काशीराम निवासी ग्राम गुनई खालसा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 220/1/2 रकबा 0.4900 हेक्टर, सर्वे नंबर 291/1 रकबा 1.0100 हेक्टर, सर्वे नंबर 178/1 रकबा 0.2400 हेक्टर व सर्वे नंबर 209/1/2 रकबा 0.5600 हेक्टर, सर्वे नंबर 164 रकबा 0.6300 हेक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 2.9300 हेक्टर स्थित ग्राम गुनई खालसा तहसील व जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय व्यवहार वाद विचाराधीन है जिसका प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए-134/2026 रजिस्ट्रेशन नंबर आरसीएव ए-32-2026 सीएनआर नंबर एमपी 1301-000600-2026 है। उक्त भूमि को विक्रय आदि नहीं किये जाने के संबंध में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश मेरे पक्षकार के हक में दिया गया है कि, जब तक प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को विक्रय नहीं किया जा सकता है परन्तु मेरे पक्षकार की बुआ राजूबाई पति गंगाराम निवासी ग्राम रलायती तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को अपनी बताकर विक्रय करने के प्रयास में है जबकि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का आधिपत्य चला आ रहा है। इस कारण कोई भी व्यक्ति यदि राजूबाई द्वारा उक्त भूमि को किसी व्यक्ति, संस्था के हित में विक्रय किया जाता है और मेरा पक्षकार यदि क्रय करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करता है तो उसकी समस्त जवाबदारी क्रय करने वाले व्यक्ति व राजूबाई की रहेगी, सूचित हो । दिनांकः 08-10-2026 उज्जैन

बी.एल. वर्मा (एडवोकेट)
मोहन नगर, आगर रोड़, उज्जैन
मोबाईल नंबर 9826333855

In The Court Of Additional Judge of court of District and Additional sessions Judge, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्रीमती प्रेमा साहू**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MICGW/0000003/2025)
राधा राजौरिया------- वादी
Vs
स्टैंट बैंक आफ इंडिया------- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 11/11/2026

प्रेषिती

यह कि प्रार्थी राधा राजौरिया ने आपके विरूद्ध एमजेसी के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 06 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(श्रीमती प्रेमा साहू)
जिला न्यायाधीश तराना के अतिरिक्त
न्यायाधीश तराना, जिला उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of I Additional Judge to Court of I Civil Judge Senior Division, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्रीमती संगीता शुक्ला**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000132/2026)
पुष्पाबाई आदि ----- वादी
Vs
सर्व साधारण-------प्रतिवादी
Process Id-6781/2026
पेशी दिनांकः 13/11/2026

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी पुष्पाबाई ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 06 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(श्रीमती संगीता शुक्ला)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,
तराना न्याया. के प्रथम अति. न्यायाधीश
तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार महिदपुर रोड तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र)

क्र /.874../ रीडर / 2026 **महिदपुर दिनांक 24/09/2026**

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि जिला उज्जैन तहसील महिदपुर के ग्राम गोगापुर स्थित भुमि सर्वे क्रमांक 648 रकबा 5.330 है0 मेसे 0.3410 है० पर नवीन सामुदायिक भवन व स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु शासकीय भुमि आंवटन हेतु निर्धारित प्रारूप मे आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय (नजुल शाखा) जिला उज्जैन को प्रस्तुत किया है। जो कि अभिमत हेतु इस न्यायालय को श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो वह मेरे समक्ष 15 दिवस के पूर्व उपस्थित होकर अपनी आपत्ति समक्ष मे प्रस्तुत करे। नियत दिनांक पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन

कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका गया

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ पुलिस के व्यवहार का भी जताया विरोध, इस्तीफे की मांग को लेकर निकाली रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में गुरुवार को उज्जैन शहर कांग्रेस कमेटी ने टावर चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की शुरुआत टावर चौक स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल से हुई। यहां कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता धरने पर बैठे। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। रैली फ्रीगंज क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल पहुंची। यहां से रैली वापस टावर चौक पहुंची, जहां प्रदर्शन का समापन किया गया।



प्रदर्शन में कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर शामिल हुए। टावर चौक पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर नारे लगाए।

लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का लगाया आरोप- तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली पुलिस का रवैया लोकतंत्र की हत्या के समान है। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा प्रदर्शन में तराना विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अजय राठौर, अरुण रोजवानी, रामेश्वर पटेल, देवव्रत यादव, असलम लाला, बबलू खींची, अर्पित यादव, सोनिया ठाकुर, संचित शर्मा, अर्पित दुबे, सलीम भाई गैस वाले और मुख्तियार हुसैन खालवाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंडित कैलाश नारायण शर्मा की छठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई

गुना। नगर के हनुमान चौराहा परिवार द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पंडित कैलाश नारायण शर्मा की छठवीं पुण्यतिथि हनुमान चौराहे पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पंडित कैलाश नारायण शर्मा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने स्व पंडित कैलाश जी के व्यक्तित्व, जीवनशैली और सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार तिवारी ने किया, जबकि आभार शेखर वशिष्ठ ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी, रजनीश शर्मा, महादेव महाराज सर्खेडी, हरिशंकर विजयवर्गीय, राजू जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जब तक सूरज-चांद रहेगा, पंडित कैलाश शर्मा तेरा नाम रहेगा और पंडित कैलाश शर्मा अमर रहें के नारे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हनुमान चौराहा परिवार की ओर से राजेंद्र तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पिपलीनाका क्षेत्र में पार्षद ने सीवरेज के गंदे पानी में उतरकर किया धरना प्रदर्शन



उज्जैन। पिपलीनाका क्षेत्र में गुरुवार को पार्षद ने सीवरेज के पानी में उतरकर उसमें बैठकर धरना प्रदर्शन किया। पार्षद के साथ रहवासी भी प्रदर्शन में शामिल हुए उन्होंने भी पार्षद के साथ सीवरेज के पानी में बैठकर प्रदर्शन किया। कई देर तक चले प्रदर्शन के बाद नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीवरेज की सफाई व अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन कर रहे वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद हेमंत गहलोत का कहना था कि पिपलीनाका से भेरूगढ़ जाने के लिए जो प्रमुख मार्ग है उस मार्ग पर पिछले कई दिनों से सीवरेज का पानी चेंबर से निकलकर सड़क पर जमा हो गया है। ऐसे में लोगों को इस मार्ग से आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालभैरव मंदिर सहित कई देवस्थलों पर जाने के लिए यह प्रमुख मार्ग है। लेकिन इस प्रमुख मार्ग की पिछले कई दिनों से दुर्दशा बिगड़ी हुई है मार्ग पर सीवरेज का पानी लगातार सड़क पर फेल कर जमा होता जा रहा है। गंदगी व बदबू से लोग परेशान हैं तथा मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसके चलते गुरुवार को पार्षद ने रहवासियों के साथ मिलकर सीवरेज के पानी में बैठकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बताया पिपलीनाका से भेरूगढ़ जाने वाला मुख्य मार्ग होने के बावजूद भी इस मार्ग की सुध नहीं ली जा रही है। पिछले कई दिनों से सीवरेज का पानी सड़क पर जमा है 2 दिन पहले इसी स्थान पर दुर्घटना भी हो चुकी है जिसमें एक व्यक्ति का हाथ फैक्कर हो गया था इसके साथ ही सड़क पर सीवरेज का पानी जमा होने की वजह से यहां से गुजर रही पेयजल पाइपलाइन में भी सीवरेज का पानी मिल रहा है ओर यही पानी पेयजल सप्लाई के दौरान लोगों के घरों तक नलों द्वारा पहुंच रहा है । पार्षद हेमंत गहलोत का कहना था कि वार्ड 2 में सीवरेज की समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं उनका कहना था कि टाटा कंपनी की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है। पार्षद ने आगे कहा कि अधिकारियों तक जनता की आवाज पहुंचने के लिए व क्षेत्र की गंभीर समस्या के निराकरण के लिए विवश होकर धरने पर बैठना पड़ा है। उन्होंने इंदौर में भागीरथपुरा में हुई घटना को लेकर कहा कि कहीं यह क्षेत्र भी दूसरा भागीरथ पुरा न बन जाए। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पार्षद से चर्चा कर तुरंत सीवरेज की सफाई कराई गई और अधिकारियों ने जल्द ही क्षेत्र में बड़ी पाइपलाइन डालने का आश्वासन दिया उसके बाद ही पार्षद व रहवासियों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

मारकीमहू संकुल में संस्था प्रभारियों की बैठक संपन्न

मारकीमहू। जन शिक्षा केंद्र संकुल मारकीमहू के अंतर्गत आने वाले 39 विद्यालयों के संस्था प्रभारियों की मासिक बैठक एवं प्रशिक्षण 5 अक्टूबर को संकुल केंद्र शासकीय उमावि मारकीमहू में आयोजित किया गया। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति, विद्यार्थियों की कक्षा-स्तरीय दक्षताओं, ऑनलाइन कार्यों एवं विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण को लेकर समीक्षा की गई। उक्त बैठक में जनशिक्षक नरोत्तम यादव ने विद्यालयों में नियमित प्रार्थना सत्र, रुचिकर खेल एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ बाल-केंद्रित और भयमुक्त वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कार्यों की समय पर पूर्ति के साथ विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सुधार ही शिक्षा व्यवस्था का वास्तविक लक्ष्य है। बैठक में अपार आईडी, यूनिक आईडी, गणवेश, पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति एवं इनरोलमेंट सहित विभिन्न ऑनलाइन कार्यों की समीक्षा की गई।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी संजय शुक्ला पिता श्री राजमोहन जी शुक्ला निवासी-3, तिलक मार्ग, क्षीरसागर, उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड म्यु. क्रमांक-3 का पूर्व दिशा वाला भाग जिसका नवीन वर्तमान म्यु. 3/1 का उत्तर दिशा वाला भाग, तिलक मार्ग, गली क्रमांक 12, क्षीरसागर, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 891-00 वर्गफीट है, जिसकी लम्बाई-उत्तर से दक्षिण चतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनों ओर 40 फीट 6 इंच एवं चौडाई-पूर्व से पश्चिम वतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनो ओर 22 फीट तथा जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में कॉमन रास्ता, पश्चिम दिशा मे भूखण्ड क्रमांक 3 का भाग श्री शैलेन्द्र शुक्ला जी का, उत्तर दिशा में खूली भूमि एवं दक्षिण दिशा में-पैसेज बाद भूखण्ड भाग संजय शुक्ता का मिला है, इसी प्रकार भूखण्ड स्वामी शैलेन्द्र शुक्ला पिता श्री स्व. श्री राजमोहन जी शुक्ला निवासी 3, तिलक मार्ग, क्षीरसागर, उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड 3 का पश्चिम दिशा वाला भाग जिसका नवीन वर्तमान म्यु. 3 (मूल) का उत्तर दिशा वाला भाग तिलक मार्ग, गली क्रमांक 12, क्षीरसागर, उज्जैन में स्थित है. जिसका कुल क्षेत्रफल 891 वगफीट है, जिसकी लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनो ओर 40 फीट 6 इंच एवं चौडाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनों ओर 22 फीट तथा जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 3 का भाग श्री संजय शुक्ला जी का पश्चिम दिशा में कॉमन रास्ता/मंदिर चौक, उत्तर दिशा में-खूली भूमि एवं दक्षिण दिशा में-पैसेज बाद भूखण्ड भाग शैलेन्द्र शुक्ला का मिला है, इस प्रकार उपरोक्त दोनो संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप भी अदा कर दिया है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भूखण्ड में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका गिराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 08.10.2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या-वी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मो. 99930 79516-9425094349

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति तराना जिला उज्जैन म०प्र०

क्रमांक/मंडी/संपदा/2026-27/795 — तराना, दिनांक 08/10/2026

कैन्टीन/भोजनालय की द्वितीय निविदा विज्ञप्ति

सर्व संबंधित खादय विभाग में पंजीकृत अनुभवी होटल व्यवसायियों/संस्था/व्यक्ति एवं अनुभवी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति तराना के प्रांगण में कृषकों को 05/- थाली में भोजन उपलब्ध कराया जाना है इस हेतु मुख्यमंडी में निर्मित कैन्टीन / भोजनालय भवन मय टीन शेड सहित संचालन हेतु ठेका प्रणाली पर आबंटन किया जाना है,

अत: इच्छुक व्यवसायी/व्यक्ति/संस्था/फर्म को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति तराना में कैन्टीन / भोजनालय संचालन हेतु दिनांक 15/10/2026 समय सायं 04:00 बजे तक निविदा फार्म निर्धारित शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कर प्राप्त कर सकते हैं । जिसका विवरण निम्नानुसार है-

क्र०	विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	धरोहर /प्रतिभूति राशि	मासिक किराया राशि
1	2	3	4	5
1	06 पूड़ी व सब्जी अथवा 06 रोटी व दाल/सब्जी	1000	151200	7560

शर्तें व नियम:-

1. इच्छुक व्यवसायी/व्यक्ति/संस्था/फर्म कृषि उपज मंडी समिति तराना में कैन्टीन / भोजनालय संचालन हेतु दिनांक 15/10/2026 समय सांय 04:00 बजे तक निविदा फार्म निर्धारित शुल्क एवं धरोहर राशि नगद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16/10/2026 समय दोपहर 3:30 बजे निविदा भारसाधक अधिकारी एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी ।
2. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार मंडी समिति का होगा ।
3. निविदा हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा प्रपत्र , खादय विभाग से पंजीकृत प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र की प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि दिनांक 16/10/2026 समय दोपहर 3:00 बजे तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
4. कैन्टीन/ भोजनालय ठेका आवंटन निविदा संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें मंडी कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर अवलोकन की जा सकती हैं ।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
तराना जिला उज्जैन म०प्र०

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
तराना जिला उज्जैन म०प्र०

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण की मूल भुमि स्वामी 01-आयुष पचलानिया पिता मुकेश पचलानिया 02-सुधा पति मुकेश कुमार 03-वाणी पचलानिया पिता मुकेश समस्त जातिगण बलाई निवासी ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 261/1 रकबा 0.52 हैक्टर एवं सर्वे नबंर 261/2 रकबा 0.90 हैक्टर एवं सर्वे नबंर 257/1 रकबा 0.36 हैक्टर सर्वे नबंर 374/1/1/1 रकबा 0.25 हैक्टर मे से रकबा 0.05 हैक्टर एवं सर्वे नबंर 377/1/1/2 रकबा 0.0850 हैक्टर एवं सर्वे नबंर 377/1/2 रकबा 0.59 हैक्टर कुल किता 06 कुल विकित रकबा 2.50 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम मालीखेडी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आफ्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। दिनांक 08-10-2 026

मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 7999640229, 9669092880

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार फिरोज़ पटेल पिता अजीज पटेल, निवासी ग्राम कालियादेह, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अर्जुनसिंह पिता लक्ष्मणसिंह, निवासी ग्राम बासखेडी, पिपलियाहामा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 44/1 रकबा 1.00 हेक्टर कुल किता 01, कुल रकबा 1.00 हेक्टर स्थित ग्राम पानबिहार, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदाकर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, व्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

दिनांक 09-10-2026, स्थान उज्जैन

इंसाफ अली एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक सी-12, भरतपुरी काम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. 8770637747

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 3689 (बटाकंन न. 3689/7/2/2) पर स्थित हरिफाटक रिंग रोड़ कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 422.92 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- रोड़, पश्चिम में- शासकीय वाहन पार्किंग़, उत्तर मं- होटल शाहीद भाई, दक्षिण में- होटल मोहम्मद भाई कुरैशी कि स्थित है। उक्त संपत्ति फ्रीदा बेगम पति शेख अच्छन व शेख अनवर, शेख ईरफान, शेख इमरान पुत्रगण शेख अच्छन एवं नजीम खान, यासमीन, अंजुम खान एवं तबसुम खान पुत्रीगण शेख अच्छन एवं गोसिया निलोफर पति शेख अंसार को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा फ्रीदा बेगम आदि ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 2448/24/7पीटी जावक न. 2613 दिनांक 20/09/2024 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा फ्रीदा बेगम आदि ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842026ए100215841 दिनांक 23/02/2026 को आंनद पाण्ड्या पिता बालकृष्ण पांड्या को विक्रय कि। एवं आंनद पाण्ड्या ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 08/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

आम जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार शशिकांत चौकसे पिता श्री मनोहर चौकसे निवासी ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-154 स्थित मनी विहार ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक-131, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-153, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-155, होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 55.74 वर्गमीटर अर्थात् 600.00 वर्गफीट होकर ई. उक्त रजिस्टर्ड पंजीयन दस्तावेज विक्रय-पत्र क्रमांक-एमपी17आईजीआर18842026ए100904026 दिनांक-22. 07. 2026 को कृष्णा कुमार पिता श्री चतुर्भुज जाति-कुम्हार निवासी ग्राम सरसाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय किया हैं, तथा श्रीमती मानकुंवर पति श्री दशरथलाल सुनेरिया निवासी-ग्राम जहांगीरपुर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेसर्स मणीभद्र इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा भागीदार नीरज कुमार जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जी जैन निवासी-11/1, मून्दड़ा कॉलोनी, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से रजिस्टर्ड दस्तावेज विक्रय-पत्र ई. पंजीयन क्रमांक एमपी 432022020 ए1588601 दिनांक-21.09.2020 को क्रय किया गया था, मेरे पक्षकार से असल रजिस्टर्ड दस्तावेज विक्रय-पत्र ई. पंजीयन क्रमांक-एमपी 432022020 ए 1588601 दिनांक-21.09.2020 का गुम हो गया हैं, जिसे काफी ढूंढने पर भी आज दिनांक तक नही मिल रहा हैं, जिसके लिये पुलिस शिकायत भी की गई हैं, सर्व साधारण को यह सूचित करते हैं, कि असल रजिस्टर्ड दस्तावेज विक्रय-पत्र ई. पंजीयन क्रमांक-एमपी432022020ए1588601 दिनांक-21.09.2020 यह किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक में बंधक / गिरवी रखी / चार्ज, मेंटनेंस जमानत अथवा किसी प्रकार का कोई भार बोझ हो या कही गिरवी हो या किसी प्रकार का हक हिस्सा हो या इस व्यवहार में किसी को काई आपत्ति हो तो उसके सम्बन्ध में मय प्रमाण के इस जाहिर सूचना के 7 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा 7 दिवस के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी। सूचित हो । दिनांक-9-10-2026

जयश्री वर्मा एडवोकेट
सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो. 98268.87494

जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नीतिशका थानी पति श्री मनोज थानी निवासी 103 संतनगर उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जिसका नगर पालिक निगम क्रं. 29 तिरूपति डिलाईट कॉलोनी, नानाखेडा उज्जैन में है जो दो मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 92.90 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट का है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर रास्ता कालोनी का, पश्चिम की ओर-भूखण्ड क्रमांक 16, उत्तर की ओर-भूखण्ड क्रमांक 28, दक्षिण की ओर-भूखण्ड क्रमांक 30 तथा पेमाईश लंबाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-40 फीट, चौडाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 25.00 फीट का है उक्त मकान को कय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 8/10/2026 स्थान उज्जैन

राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी
51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मो. 9425091124, 8959999299

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.बी. फायनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, शाखा 21 अंकपात मार्ग निकास चौराहा आई.सी.आई.सी.आई बैंक के पास उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की भवन म्यु. क्रमांक 38 का भाग होकर जयसिंहपुरा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफ ल 125.30 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- खुली भूमि, पश्चिम में- खुली भूमि, उत्तर में- खुली भूमि, दक्षिण मे- 15 फीट रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति छोटी बाई पति श्री ओमप्रकाश एवं ओमप्रकाश पिता चुन्नीलाल ने इसके पूर्वस्वामी बद्रीलाल पिता जगन्नाथ चौधरी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 5722 दिनांक 19/03/2005 के माध्यम से क्रय कि । एवं ओमप्रकाश का स्वर्गवास दिंनाक 04/03/2020 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी श्रीमति छोटीलाल पति ओमप्रकाश हुये। तथा श्रीमति छोटीलाल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.बी. फायनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.बी. फ्मनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋ ण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.बी. फायनेशियल सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड, का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 08/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

न्यूज-कॉलम

दो सड़क दुर्घटना मे दो लोग घायल

नीमच। जिले के मनासा के बरडिया समीप बुधवार को एक ही समय और एक ही स्थान पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना हो गई । इन दोनों दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। इन दुर्घटनाओं के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी कुछ दे? बाद घायलों को 108 एंबुलेंस और डायल- 112 की मदद से शासकीय अस्पताल मनासा पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार राजू पिता शंकरलाल मेघवाल, निवासी आंकली, मनासा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बरडिया के समीप एक कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में राजू घायल हो गए। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल राजू को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मनासा ले जाया गया। इसी दौरान उस स्थान पर पदम पिता रघुनाथ मेघवाल, निवासी खेड़ी भी एक अन्य कार की चपेट में आ गया। जिसमें घायल पदम मेघवाल कोडायल-112 की सहायता से शासकीय अस्पताल मनासा पहुंचाया गया, जहां दोनों घायलों का उपचार किया गया।

खाद्य विभाग ने 29 सिलेंडर जप्त किये

मन्दसौर। जिला आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू रसोई गैस के अवैध एवं व्यावसायिक दुरुपयोग के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत के निर्देशन में विभागीय अमले ने संजीत रोड स्थित 15 विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यावसायिक स्थलों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से उपयोग पाए जाने पर कुल 29 सिलेंडर जप्त किए गए। खाद्य विभाग द्वारा नियमानुसार संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

513 ग्राम एमडी ड्रग और 9 किग्रा डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के पिपलियामंडी थाना पुलिस ने डुंगलावदा फंटा बालागुड़ा-बही पार्श्वनाथ रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध किआ सेल्टोस कार क्र. जीजे 03 ईजी 9006 को रोका। वाहन चालक की पहचान राजस्थान के प्रतापगढ़ निवासी 39 वर्षीय प्रदीप पिता ओमप्रकाश शर्मा के रूप में हुई। कार की तलाशी लेने पर 513 ग्राम अवैध एमडी ड्रग कीमत लगभग 5 लाख रु. तथा 9 किलोग्राम डोडाचूरा कीमत लगभग 9 हजार रु. का बरामद हुआ। पुलिस ने उक्त मादक पदार्थ सहित कार और मोबाइल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पिपलियामंडी पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर मादक पदार्थों के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ जारी है।

बिना नंबर की स्कोडा कार से 2 क्विंटल डोडाचूरा जप्त,

मन्दसौर। जिले के गरोठ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की लुका चिकनिया निवासी भारत सिंह बिना नंबर की सफेद स्कोडा कार में अवैध डोडाचूरा लेकर मेलखेड़ा-बर्डिया अमरा होते हुए पावटी की ओर जा रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर रोकी गई कार से 10 काले प्लास्टिक के कट्टों में भरा 2 क्विंटल डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने 4 लाख रु. मूल्य का डोडाचूरा, स्कोडा कार तथा एंड्रॉइड मोबाइल जप्त कर आरोपी भारत सिंह (25) पिता शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना गरोठ पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर माल के स्त्रोत के संबंध में आगे की विवेचना की जा रही है।

बालाजी मंदिर की दान पेटी से 34340 राशि प्राप्त

नीमच। शहर के नसीराबाद रोड रोड पर सिटी फोर लेन स्थित प्राचीन एवं दक्षिणमुखी श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर की दान पेटी को प्रत्येक माह अनुसार पहले मंगलवार को खोली गई ।बालाजी मंदिर समिति के पदाधिकारीयों द्वारा संध्या आरती के बाद मंदिर की दान पेटी खोली गई, जिसमें से इस बार कुल 34340 रुपए की राशि दान स्वरूप प्राप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारीयों ने जन सहयोग से एक करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से बन रहे बालाजी मंदिर के निर्माण कार्य की समीक्षा की।

एक दर्जन शॉपिंग काम्पलेक्स फ्लॉप होने के बावजूद

बगीचे की बजाय दुकाने बनाने पर आमादा रतलाम का नगर निगम

- पार्क निर्माण नहीं कर प्रधानमंत्री के पर्यावरण संदेश की अवहेलना
- निगम निर्मित अनेक शॉपिंग कांपलेक्स के खंडहर दर्शा रहे हैं कि जनता का उन पर भरोसा नहीं
- दुकाने निर्माण कर काली कमाई करने की साजिश तो नहीं?



ओम त्रिवेदी

रतलाम। टीआईटी रोड के वार्ड 34 में स्थित नगर निगम की खुली भूमि ट्रेंचिंग ग्राउंड बनकर कचरा ,गंदगी , सड़ांध,अवैध गाड़ियों की पार्किंग एवं नशेड़ियों का खुला अड्डा बन गई है ।टीआईटी रोड की मुख्य सड़क और गीता मंदिर रोड के कॉर्नर पर निगम की हजारों फीट भूमि पर लंबे अरसे से कुछ भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि बनी हुई है ।

क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने मांग की है कि पेट्रोल पंप से लगी हुई इस खुली भूमि पर सुंदर हरा भरा बगीचा बनाया जाना चाहिए, ताकि बुजुर्गों , बच्चों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य एवं सुकून के लिए उचित स्थान मिल सके, वैसे भी इस क्षेत्र में बगीचे की भारी कमी महसूस की जाती है। लेकिन निगम के जिम्मेदार यहां दुकान बनाने की मंशा पाले बैठे हैं ।

इस भूमि पर शॉपिंग कंपलेक्स की योजना बनाना कुछ छुटभैये नेता ,पार्षदों , अफसरों के बीच बंदर बांट करने की साजिश होना बताया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर कभी क्वार्टर बने होकर निगम के कर्मचारी रहा करते थे लेकिन वह जर्जर होने के बाद हटा दिए गए। खाली हुई इस भूमि पर शॉपिंग कापलेक्स या भूमाफियाओं के हवाले करने का षड्यंत्र एक और फ्लॉप शॉपिंग कांप्लेक्स की श्रृंखला में जुड़कर नगर निगम को बदनामी ही प्रदान करेगा ।

उल्लेखनीय है कि रतलाम नगर निगम द्वारा बनाए गए करीब एक दर्जन से भी अधिक शॉपिंग कांप्लेक्स फ्लॉप हो चुके हैं जहां आज व्यवसाय न होकर शटर नीचे पड़े हुए हैं, वे खंडहर और अवैध धंधों के अड्डे बन गए हैं, लेकिन निगम को बपौती समझ कर मनमानी पर उतारू जिम्मेदार यहां शॉपिंग कांप्लेक्स बनाने पर आमादा है। यही लोग ग्रीन रतलाम क्लीन रतलाम का नारा बुलंद कर जनता को गुमराह कर जुमला परोसते रहे हैं।

अधिकांश लोगों का मानना है कि उक्त भूमि पर एक अच्छा बगीचा बनाया जा सकता है जिससे ग्रीन रतलाम क्लीन रतलाम के नारे की सार्थकतानाम सिद्ध हो सके ।बचे हुए कुछ समय में निगम के कर्णधार यह अगर कर सकेंगे तो उनकी कथनी और करनी में समानता सिद्ध हो सकेगी ।

अब धंधों के अड्डे बने हुए हैं यह निगम के जर्जर मार्केट

रतलाम के शहर सराय में बनाया गया बड़ा शॉपिंग कांप्लेक्स आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है यह अघोषित मुत्रालय बनकर निगम को मुंह चिढ़ा रहा है ।इसी प्रकार बस स्टैंड पर बना दो मंजिला शॉपिंग परिसर की दुकानो की स्थिति बेहद खराब हैआधे से अधिक दुकानें बंद पड़ी है। दो बत्ती स्थित कोठारी मार्केट के अंदर वाले हिस्से का शॉपिंग सेंटर , देवरा देवनारायण नगर की दुकानों की हालत जर्जर एवं खाली होकर नगर निगम की पोल खोल रही है। सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति सिविक सेंटर में बने बड़े मार्केट की है जो आज वीरान होकर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है इसी प्रकार आजाद चौक के अंदर का हिस्सा , सैलाना बस स्टैंड के पास बना मार्केट और भी निगम द्वारा निर्मित मार्केट की स्थिति इसलिए खराब है कि वहां व्यवसाय के लिए अनुकूल माहौल, सुरक्षा एवं भरोसा नही हैं इन असफल मार्केट की श्रृंखला में हाल ही में नवनिर्मित एमपी 43 फूड मार्केट लोकेंद्र भवन रोड की अलग ही कहानी है । महापौर का यह ड्रीम प्रोजेक्ट कितना सफल होगा यह भविष्य बताएगा।

न्यूज कालम



नाकोड़ा फर्नीचर फैक्ट्री में दर रात भीषण आगजनी, भारी नुकसान

नीमच। शहर की प्रसिद्ध फर्नीचर निमार्ता शोरूम फर्म नाकोड़ा फर्नीचर फैक्ट्री के मालखेड़ा-सिंगोली रोड पर मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। शहर के पी.जी. कॉलेज के आगे स्थित श्री नाकोड़ा इंटीरियो फर्नीचर फैक्ट्री में दर रात अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग से फैक्ट्री परिसर से उठा धुएं का गुबार दूर-दूर तक आसमान में दिखाई दिया। भीषण आगजनी से हड़कम्प मच गया। मौके से सामने आई तस्वीरों में फैक्ट्री के बाहरी और पिछले हिस्से में आग की तेज लपटें उठती दिखाई दी । आग के विकराल रूप लेती देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फर्नीचर निर्माण से जुड़ी फैक्ट्री परिसर में लकड़ी, प्लाईवुड, फोम, केमिकल सहित बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण आग के तेजी से फैली और भारी नुकसान हो गया आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और धुएं का घना गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया।आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और नगर पालिका के दमकल अमले को तत्काल सूचना दी गई। दमकल गाडियों को आग पर काबू पाने के लिए मौके की ओर रवाना किया गया। पुलिस प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी गई है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

जिला जेल में तीन दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का समापन



मन्दसौर। जिला जेल मंदसौर में जेल प्रशासन एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग एवं ध्यान शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जेल अधीक्षक यशवंत माझी ने बताया कि बंदियों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन, सकारात्मक जीवनशैली और पुनर्वास के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था। शिविर में पतंजलि योगपीठ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं योग शिक्षक महेश कुमावत द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान और सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया तथा उन्हें नशामुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर जेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में पतंजलि संस्था के गजेंद्र शर्मा, मुकेश पाठक एवं विशाल पोरवाल उपस्थित रहे। अंत में जेल अधीक्षक ने पतंजलि योगपीठ और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता संपन्न



मन्दसौर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2026 की थीम शिक्षा से विकसित भारत के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि एनईपी-2020 के तहत सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं और उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. वीणा सिंह, खुशबू मंडावरा एवं डॉ. आशीष खिमेसरा ने निभाई। प्रतियोगिता में बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा रेविका सेनापति ने प्रथम, एम.एससी. की ज्योति ने द्वितीय तथा एम.ए. के निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमित मालवीय व श्रद्धा शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का संचालन सलोनी बैरागी ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने किया।

विद्युत एवं यांत्रिकी समिति की बैठक संपन्न

रतलाम । महापौर श्री प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार विद्युत एवं यांत्रिकी समिति सलाहकार समिति प्रभारी अक्षय संघवी की अध्यक्षता में आहूत हुई जिसमें विभिन्न प्रस्तावों पर अनुशंसा की

सोलर प्लांट से केबल और बर्तन गोदाम में चोरी करने वाले शातिर पारदी गैंग के सदस्य गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



पिपलियामंडी थाना पुलिस ने क्षेत्र में सोलर पावर प्लांटों से केबल काटने और गोदामों में चोरी करने वाली शातिर पारदी गैंग का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीना के निर्देश पर पिपलियामंडी थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह इवने और उनकी टीम ने सीसीटीवी फुटेज तथा साइबर सेल की मदद से नीमच निवासी महेंद्र सिंह पारदी (38 वर्ष) और सुवासरा निवासी गोलू पारदी (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया है, जबकि ३ विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। इस गैंग ने बोतलगंज स्थित सोलर प्लांट से 3 लाख रु. की केबल चोरी और पिपलियामंडी के फाटक मोहल्ला स्थित बर्तन गोदाम की दीवार तोड़कर 2 लाख रु. के तांबे के बर्तन चोरी करने सहित पिपलियामंडी और वायडीनगर थाना क्षेत्रों के कुल 7 अपराध स्वीकार किए हैं। आरोपियों की निशानदेही पर केबल जलाकर निकाला गया 18 किलो तांबा, तांबे के पुराने बर्तन और वारदात में प्रयुक्त ३ मोटरसाइकिलें जब्त की है।

गिरफ्तार आरोपीगण अक्सर दिन में मोटर सायकल से रैकी कर रात्रि में मौका पाकर अपने सदस्यों के साथ सोलर पावर प्लांट, दुकान, गोदाम पर धावा बोलकर तांबे की केबल, बर्तन आदि कीमती सामान चुरा लेते है, चंद मिनटों के अंदर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। आरोपीगण काफी शातिर किस्म के पारदी गैंग के सदस्य होकर वारदात को अंजाम देने के लिये अक्सर अपने साथ नाबालिग बालकों को शामिल रखते है, इनकी नजर हमेशा तांबे के वायर, बर्तन व अन्य कीमती धातुओं पर रहती है।

चोरी की गयी महंगी केबलों को जलाकर निकले तार व धातुओं के बर्तनों को नीमच, मंदसौर में औने-पौने दामों पर बेच देते है । इनके द्वारा थाना पिपलिया मंडी, थाना वायडीनगर व आसपास के क्षेत्रों से सोलर पावर प्लांट से केबल चोरी व अन्य चोरी के अपराध घटित करना स्वीकार किया है।



मंदसौर में कांग्रेस का वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

इंडिया गठबंधन के देशव्यापी आह्वान पर गुरुवार को मंदसौर में जिला कांग्रेस के तत्वावधान में च्वोट बचाओ-देश बचाओज मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च गांधी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होता हुआ गांधी चौराहा पहुंचा, जहां एक सभा के रूप में समाप्त हुआ। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने तथा आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की जोरदार मांग रखी।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मंदसौर विधायक विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार नागरिकों के मूलभूत संवैधानिक और मतदान के अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को भी इसमें संलिप्त बताया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज की गई एफआई आर की कड़े शब्दों में निंदा की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश भर में वोट चोरी और लोकतंत्र पर हो रहे प्रहार का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसी के विरोध स्वरूप कांग्रेस इस दिन को काला दिवस के रूप में मना रही है।

कांग्रेस नेता मनजीत सिंह मनी ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता, तब तक कांग्रेस का यह जन-आंदोलन इसी तरह सड़कों पर जारी रहेगा।

पूजा-अर्चना के साथ हुआ डायमंड रोटरी डांडिया का ध्वज पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

डायमंड रोटरी क्लब ऑफ नीमच द्वारा आयोजित भव्य आयोजन डायमंड रोटरी डांडिया की तैयारियों के क्रम में आज शुभ मुहूर्त में विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ ध्वज पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा-अर्चना कर ध्वज पूजन किया गया तथा आयोजन के सफल, मंगलमय एवं निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की गई। ध्वज पूजन के अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गुणवंत जैन, सचिव धीरज गांधी कोषाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी सहित कमल मंगल, आशिष गर्ग बामन बर्डी, गौरव पाराशर, गोपाल शर्मा, करणवीर सिंह, सुनील सोनी, प्रमोद शर्मा,कृष्णा शर्मा, गौरव शर्मा एवं अनेक रोटेरियन साथी उपस्थित रहे। आशीष गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अक्टूबर से गांधी वाटिका, नीमच में आयोजित होने वाले इस भव्य डांडिया महोत्सव को लेकर शहर वासियों में खासा उत्साह है। आयोजन को श्रेष्ठ बनाने के लिए रोटरी डायमंड क्लब की पूरी टीम द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। अरुल अशोक गंगानगर प्रेजेंट्स डायमंड रोटरी डांडिया में गरबा एवं डांडिया के साथ पारंपरिक संस्कृति, संगीत और उत्सव का शानदार संगम देखने को मिलेगा। क्लब द्वारा शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है

सफाई कर्मचारी यदि काम नहीं करेगा तो स्वच्छ का भारत का सपना अधूरा ही रह जाएगा- कुं.रणजीतसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी नगर परिषद के सामने वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियो द्वारा अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने के निर्णय का स्वागत करते हुए 8 अक्टूबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उन्हें अपना समर्थन दिया एवं कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में सरकार को घेरते हुए कहा कि यदि सफाई कर्मचारी यदि काम नहीं करेगा तो स्वच्छ का भारत का सपना अधूरा ही रह जाएगा और सफाई कर्मचारी की वजह से ही पिपलिया मंडी शहर और यह देश साफ एवं स्वच्छ है। वाल्मीकि समाज ने इस देश को समय समय पर अपना विशेष योगदान दिया है सफाई कर्मचारियों के कार्य के घंटों को सुनिश्चित किया जाए,वर्षों से अस्थाई तरीके से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारी बनाया जाए या नियमितीकरण किया जाए,रोस्टर के हिसाब से उन्हें वेतन दिया जाए,एवं दुर्घटना में यदि कोई कर्मचारी घायल होता है तो उनके लिए उचित इलाज की व्यवस्था की जाए, कर्मचारियों का बीमा किया जाए, कर्मचारियों के टीएडीए एवं पेंशन से संबंधित सरकार को सामूहिक निर्णय लेते हुए इन्हें सारी सुविधाएं मुहैया करवाई जाए और जब सफाई कर्मचारी क्षेत्र में सफाई करते है और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं तो उन्हें जब तक वे स्वस्थ नहीं हो जाते तब तक वेतन दिया जाए।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंदसौर में जोश कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंदसौर के उत्कृष्ट विद्यालय सभागृह में जोश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश के चयनित 55 जिलों में शुरू हुए इस विशेष अभियान में म.प्र. के 5 जिलों में मंदसौर भी शामिल है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सेंट्रल टीबी डिवीजन के माध्यम से किया गया, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने अभियान की रूपरेखा साझा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने जिले में टीबी उन्मूलन गतिविधियों को गति देने के लिए एक निक्षय वाहन प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में पिछले दो वर्षों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मंदसौर जिले को विशेष स्थान मिला है, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने उपस्थित जनसमुदाय को जिले की 468 ग्राम पंचायतों को पूरी तरह टीबी मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। अभियान के प्रथम चरण में जिले के 5 चयनित ग्रामों मुल्तानपुरा, बही, कचनारा, नावली और देथली खुर्द में निरंतर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मंच पर मौजूद अतिथियों ने निक्षय मित्र बनकर 50 टीबी मरीजों को पोषण आहार युक्त फूड बास्केट का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर आदि उपस्थित थे।

14 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई ब्यावरा में जिला स्तरीय युवा संगम

ब्यावरा। राजगढ़ जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर, 2026 को जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। युवा संगम प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई ब्यावरा के नवीन भवन इंदौर हाईवे ब्यावरा में आयोजित होगा। युवा संगम में लगभग 8 कंपनियां भाग लेंगी। विभिन्न रोजगार क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, प्रोडक्शन, एग्रीकल्चर, सिक्यूरिटी गार्ड, फर्टिलाइजर एवं होटल मैनेजमेंट आदि में 600 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं। उक्त आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

गाय से बाइक टकराने पर युवक गंभीर रूप से घायल, 112 ने पहुंचाया अस्पताल

शाजापुर। शाजापुर। रात के अंधेरे में हाईवे पर अचानक बाइक के सामने गाय आ जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे नेशनल हाईवे 52 पर पेट्रोल पंप के सामने से सार्थक गोस्वामी पिता हुकुम निवासी आदित्य नगर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर आई गाय से उसकी टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर डायल-112 के प्रधान आरक्षक पवन शर्मा और पायलट पंकज मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए इंदौर रेफर कर दिया।

जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित



शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित सेवा मेरा संकल्प अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं वर्षा जल को रोकने के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकासखंड मोहन बड़ोदिया के सेक्टर क्रमांक-4 सलसलाई अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मदाना द्वारा ग्राम पथरिया स्थित नाले पर 50 बोरियों से बोरी बंधान कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए नाले के बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान तैयार किया। इस पहल से वर्षा जल को रोकने, भू-जल स्तर बढ़ाने तथा स्थानीय जलस्रोतों के संरक्षण में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, ब्लॉक समन्वयक मुकेश सोलंकी, ग्राम पंचायत मदाना के सरपंच गोविंद मालवीय, परामर्शदाता महेश सिसोदिया, नवांकुर संस्था अध्यक्ष रामराज पुरबिया आदि मौजूद थे।

सर्व बलाई समाज की बैठक 10 को जामनेर में

शुजालपुर। सर्व बलाई समाज की सामाजिक चिंतन एवं संवाद बैठक 10 अक्टूबर शनिवार को शाम 7 बजे मालवीय बलाई समाज धर्मशाला जामनेर बस स्टैंड पर होगी। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, बाल विवाह, नुक्ता प्रथा, अनावश्यक सामाजिक खर्च, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक कुरीतियों सहित समाज के भविष्य से जुड़े विषयों पर संवाद होगा। आयोजक एडवोकेट अमित मालवीय ने बताया कि समाज में अलग-अलग संगठन और विचारधाराएं हो सकती हैं, लेकिन समाज एक है। बैठक में किसी राजनीतिक दल की चर्चा नहीं होगी। सभी राजनीतिक दलों, संगठनों और विचारधाराओं से जुड़े समाजजन अपने विचार रख सकेंगे। बैठक में स्वर्गीय राधाकिशन मालवीय के सामाजिक योगदान को देखते हुए उनके पुत्र राजेंद्र राधाकिशन मालवीय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वे इंदौर से शामिल होकर सामाजिक विषयों पर अपना मार्गदर्शन देंगे। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजजन, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और जनप्रतिनिधि भी विचार रखेंगे। बैठक में समाजजनों से भाग लेने की अपील की गई।

नवरात्रि उत्सव समिति की बैठक में 21 डीजे संचालकों को थमाए नोटिस

प्रतिमा विसर्जन जुलूस में कम आवाज में डीजे बजाने की हिदायत, बच्चों को रखे दूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां



नवरात्रि पर्व को लेकर मंगलवार को थाना मुख्यालय परिसर में नवरात्रि उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी ने नगर और क्षेत्र में होने वाले नवरात्रि आयोजनों की जानकारी लेने के साथ ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

अधिकारियों ने इस दौरान समिति पदाधिकारियों और आयोजकों से कार्यक्रमों की रूपरेखा, आयोजन स्थल तथा विसर्जन जुलूस के संबंध में मशविरा हासिल किया।

बैठक में एसडीओ आकांक्षा बिछोटे, थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी तथा खरसौदकलां टप्पा तहसीलदार भूपेंद्र सिंह बघेल मौजूद रहे। अधिकारियों ने नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए समिति सदस्यों से सहयोग की अपील की। साथ ही आयोजकों को प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

बैठक के दौरान डीजे संचालन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। क्षेत्र के 21 डीजे संचालकों को नोटिस थमाए गए। अधिकारियों ने डीजे संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नवरात्रि समापन के बाद माता प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान निकलने वाले जुलूस में डीजे निर्धारित ध्वनि सीमा में ही बजाए जाएं। तेज आवाज में डीजे बजाने से होने वाली परेशानी को देखते हुए कम आवाज में डीजे संचालन करने की हिदायत दी गई।

अधिकारियों ने डीजे संचालकों को निदेशों का पालन करने तथा जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने की बात कही। इसके साथ ही प्रतिमा विसर्जन के लिए समिति द्वारा तय किए गए स्थान की जानकारी भी ली गई, ताकि विसर्जन के दौरान आवश्यक सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

बच्चों को विसर्जन स्थल से दूर रखने की समझाइश

माता प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा को लेकर भी समिति सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि विसर्जन स्थल पर भीड़ के साथ छोटे बच्चों को नहीं ले जाएं और उन्हें पानी तथा विसर्जन स्थल से सुरक्षित दूरी पर रखा जाए। जुलूस के दौरान भीड़ को नियंत्रित रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए आयोजकों को जिम्मेदारी निभाने की बात कही गई।

कार्यक्रमों की ली जानकारी, सहयोग की अपील

बैठक में अधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न नवरात्रि उत्सव समितियों के सदस्यों से उनके द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली। कार्यक्रम स्थल, जुलूस के मार्ग, प्रतिमा विसर्जन स्थल तथा आयोजन के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व आस्था और श्रद्धा का पर्व है, इसलिए सभी समितियां आपसी समन्वय के साथ आयोजन करें।

गोबर से बनाई आकर्षक संजा, प्रतिदिन पूजा-अर्चना के साथ गूंज रहे पारंपरिक गीत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों संजा पर्व श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के आसपास मनाए जाने वाले इस पारंपरिक पर्व को लेकर महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों और मोहल्लों में संजा सजाने के साथ प्रतिदिन शाम को पूजा-अर्चना का दौर चल रहा है।

नगर के लोहार दरवाजा क्षेत्र में महिलाओं एवं युवतियों द्वारा गोबर से आकर्षक एवं बड़ी संजा तैयार की गई है। संजा को पारंपरिक तरीके से सजाया गया है। शाम होते ही महिलाएं और युवतियां संजा के आसपास एकत्रित होती हैं। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी जाती है और सामूहिक रूप से संजा के पारंपरिक गीत गाए जाते हैं। गीतों की गूंज से क्षेत्र में पर्व का माहौल नजर आ रहा है।

संजा पर्व के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग तरीके से संजा को सजाने और पूजा करने की परंपरा निभाई जाती है। महिलाएं एवं युवतियां इस पर्व के माध्यम से वर्षों पुरानी लोक परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। संजा के गीतों और पूजा के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं शामिल हो रही हैं।

परंपरा को जीवित रखने का प्रयास

आधुनिक दौर में जहां पारंपरिक लोक संस्कृति से जुड़ी कई परंपराएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं, वहीं सुसनेर में महिलाओं और युवतियों द्वारा संजा पर्व को उत्साह के साथ मनाया जाना लोक संस्कृति के संरक्षण का उदाहरण है। लोहार दरवाजा क्षेत्र में बनाई गई बड़ी संजा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

दशहरा मैदान में विशेष आतिशबाजी के साथ होगी राम भजन संध्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद द्वारा इस वर्ष दशहरा उत्सव को परंपरा के साथ नए अंदाज में मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा को आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस बार दशहरा मैदान पर आकर्षक एवं विशेष आतिशबाजी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित भजन संध्या आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

दशहरा उत्सव के तहत होने वाले रावण दहन के स्थल में भी इस बार बदलाव किया गया है। पहले जहां रावण का पुतला मैदान के एक तरफ स्थापित किया जाता था, वहीं अब टीआई कॉलेज के सामने रावण दहन स्थल तैयार किया जा रहा है। इससे आयोजन को देखने के लिए आने वाले लोगों को बेहतर दृश्य मिल सकेगा। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने बुधवार को दशहरा मैदान पहुंचकर आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मैदान की साफ-सफाई का कार्य भी शुरू किया जा चुका है।

रावण दहन समिति अध्यक्ष मांगीलाल सोनी, संयोजक मुकेश हरदेनिया, महेश शर्मा, पवन शर्मा, अभय जैन, कमल गर्ग, अरविंद बघेल सहित अन्य मौजूद रहे। समिति एवं नगर परिषद द्वारा इस वर्ष दशहरा उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए अन्य कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं को लेकर भी योजना तैयार की जा रही है।

स्टोन क्रेशर के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

अरन्या व बालदिया का खेड़ा के ग्रामीणों की लीज नहीं देने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

ग्राम पंचायत पालड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरन्या का खेड़ा एवं बालदिया का खेड़ा के ग्रामीणों ने गांवों के समीप स्थित शासकीय भूमि पर स्टोन क्रेशर स्थापित किए जाने के विरोध में जिला प्रशासन से शिकायत की है।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए सर्वे नंबर 60 की भूमि पर स्टोन क्रेशर के लिए लीज आवंटित नहीं करने की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह से भी मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया और मामले में हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार सर्वे नंबर 60 की शासकीय भूमि दोनों गांवों के समीप स्थित है। उन्हें जानकारी मिली है कि उक्त भूमि किसी बाहरी व्यक्ति को स्टोन क्रेशर स्थापित करने के लिए लीज पर दी जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि स्टोन क्रेशर संचालित होने से दिनभर धूल एवं मिट्टी उड़ने के कारण दोनों गांवों का वातावरण प्रभावित होगा तथा इसका ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला खनिज विभाग को दिए आपत्ति आवेदन में बताया कि पूर्व में इसी भूमि के कुछ हिस्से को सड़क निर्माण एजेंसी को दिया गया था, जहां मिट्टी निकालने से गड्ढे भी बन गए हैं। उस समय ग्रामीणों ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी, लेकिन अब गांवों के समीप स्टोन क्रेशर स्थापित किए जाने की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को लेकर चिंता जताई गई है।

जाँच कर उचित निर्णय लें

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं खनिज विभाग से मांग की है कि उनकी आपत्ति को स्वीकार करते हुए सर्वे नंबर 60 के किसी भी हिस्से को स्टोन क्रेशर के लिए लीज पर आवंटित नहीं किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों के समीप क्रेशर संचालित होने से होने वाली धूल, मिट्टी एवं अन्य संभावित समस्याओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर उचित निर्णय लिया जाए।

फूल भेंट कर चालकों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेश, हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सुसनेर के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर सोमवार को डाक बंगला चौराहा, रेस्ट हाउस के सामने सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें फूल भेंट किए गए और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

अभियान के दौरान वाहन चालकों से कहा गया कि जिस प्रकार फूल बहुत कोमल होता है, उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी अनमोल है। इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। फूल भेंट कर दिया गया यह संदेश वाहन चालकों के बीच जागरूकता का प्रभावी माध्यम बना।

अभियान का उद्देश्य नागरिकों को हेलमेट के महत्व, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह सिसोदिया, परामर्शदाता प्रांशि पांडे सहित टरह प्रथम वर्ष की छात्रा-छात्राएं दीपाली उपाध्याय, अर्पिता शर्मा, प्रतीक भूतड़ा, प्रिंस चंदेल, अमन सोनी, राधिका सोनी, श्रद्धा सोनी, रोशनी माली, ज्योति माली एवं कुसुम राठौर उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यात्रा-सुरक्षित जीवन का संदेश दिया गया।

माननीय न्यायालय के दो आदेश दोनों का समान रूप से पालन करे सरकार

खाचरोद। मध्य प्रदेश के लाखों अध्यापकों को टी ई टी परीक्षा देने का तथा 1998 में नियुक्त शिक्षाकर्मी जो वर्तमान में अध्यापक के पद पर पदस्थ हैं इन्हें छठवां सातवां वेतनमान देने के साथ पुरानी पेंशन बहाल करने के निर्देश भी माननीय न्यायालय ने दिए हैं दोनों ही आदेश का सरकार को ईमानदारी के साथ पालन करना चाहिए। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन जी यादव को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि माननीय न्यायालय ने दो अलग-अलग निर्णय दिए हैं जब टी ई टी परीक्षा के लिए आवेदन एवं परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है तो प्रदेश के लाखों अध्यापक संविदा शाला शिक्षक गुरुजी तथा जिन्होंने संविलियन नहीं लिया है।

नागदा पहुंची सेवा ज्योति यात्रा, मशालों के साथ गूंजा विकसित भारत का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा बुधवार को उज्जैन से नागदा पहुंची। यात्रा के अवसर पर नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगरवासी सहभागी हुए। देशभक्ति के तरानों के बीच हाथों में मशाल लेकर निकली यात्रा ने सेवा, समर्पण और विकसित भारत का संदेश दिया।

उज्जैन में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मशाल प्रज्ज्वलित कर सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी का संकल्प दोहराया गया।

लाल गेट से शुरू हुई यात्रा

उज्जैन से रवाना हुई सेवा ज्योति यात्रा करीब 2.40 बजे नागदा के लाल गेट पहुंची। यहां से डीजे, देशभक्ति गीतों और हाथों में मशाल लिए बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के साथ रैली प्रारंभ हुई। इसमें भाजपा के जनप्रतिनिधि, पार्षद, पदाधिकारी, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, कार्यकर्ता और नगरवासी शामिल हुए।

यात्रा इंगोरिया रोड, ब्रिज, कोटा फाटक और जवाहर मार्ग होते हुए कन्या शाला चौराहा पहुंची, जहां यात्रा सभा में परिवर्तित हो गई। सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया।

सेवा से संकल्प, संकल्प से सिद्धि

कन्या शाला चौराहे पर आयोजित सभा का संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान एवं भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ सहित अन्य वक्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए सेवा एवं जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में नागदा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, खाचरौद मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोवर्धन परिहार, धर्मेंद्र पाटीदार मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री मोदी के 25वें सेवा वर्ष पर निकली 104 किमी सेवा ज्योति यात्रा

महिदपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25वें सेवा वर्ष के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत पलवा से प्रारंभ होकर महिदपुर सहित विभिन्न ग्रामों से होते हुए झाडा पहुंची, जहां बड़े श्रीराम मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। करीब 104 किलोमीटर लंबी यात्रा का मार्ग में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सहित करीब 15 हजार ग्रामीणजन शामिल हुए।

201वां श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



महिदपुर। नगर के श्री रणजीत हनुमान मंदिर, चौक बाजार में मंगलवार को 201वां सामूहिक निःशुल्क श्री हनुमान चालीसा पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। पाठ के बाद भारत माता की आरती एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

महिदपुर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



महिदपुर। आगामी नवरात्रि उत्सव, दशहरा, पथ संचलन एवं चुनरी यात्रा को लेकर थाना महिदपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा (भापुसे), थाना प्रभारी अशोक पाटीदार सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यक्रम आयोजक, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा में ही डीजे बजाने की समझाइश देते हुए धारा 172 बीएनएसएस के तहत सूचना पत्र तामील कराकर बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई।

विद्युत विभाग में सेवा सेतु शिविर आयोजित, पीएम सूर्य गृह योजना के स्वीकृति पत्र वितरित



सुसनेर नगर के विद्युत विभाग परिसर में मंगलवार को सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, पवन शर्मा, लखन सेन, मुकेश हरदेनिया, डॉ. जितेंद्र श्रोत्रिय, गोविंद सिंह, सिद्धार्थ बमौरी, इमरान खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।शिविर के दौरान पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत दिलीप जैन एवं रामबाबू सोनी को योजना की स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली




सुसनेर। शासन के निर्देशानुसार जिले के विद्यालयों में बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए कृमिनाशक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में भी बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अभियान का आयोजन जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा, जिला चिकित्सा अधिकारी तथा जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी के निर्देशन में किया गया। संस्था प्रभारी भैरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हरिओम शर्मा एवं लीना पुष्पद ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई तथा कृमि संक्रमण से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी। यह अभियान भारत स्काउट एवं गाइड तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट ह्यूथ फॉर चेंजह्न के बैनर तले आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है।

किंग में बेबो भी!

शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'किंग' बेहद खास होने वाली है। इसी साल दिसंबर में रिलीज के लिए तैयार हो रही इस फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी होने के कगार पर है। शाहरुख की बेटी सुहाना इस फिल्म के जरिए थिएट्रिकल डेब्यू कर रही हैं। ऐसे में शाहरुख इसे भव्य बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन की कमान 'पठान' के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद के हाथ में है और इसमें अभिषेक बच्चन, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी समेत कई बड़े चेहरे नजर आने वाले हैं। अब इसमें 'बेबो' यानी कि करीना कपूर खान की भी सरप्राइज एंट्री हो गई है। ताजा रिपोर्टस के मुताबिक बेबो 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस के लिए आ रही हैं। वह शाहरुख के साथ 'डैडी कूल' नाम के स्पेशल गाने में नजर आएंगी। इसे फिल्म का हाइलाइट भी कहा जा रहा है। चर्चा है कि करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाहरुख के साथ ने की शूटिंग करेंगी। उन्होंने इसके लिए करीब 5 दिन दिए हैं। बता दें कि शाहरुख और करीना ने इससे पहले 'रा.वन' (2011) में 'छम्मक छल्लो' गाने से खूब धमाल मचाया था। दोनों 'अशोका' और 'कभी खुशी कभी गम' जैसी कल्ट फिल्मों में भी साथ काम कर चुके हैं।





आ गया पहला गुजराती गरबा गीत 'डोंट स्टॉप मारी महिसागर'

अमृता फडणवीस का अब गरबा गीत में डेब्यू

इस साल नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा का उत्साह डबल होने वाला है। क्योंकि गायिका अमृता फडणवीस का पहला गुजराती गरबा गीत 'डोंट स्टॉप मारी महिसागर' आ गया है। यह एक मॉडर्न और एनर्जेटिक रीमिक्स वर्जन है, जिसे खासकर डांडिया और गरबा नाइट्स के लिए तैयार किया गया है। अमृता ने इस पारंपरिक गुजराती लोकगीत को मॉडर्न संगीत का तड़का लगाकर प्रस्तुत किया है। लोकप्रिय लोकगीत 'मारी महिसागर ने आरे' के इस नए वर्जन में तेज गरबा बीट्स और उत्साह बनाए रखने के लिए 'डॉट स्टॉप' का जोशीला उद्घोष शामिल किया गया है।

मराठी, बंजारा, पंजाबी, संस्कृत और हिंदी भाषाओं में गीत गाने के बाद अमृता ने अब गुजराती संगीत की दुनिया में कदम रखा है। 'जेड़ा नशा' के लिए प्रसिद्ध फरीदकोट बैंड ने इस गाने को कम्पोज किया है, जबकि अमृता और आईपी सिंह ने मिलकर इसे गाया है। अमृता के साथ फरीदकोट के राज और आईपी सिंह भी इसके वीडियो का हिस्सा बने हैं। गीत लेखन और निर्देशन शक्ति हसीजा ने किया है। वीडियो में अमृता का धमाकेदार डांस और गरबा के मुश्किल स्टेप्स विशेष रुप से ध्यान आकर्षित करते हैं। गुजराती भाषा के उच्चारण, स्वर और लहजे को आत्मसात करने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है।



उन्हें रीटेक की जरूरत नहीं पड़ती

श्रिया सरन ने 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की तीनों फिल्मों में अजय देवगन की पत्नी नंदिनी का किरदार निभाया



किसकी बात कर रहीं श्रिया ?

है। अजय के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए एक्ट्रेस ने उनके डायलॉग बोलने के अंदाज और काम के प्रति जुनून की जमकर तारीफ की। श्रिया ने कहा, ₹अजय अपनी आंखों के जरिए बहुत कुछ कह देते हैं। उनकी आंखों में एक अलग तरह की ताकत है, जो उनके किरदार की भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के भी सामने ले आती है। उनका डायलॉग डिलीवरी का तरीका भी काफी अलग है। वह शानदार एक्टर हैं।₹ एक्ट्रेस ने अजय की मेहनत और काम के प्रति अनुशासन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, ₹अजय अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहते हैं और किसी सीन को बेहतर बनाने के लिए पूरी मेहनत करते हैं। उन्हें किसी और टेक की जरूरत नहीं पड़ती। उनके अंदर काम को लेकर काफी जुनून है।₹ उन्होंने 'दृश्यम 3- द कनक्लूजन' के डायरेक्टर अभिषेक पाठक की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि अभिषेक कहानी के हर मोड़ और ट्विस्ट को ध्यान से समझते हैं और फिर उसे पर्दे पर सही तरीके से पेश करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि कहानी में कुछ बदलाव ऐसे थे, जिनकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी।

मुंबई छोड़ने का इरादा नहीं

अभिनेत्री यामी गौतम और फिल्ममेकर आदित्य धर इन दिनों मुंबई छोड़ने को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. हाल ही में खबर थी कि दोनों मुंबई छोड़कर हिमाचल प्रदेश में शिफ्ट होने वाले हैं. हालांकि आदित्य की टीम ने इस खबर का खंडन किया है. टीम ने साफ कर दिया है कि यामी और आदित्य का मुंबई छोड़कर जाने का फिलहाल कोई प्लान नहीं है. टीम से इस तरह की खबरों को गलत बताते हुए यह सवाल भी किया कि इस तरह की खबरें कौन भेज रहा है?

Sport

भारत से एशियाड का फाइनल हारने पर बोला पाकिस्तानी बैटर

हसन ने कहा- हार का दर्द है; हमने छोटी गलतियों की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तानी बैटर हसन नवाज ने कहा कि भारत के खिलाफ एशियन गेम्स फाइनल हारने का दर्द अब भी उन्हें परेशान करता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी गलतियों की वजह से पाकिस्तान को हार मिली।

भारत ने पिछले हफ्ते जापान में पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड जीता था। इस मैच में नवाज ने 96 रन बनाए थे। नवाज ने बुधवार को रावलपिंडी में मीडिया से बातचीत में कहा कि वे अपनी पारी से संतुष्ट हैं। वे अपने प्लांस के हिसाब से बैटिंग कर रहे थे। हसन नवाज ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि फाइनल अब खत्म हो चुका है और क्रिकेट तथा मैच आगे भी जारी रहेंगे। हमसे भी गलतियां होती रहेंगी। लेकिन, उन्हें हराने के लिए हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा और बेहतर बनना होगा।' 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर इंटरनेशनल क्रिकेट में आने वाले नवाज ने अपने खेल पर काम करने का तरीका भी बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जमीनी स्तर का क्रिकेट खेलकर अपने खेल को बेहतर कर रहे हैं। नवाज ने कहा, इन मैचों में मिलने वाले गेंदबाज और पिच आपको मुश्किल हालात में बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद करते हैं।



इंटरनेशनल क्रिकेट में आपको बेहतर हालात में बैटिंग करने का मौका मिलता है, तो इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है।' नवाज ने कहा कि वे बहुत आगे के बारे में नहीं सोचते। अब उनका ध्यान घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज में श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखने पर है।उन्होंने कहा, आपके पास एक योजना होती है और आपको उसी पर कायम रहना होता है। उतार-चढ़ाव हमेशा आते रहते हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल

एशियन गेम्स फाइनल में भारत के खिलाफ 96 रन बनाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते हैं कि उन्हें भारत के हर गेंदबाज से नफरत है। वीडियो में जब एंकर उनसे पूछते हैं कि क्या दुनिया में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसे वह मैदान पर आते ही निशाना बनाना चाहते हैं। इस पर वे हर भारतीय गेंदबाज का नाम लेते हैं। जापान में एशियन गेम्स का मेंस क्रिकेट फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया था। भारत ने 19 रन से पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। हसन नवाज का यह बयान एशियन गेम्स के पहले का है। उनका यह पुराना इंटरव्यू अप्रैल 2026 में सामने आया था। भारत और पाकिस्तान के बीच एशियन गेम्स 2026 का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 211 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा 51 रन बनाकर नाबाद रहे। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 192 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए नवाज ने 51 गेंद में 96 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।

वेदराल्ड के सिर में चोट, दिमाग पर असर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर जेक वेदराल्ड के सिर में चोट लगी है। वे शेफील्ड शील्ड ट्रॉफी के पहले मैच में विक्टोरिया के खिलाफ फील्डिंग के दौरान बाउंड्री पर मेटल बोर्ड से टकरा गए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को टक्कर के बाद वेदराल्ड ठीक थे। उन्होंने दिनभर फील्डिंग भी की। लेकिन, रात में सिर की चोट गंभीर हो गई। सुबह मेडिकल टेस्ट के बाद उन्हें मैच से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह मैथ्यू गिल्क्स को कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनाया गया है। हादसा विक्टोरिया की पहली पारी के 24वें ओवर में हुआ। ओली पीक ने कवर में शॉट खेला। वेदराल्ड ने बाउंड्री बचाने के लिए स्लाइड की। वह फिसलते हुए बाउंड्री के आगे निकल गए।

रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शुक्रवार से डरबन में खेला जाएगा। रबाडा पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना सके। वहीं, एनरिक नॉर्त्या 2023 के बाद पहली बार टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। सीरीज का दूसरा टेस्ट गक्बेरहा और तीसरा मुकाबला केप टाउन में खेला जाएगा। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 21 अगस्त को बताया था कि ट्रेनिंग के दौरान रबाडा चोटिल हो गए थे।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **सुएजीत की नजर विश्व पदक पर-** एशियन गेम्स चैंपियन सुजीत कलकल आगामी विश्व चैंपियनशिप से पहले अपने ग्राउंड गेम को मजबूत करने पर ध्यान दे रहे हैं।
- **मीराबाई को लंबे इंतजार बाद पदक-** मीराबाई चानू ने चार एशियाई खेल चक्रों के बाद पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की और इसे अपने करियर की खास उपलब्धि बताया।
- **पोलार्ड-डुप्लेसिस सीएसके में शामिल-** चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े नए खिलाड़ियों में कीरोन पोलार्ड और फाफ डुप्लेसिस शामिल हुए हैं। टीम अगले सत्र की तैयारियां तेज कर रही है।
- **दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज-** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट की सीरीज 9 अक्टूबर से शुरू होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक भी दांव पर रहेंगे।
- **हॉकी लीग के लिए समिति बनी-** हॉकी इंडिया लीग से जुड़े मामलों पर विचार के लिए खेल मंत्रालय ने सात सदस्यीय समिति गठित की है। लीग को मजबूत करने पर चर्चा होगी।
- **भारत की मिश्रित जोड़ी ने रचा इतिहास-** मनुष शाह और दिया चितले डब्ल्यूटीटी ग्रैंड स्मैश के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बन गई।

इनाम में 20 प्रतिशत कमीशन मांग रहे अधिकारी

पैरा शूटर्स बोले- इनकार किया तो एशियन गेम्स के लिए सिलेक्शन नहीं हुआ, जांच की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पैरा एशियन गेम्स के लिए भारतीय दल के सिलेक्शन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। एशिया के नंबर-1 और नंबर नंबर-3 पिस्टल शूटर आकाश और संदीप कुमार ने दावा किया है कि- अधिकारियों ने उनसे कहा कि अगर इवेंट में मेडल आता है और सरकार उस पर इनाम देती है तो 20% रकम कमीशन के दौर पर देनी होगी।

शूटर्स ने बताया कि पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों और शूटिंग टेक्निकल कमेटी के सदस्य कमीशन मांगने वाले लोगों में शामिल हैं। शूटर्स ने क्वॉलिफाइंग स्कोर में हेरफेर और चयन समिति में बदलाव किए जाने के आरोप भी लगाए हैं। खिलाड़ियों ने रअक महानिदेशक से पूरे मामले की जांच की मांग की है। पांचवें पैरा एशियन गेम्स 18 से 14 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होना है। यहीं 20वें एशियन गेम्स भी हुए हैं। शूटर्स ने दावा किया कि भारत को मिले 15 अंतर्राष्ट्रीय कोटा स्थानों में से दो का इस्तेमाल नहीं किया गया। आरोप है कि अगली रैंकिंग के खिलाड़ियों ने कथित वित्तीय मांगें पूरी करने से इनकार किया, इसलिए ये स्थान सरेंडर कर दिए गए। खिलाड़ियों ने वाइल्ड कार्ड और कोटा स्थानों के आवंटन में रैंकिंग और प्रदर्शन के बजाय वित्तीय आधार पर फैसला लेने का भी आरोप लगाया है। पी4 50 मीटर फ्री पिस्टल रल्1 में एशिया रैंकिंग में तीसरे नंबर के संदीप कुमार ने दावा किया किया कि उन्हें और आकाश पीछे छोड़कर एशिया रैंकिंग में 14वें नंबर के रुद्राक्ष खंडेलवाल का चयन किया गया।

खेल मंत्रालय बोला शिकायतों पर गौर होगा, टीम में बदलाव नहीं

खेल मंत्रालय के एक सूत्र के मुताबिक, पैरा-शूटर्स की वास्तविक शिकायतों पर गौर किया जाएगा। हालांकि, पैरा एशियन गेम्स के लिए टीम का चयन अंतिम रूप से हो चुका है और इस स्तर पर इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। खिलाड़ियों ने कहा है कि शिकायतों का समाधान नहीं हुआ तो वे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट का रुख कर सकते हैं और मामले की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर सकते हैं। पैरा-साइक्लिंग में भी चयन को लेकर विवाद सामने आया है। नेशनल फेडरेशन ने एशियन पैरा गेम्स के लिए 7 खिलाड़ियों के नाम भेजे थे, लेकिन खेल मंत्रालय ने सिर्फ अरशद शेख को मंजूरी दी है। बाहर किए गए खिलाड़ी प्रशांत अरकल, पवन कुमार कोम्मोजी, समीर, वासानी बाबूभाई, शश्रुति विनायक नकाडे और लीशा दास गुरुवार को रअक मुख्यालय पर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। रोड साइक्लिस्ट प्रशांत अरकल ने कहा कि वे एशियन पैरा गेम्स की तैयारी के लिए लेह में थे और उन्हें पता ही नहीं चला कि उनके नाम अंतिम सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि क्वालिफिकेशन पूरा करने के लिए खिलाड़ियों ने अपनी जेब से पैसे खर्च किए हैं।

न्यूज कॉलम

प्रशासन ने शुरू की पेयजल संकट से निपटने की तैयारी

धार। धार जिले में इस साल कम बारिश को देखते हुए आगामी समय में पेयजल संकट से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने अधिकारियों की बैठक लेकर जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने, नल-जल योजनाओं की लगातार निगरानी और जरूरत के अनुसार वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या सामने आने से पहले ही संबंधित क्षेत्रों की स्थिति का आकलन कर कार्ययोजना तैयार की जाए।

इंदौर नाका-जेतपुरा रोड की स्ट्रीट लाइट 5 दिन से बंद

धार। धार शहर के इंदौर नाका से जेतपुरा तक नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट पिछले पांच दिनों से पूरी तरह बंद है। रात में प्रमुख मार्ग पर अंधेरा होने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी हो रही है। यह सड़क धार को इंदौर से जोड़ती है और दिन-रात यहां वाहनों की आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। लाइट 5 से 10 दिन चलने के बाद दोबारा बंद हो जाती हैं। कुछ दिन पहले तक लाइट कभी चालू तो कभी बंद हो रही थी, लेकिन अब पूरी तरह बंद हो गई है।

धामनोद में अवैध उत्खनन करते 5 वाहन जब्त

धामनोद। धार जिले के धामनोद क्षेत्र में खनिज विभाग और पुलिस ने अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की है। पलासिया गांव में देर रात चलाए गए अभियान में 5 वाहन जब्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल 2 जेसीबी मशीनें और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मौके पर पकड़ी गईं। इन सभी वाहनों पर खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत के बाद कार्रवाई हुई। जब्त किए गए सभी वाहनों को सुरक्षा के लिए धामनोद थाना परिसर में खड़ा करवाया गया है।

180 सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल



रात में कचरा वाहन निकालने पर विवाद, शहर में जगह-जगह ढेर

झाबुआ। झाबुआ नगर पालिका परिसर में बुधवार रात सफाईकर्मियों और प्रशासन के बीच तीखी बहस हो गई। सफाईकर्मियों ने कचरा वाहन बाहर निकालने का विरोध किया। उनका कहना था कि मांगें पूरी होने तक कोई भी वाहन बाहर नहीं जाएगा। विवाद बढ़ने पर एसडीएम महेश मंडलोई और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। समझाइश के बाद प्रशासन द्वारा गुरुवार तक का समय मांगे जाने पर मामला शांत हुआ। इस दौरान एक महिला सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर अड़ गई। प्रशासन और अन्य कर्मचारियों ने उसे समझाकर शांत कराया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। नगर पालिका के करीब 180 कर्मचारी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पहले ही दिन इसका असर सफाई व्यवस्था पर दिखाई दिया। शहर के सभी 18 वार्डों में घर-घर कचरा उठाने वाले वाहन नहीं पहुंचे। 9 कचरा वाहन और 7 ट्रैक्टरों के खड़े रहने से कई इलाकों में कचरे के ढेर लग गए।

नैनो न्यूज

- **त्योहारी खरीदारी से बाजार चमका-** इंदौर के प्रमुख बाजारों में त्योहारी खरीदारी बढ़ने लगी है। कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान और घरेलू उत्पादों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी।
- **ऑनलाइन सेल से व्यापार बढ़ा-** त्योहारी ऑनलाइन सेल शुरू होने से इंदौर के स्थानीय कारोबारियों ने भी कीमतों और ऑफर में बदलाव कर ग्राहकों को आकर्षित करने की तैयारी की है।
- **मोबाइल दुकानों पर बढ़ी पूछपरख-** नए स्मार्टफोन मॉडल और त्योहारी ऑफरों के कारण मोबाइल बाजार में ग्राहकों की पूछपरख बढ़ी है। व्यापारी नए स्टॉक मंगाने में जुटे हैं।
- **ऑटो डीलरों ने बढ़ाए ऑफर-** त्योहारी सीजन में वाहन बिक्री बढ़ाने के लिए इंदौर के ऑटो डीलरों ने एक्सचेंज, फाइनेंस और आकर्षक उपहार योजनाओं पर जोर देना शुरू किया।
- **फर्नीचर बाजार में मांग बढ़ी-** नए घर और त्योहारी सजावट को लेकर फर्नीचर बाजार में ग्राहकों की रुचि बढ़ी है। सोफा, बेड और मॉड्यूलर फर्नीचर की बिक्री बढ़ी।
- **कपड़ा कारोबारियों को बेहतर उम्मीदें-** त्योहारी सीजन में कपड़ा दुकानों पर ग्राहकी बढ़ी है। साड़ी, सूट, बच्चों के कपड़े और पारंपरिक परिधानों की बिक्री में तेजी आने लगी।
- **बर्तन बाजार में उठाव बढ़ा-** त्योहारी और शादी समारोहों की खरीदारी से बर्तन बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। स्टील और घरेलू उपयोग के सामान की मांग बढ़ी।
- **थोक बाजार में माल पहुंचा-** त्योहारी मांग को देखते हुए थोक कारोबारियों ने दुकानदारों के लिए नया स्टॉक मंगाना शुरू किया है। किराना और घरेलू सामान में उठाव बढ़ा।

शिवराज सरकार में हुई थी भर्ती : 20 साल में 100 करोड़ से ज्यादा वेतन ले चुके, कई अंकसूचियां बोर्ड ने जारी ही नहीं कीं

फर्जी डिग्री पर सरकारी नौकरी पाने वाले 51 शिक्षकों पर होगी एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में फर्जी डी एड-बी एड डिग्री और अंकसूचियों के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वाले 51 शिक्षकों पर एफआईआर होगी। ये शिक्षक करीब 20 साल से सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। इनमें कई प्रमोशन भी पा चुके हैं।

इन शिक्षकों की वर्तमान मासिक सैलरी 50 हजार से 1 लाख रुपए तक है। विभाग नौकरी के दौरान मिले वेतन की गणना कर रहा है। अधिकारियों के अनुमान के मुताबिक, वसूली की राशि करीब 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। मामला सांवेर में 2006-07 की संविदा शाला शिक्षक भर्ती का है, जो शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार के दौरान हुई थी। जांच में 51 शिक्षकों की डिग्री-अंकसूची फर्जी पाई गई है, जबकि 23 अन्य संदिग्ध शिक्षकों की जांच जारी है। लोकायुक्त ने 74 शिक्षकों का रिकॉर्ड मांगा है।

इंदौर डीईओ शौर्य मल्होत्रा के मुताबिक, सांवेर विकासखंड के सरकारी स्कूलों में फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने वाले शिक्षकों की शिकायत 2021 में हुई थी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने नियुक्ति के समय प्रस्तुत डी एड और बी एड की अंकसूचियों का सत्यापन कराया। माध्यमिक शिक्षा मंडल से सत्यापन की जानकारी जून 2022 से अप्रैल 2023 के बीच विभाग को मिली। इसके बाद चार प्राचार्यों की समिति गठित की गई। समिति ने मई 2024 में रिपोर्ट सौंपी।

समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि संविदा शाला शिक्षक परीक्षा में प्रस्तुत कई अंकसूचियां माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी नहीं की थीं। कुछ मामलों में एक ही रोल नंबर पर दूसरे परीक्षार्थी की अंकसूची मिली।

एसटीएफ भोपाल ने भी मामले की जांच की और संबंधित डिग्रियों को फर्जी पाया। जांच के दायरे में उत्कृष्ट उमावि सांवेर, कन्या उमावि सांवेर, उमावि चंद्रावतीगंज, उमावि डकाच्या, उमावि मांगल्या, उमावि धरमपुरी और उमावि अजनोद संकुल शामिल हैं।

सितंबर 2024 में एफआईआर के निर्देश, फिर भी कार्रवाई नहीं

समिति की रिपोर्ट के बाद सितंबर 2024 में संबंधित संकुल प्राचार्यों को शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इस दौरान जांच में जिन शिक्षकों के दस्तावेज संदिग्ध या फर्जी पाए गए, वे सरकारी सेवा में बने रहे और वेतन लेते रहे। तत्कालीन अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कार्रवाई नहीं की गई।

लोकायुक्त ने 74 शिक्षकों का रिकॉर्ड मांगा

लोकायुक्त इस मामले की जांच कर रहा है। उसने 74 शिक्षकों की पहली नियुक्ति से वर्तमान पदस्थापना तक का पूरा रिकॉर्ड शिक्षा विभाग से तलब किया है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि इन शिक्षकों की नियुक्ति किस आधार पर हुई और इतने वर्षों तक इनके दस्तावेजों का सत्यापन क्यों नहीं किया गया।

प्राथमिक-माध्यमिक स्कूलों में पदस्थ

संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले ज्यादातर शिक्षक प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में पदस्थ हैं। कुछ शिक्षक अकादमिक कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। जानकारी के अनुसार इनमें किशोर सोलंकी, रेखा चौहान, संदीप मकवाना, वंदना वर्मा, पवन पटेल, महेश परमार, श्याम मेवाड़ा और नवीन पिपलौदिया समेत अन्य शिक्षक शामिल हैं।

51 के पास डी एड और 20 शिक्षकों के पास बी एड

- जांच में सामने आया है कि 51 शिक्षकों के पास डी एड की डिग्री है। इनमें करीब 20 शिक्षकों ने बी एड भी किया है। दस्तावेजों में डिग्रियां माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र की बताई गई हैं। कुछ शिक्षकों ने जिला शिक्षण इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन उज्जैन, देवास और इंदौर के सेंटरों से डिग्री बनवाने का दावा किया है।
- जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा ने संकुल प्राचार्यों और बीईओ को 51 शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग प्रत्येक शिक्षक की सेवा अवधि और इस दौरान मिले वेतन की गणना कर रहा है।
- इसी आधार पर नौकरी के दौरान मिले वेतन की वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल अधिकारियों के अनुमान के अनुसार यह राशि करीब 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है।

सफाई व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे महापौर भार्गव

वाल्मीकि बस्तियों में गए, सफाई मित्रों से मिले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर को साफ रखने की जिम्मेदारी संभालने वाले सफाई मित्र गुरुवार सुबह अपने-अपने काम पर निकले। महापौर पुष्यमित्र भार्गव पलासिया की वाल्मीकि बस्ती पहुंचे और सफाई मित्रों से मुलाकात की। पिछले कुछ दिनों से सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। महापौर ने उनकी मांगों को उचित स्थान पर रखने की बात कही।

सफाई मित्र रोज की तरह सुबह अपने घरों से निकलकर फील्ड पर पहुंचे। महापौर ने उनसे बातचीत कर उनके काम और दिनचर्या की जानकारी ली। भार्गव ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता की पहचान केवल नगर निगम की व्यवस्था से नहीं, बल्कि सफाई मित्रों की मेहनत, निष्ठा और अनुशासन से बनी है। महापौर ने कहा कि जब शहर के अधिकांश लोग अपने दिन की शुरूआत कर रहे होते हैं, उससे पहले ही सफाई मित्र सड़कों और सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी संभाल लेते हैं। उनकी निरंतर मेहनत इंदौर को देशभर में स्वच्छता के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाती है।

पूरा इंदौर आपके साथ

महापौर ने सफाई मित्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना काम करते रहें। पूरा इंदौर उनके साथ खड़ा है। नगर निगम सफाई मित्रों के सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए लगातार काम करता रहेगा। महापौर शहर की कई वाल्मीकि बस्तियों में गए और कर्मचारियों से बातचीत की। महापौर ने कहा कि इंदौर के सफाई मित्रों की ताकत से इंदौर लगातार नंबर वन रहता है। कुछ मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की गई थी। उनकी उचित मांगें पूरी हों, यह हमारी जिम्मेदारी भी है।

टंट्या भील चौराहे पर युवाओं का धरना चौथे दिन भी जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर युवाओं का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। तेज धूप से बचने के लिए प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने धरना स्थल पर टेंट लगाया था।

हालांकि, पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और टेंट को हटा दिया। टेंट हटाए जाने के दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवा पुलिसकर्मियों से टेंट नहीं हटाने की अपील करते और उनके पैर पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं। युवाओं का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। ऐसे में तेज धूप से बचने के लिए लगाया गया टेंट हटाने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। धरने पर बैठे युवा एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि रक्फको लेकर देशभर में सवाल उठ रहे हैं और इस मुद्दे पर जवाबदेही तय की जानी चाहिए। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग सरकार और चुनाव आयोग तक पहुंचाना चाहते हैं। उनका कहना है कि युवा अपने अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर जागरूक हैं।

मुंबई की युवती से शादी का झांसा देकर रेप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का वादा कर मुंबई की 25 वर्षीय युवती को इंदौर बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने होटल में युवती से संबंध बनाए। बाद में शादी से मुकरकर बातचीत बंद कर दी और उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। युवती की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने गुरुवार को नयन सिंह चंदेल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, करीब 6 महीने पहले पीड़िता की इंस्टाग्राम के जरिए नयन सिंह चंदेल से दोस्ती हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों ने मोबाइल नंबर भी एक्सचेंज किए। आरोप है कि नयन ने शादी का भरोसा देकर 22 अगस्त को युवती को इंदौर बुलाया। वह उसे एम्ब्रोसिया होटल ले गया, जहां शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। सितंबर में नयन पीड़िता से मिलने मुंबई भी गया और शादी को लेकर बातचीत की। इसके बाद वह इंदौर लौट आया। आरोप है कि पिछले 15 दिनों से उसने युवती से संपर्क बंद कर उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया।

ओडिशा ट्रिप पर गया इंदौर का युवक लापता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र का 27 वर्षीय गणेश 5 सितंबर को दोस्तों के साथ बस से ओडिशा ट्रिप पर गया था। 14 सितंबर तक उसे इंदौर लौटना था, लेकिन वह वापस नहीं आया।

एक महीने बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों का आरोप है कि दोस्तों ने विवाद के बाद 8 सितंबर को गणेश को नागपुर जाने वाली ट्रेन में बैठाने की बात कही थी, लेकिन रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में वह ट्रेन में चढ़ता नहीं दिखा। बुधवार को परिजन पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मिलने पहुंचे।

गणेश की मां लालूबाई ने 13 सितंबर को लसूड़िया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों के अनुसार, गणेश के साथ गए दोस्त भूपेंद्र और अन्य साथियों ने बताया कि 7 सितंबर की रात गणेश ने शराब पीकर विवाद किया था।

इसके बाद 8 सितंबर की सुबह उसे नागपुर की ट्रेन में बैठा दिया गया था। परिजनों ने रेलवे स्टेशन का सीसीटीवी देखा तो गणेश ट्रेन में चढ़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। जिस होटल में विवाद होने की बात कही गई थी, उसके संचालक ने भी झगड़ा होने से इनकार किया है।

परिजनों का कहना है कि लसूड़िया थाने में मदद मांगने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें खुद ओडिशा जाकर गणेश को तलाशने की सलाह दी। इसके बाद परिवार ओडिशा पहुंचा और मंदिरों व आसपास के इलाकों में गणेश की फोटो दिखाकर पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

भतीजे के साथ मिलकर छात्र को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर इलाके में बुधवार रात छात्र से मकान मालिक और उसके परिजनों ने मारपीट कर दी। छात्र दोस्तों के साथ कमरे में हंसी-मजाक कर रहा था। आवाज सुनकर मकान मालिक की पत्नी नीचे आईं और बहस करने लगीं। उन्होंने छात्रों पर सामान तोड़ने का आरोप भी लगाया। इसके बाद मकान मालिक के भतीजे ने गुस्से में छात्र से मारपीट शुरू कर दी। विजय नगर पुलिस के मुताबिक, खातेगांव निवासी दिशांत स्कीम नंबर 74 में रवि वर्मा के मकान में किराए से रहता है। विवाद के दौरान मकान मालिक रवि वर्मा और उसके भतीजों ने दिशांत के साथ मारपीट की। घटना का रात करीब 1 बजे वीडियो भी सामने आया है। विवाद के बाद छात्र अपने परिजनों और दोस्तों के साथ पुलिस को सूचना देकर थाने पहुंचा। वहीं, मकान मालिक रवि भी अपनी पत्नी और अन्य लोगों के साथ थाने पहुंच गया।

तोतों के पेड़ों के लिए मेट्रो स्टेशन बदलने की कवायद

तीन विकल्प बताए, हर जगह अलग चुनौती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव



रानी सराय क्षेत्र के पुराने पेड़ों पर बसे तोतों और अन्य पक्षियों के आवास को बचाने के लिए प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को दूसरी जगह शिफ्ट करने का मामला अब प्रोजेक्ट लागत और समयसीमा से जुड़ गया है। बुधवार को हाईकोर्ट में मेट्रो कंपनी ने स्टेशन के लिए तीन वैकल्पिक स्थानों का जवाब पेश किया। कंपनी के अनुसार रीगल टॉकीज, प्रीतमलाल दुआ सभागृह और गांधी हॉल में स्टेशन शिफ्ट करना व्यावहारिक नहीं है।

मेट्रो कंपनी के अनुसार रीगल टॉकीज क्षेत्र में स्टेशन बनाने के लिए मिल्की-वे परिसर के साथ करीब 5 हजार वर्गमीटर निजी जमीन की जरूरत होगी। इसके अलावा होटल, सरकारी आवास और जजों के बंगलों को हटाने की स्थिति बन सकती है। कंपनी के मुताबिक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में ही करीब दो साल लग सकते हैं। वहीं रीगल टॉकीज की जमीन के स्वामित्व को लेकर हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण इस विकल्प से परियोजना तीन से चार साल तक प्रभावित हो सकती है। यहां स्टेशन बनाने पर करीब 100 से 150 पेड़ प्रभावित होने का अनुमान भी बताया गया है। दूसरे विकल्प के तौर पर प्रीतमलाल दुआ सभागृह क्षेत्र का उल्लेख किया गया है। मेट्रो के अनुसार यहां स्टेशन निर्माण के लिए सभागृह के अलावा महावीर स्तंभ, सिंगापुर मार्केट और अहिल्या पुस्तकालय भी प्रभावित हो सकते हैं। निर्माण के दौरान हाई कोर्ट के सामने स्थित बगीचे पर भी असर पड़ने की बात कही गई है। इसके चलते हाई कोर्ट के मेन गेट नंबर 1 और 2 को बंद रखने की स्थिति बन सकती है। करीब तीन साल के निर्माण कार्य के दौरान शोर का असर हाईकोर्ट के कामकाज पर पड़ने की आशंका भी मेट्रो ने जताई है। इसके अलावा एमजी रोड के करीब 10 से 12 मीटर हिस्से को निर्माण अवधि में बंद रखने की जरूरत पड़ सकती है। कंपनी के अनुमान के मुताबिक इस विकल्प में 250 से 300 पेड़ प्रभावित हो सकते हैं।

गांधी हॉल में रूट बदलना तकनीकी चुनौती

तीसरे विकल्प के रूप में गांधी हॉल परिसर पर विचार किया गया। मेट्रो कंपनी का कहना है कि यहां स्टेशन बनाने के लिए स्वीकृत रूट में बदलाव करना पड़ेगा, जो तकनीकी रूप से कठिन है। इस विकल्प में गांधी हॉल और अग्निशमन विभाग की कुछ संरचनाएं प्रभावित होने की बात कही गई है। गांधी हॉल ऐतिहासिक इमारत होने के कारण इसमें बदलाव या संरचना हटाने पर विरोध की आशंका भी कंपनी ने जताई। यहां करीब 150 से 200 पेड़ प्रभावित होने का अनुमान है। मेट्रो के अनुसार इन पुराने पेड़ों पर भी तोतों और अन्य पक्षियों का बसेरा है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com